सुप्रभात
रांची, बुधवार
19.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 09

12 'प्रोजेक्ट के' में दीपिका पादुकोण का नया लुक रिलीज

SURJABASHA

न्यूज डायरी

वित्त विभाग ने बजट प्रस्ताव पर 21 तक मांगा सुझाव

रांची। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह झारखंड ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी 2023-24 के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मांगा है। विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और 31 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। सारे प्रस्ताव 20 व 21 तक देने को कहा गया है।

विष्णु अग्रवाल को समन, 26 को पूछताछ

रांची। न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को इडी ने मंगलवार को फिर से समन जारी किया है। इडी ने विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय बुलाया है।

एनआरआइ महिला के पास गोली बरामद

रांची। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक एनआरआई महिला यात्री के पास से गोली मिली है। सीआइएसएफ ने इसकी जानकारी एयरपोर्ट थाना को दी है। महिला से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया।

भाजपा सांसद बृजभूषण को अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली। भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह जानीमानी महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत पर दर्ज मामलों में मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी। अगली सुनवाई 20 को होगी।

राहुल की याचिका पर 21 को होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 'मोदी सरनेम' की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि का दोषी ठहराये जाने के खिलाफ दायर उनकी विशेष अनुमति याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा।

प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या

लातेहार। बारियातू थाना क्षेत्र के दाढ़ा गांव में मंगलवार को युवक छोटू कुमार यादव (20) की प्रेम प्रसंग में पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। मृतक युवक छोटू यादव मनिका थाना क्षेत्र के अलबेलवा गांव का रहने वाला था। सूचना मिलने के बाद पुलिस बल ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। दरअसल, मनिका थाना क्षेत्र के अलबेलवा निवासी छोटू का प्रेम प्रसंग बरियातू थाना क्षेत्र के दाड़ा गांव निवासी एक युवती से चल रहा था। बीती रात युवक लड़की से मिलने उसके गांव गया था। ग्रामीणों ने उसे बांध कर रखा और बाद में मारपीट की। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

सोनिया-राहुल गांधी के विमान की आपात लैंडिंग

नयी दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लेकर जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में खराब मौसम के चलते यह इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। वे बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में भाग ले कर से दिल्ली लौट रहे थे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल दोनों नेता भोपाल एयरपोर्ट के पर मौसम ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अब वे सामान्य इंडिगो की फ्लाइट से रात 9 :30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 56,900 रु./10 ग्राम
चांदी : 78,000 रु./प्रति किलो

विपक्ष की एक ही पहचान हमें गाली देना, बैठक में बोले मोदी

समय की कसौटी पर खरा उतरा है और उतरेगा एनडीए

एजेंसी

नयी दिल्ली। एनडीए की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाना है। राजनीति में प्रतिस्पर्धा हो सकती है लेकिन शत्रुता नहीं होती लेकिन आज विपक्ष ने अपनी एक ही पहचान बना ली है, हमें गाली देना, हमें नीचा दिखाना। बावजूद इसके हमने देश को दलों के हित से ऊपर रखा है। यह एनडीए की सरकार ही है जिसने प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न दिया। मुलायम सिंह यादव, शरद पवार, गुलाम नबी आजाद जैसे अनेक नेताओं को पद्म सम्मान दिया। लोगों का विश्वास अब भी एनडीए के साथ है। पीएम ने कहा कि एनडीए का मतलब एन-न्यू इंडिया, डी- विकसित राष्ट्र, ए- लोगों की आकांक्षा। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचितों को इस पर भरोसा है। पीएम ने कहा कि समय की कसौटी पर एनडीए खरा उतरा है और आगे भी उतरेगा। होटल अशोका में आयोजित एनडीए की बैठक में 38 दलों के नेता मौजूद थे।

d journey of furthering national pr… s and fulfilling regional aspirati

हमारी नीयत साफ, नीति स्पष्ट है

मोदी ने कहा कि हम केवल आज की जरूरतों के लिए काम नहीं कर रहे हैं, हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी सुरक्षित बना रहे हैं...हम विकास भी कर रहे हैं और विरासत को भी सहेज रहे हैं, हम मेक इन इंडिया पर भी बल दे रहे हैं और पर्यावरण की रक्षा भी कर रहे हैं, हमारी नीयत साफ है, नीति स्पष्ट है और निर्णय ठोस है। समय की कसौटी पर एनडीए खरा उतरा है।

मजबूरी का गठबंधन देश हित में नहीं : पीएम मोदी ने कहा कि जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता है, जब गठबंधन भ्रष्टाचार के इरादे से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया जाता है तो वह गठबंधन देश को बहुत नुकसान पहुंचाता है। (शेष पेज 11 पर)

एकजुट 26 दलों के गठबंधन का नया नाम इंडिया

एकजुट होकर एनडीए को चुनौती देने का संकल्प जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली/बेंगलुरु। कांग्रेस समेत देश के 26 विपक्षी दलों ने एनडीए को अगले साल होने वाले आम चुनाव में मिलकर चुनौती देने के लिए मंगलवार को यहां इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस) के गठन की घोषणा की। नये बने गठबंधन इंडिया ने भाजपा को सत्ता से बाहर करने का सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही कहा कि विपक्ष के सभी दल भाजपा की विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ एकजुट हैं। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल, मल्लिकार्जुन खड़गे, हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी, शरद पवार, नीतीश कुमार, लालू प्रसाद, अरविंद केजरीवाल समेत अनेक नेता मौजूद थे।

भाजपा को उखाड़ फेकेंगे : विपक्षी दलों ने भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हुई कहा, हम, भारत के 26 प्रगतिशील दलों के हस्ताक्षरित नेता, संविधान में निहित भारत के विचार की रक्षा के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हैं। हमारे गणतंत्र के चरित्र पर भाजपा द्वारा व्यवस्थित तरीके से गंभीर हमला किया जा रहा है। हम अपने देश के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। भारतीय संविधान के मूलभूत स्तंभों- धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, आर्थिक संप्रभुता, सामाजिक न्याय और संघवाद-को व्यवस्थित रूप से और खतरनाक रूप से कमजोर किया जा रहा है। सकल्प पत्र में कहा गया है, हम मणिपुर को तबाह करने वाली मानवीय त्रासदी पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

शासन के सार और शैली को बदलने का वादा

विपक्षी दलों ने कहा, हम शासन के सार और शैली दोनों को बदलने का वादा करते हैं जो अधिक परामर्शात्मक, लोकतांत्रिक और सहभागी होगा। हम अपने साथी भारतीयों को निशाना बनाने, प्रताड़ित करने और दबाने के लिए भाजपा की प्रणालीगत साजिश से लड़ने का संकल्प लेते हैं। नफरत के उनके जहरीले अभियान ने सत्तारूढ़ दल और उसकी विभाजनकारी विचारधारा का विरोध करने वाले सभी लोगों के खिलाफ द्वेषपूर्ण हिंसा को जन्म दिया है। भारतीय इतिहास का पुनर्निमाण और पुनर्लेखन कर सार्वजनिक विमर्श को दूषित करने के भाजपा के बार-बार प्रयास सामाजिक सद्भाव का अपमान है। हम राष्ट्र के सामने एक वैकल्पिक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक एजेंडा पेश करने का संकल्प लेते हैं। जय हिंद...।

आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने की तैयारी में जुटे डीजीपी अजय सिंह

आज सभी जिलों के एसपी की बुलायी बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ झारखंड पुलिस ने नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के पुलिस प्रमुख अजय कुमार सिंह ने बुधवार को सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। पुलिस मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में राज्य के सभी पुलिस विंग के प्रमुख, सभी एडीजी, सभी जिलों के एसपी, सभी रेंज आइजी, डीआइजी शामिल होंगे। डीजीपी पुलिस मुख्यालय में सभी से आमने-सामने बैठकर बातें करेंगे। संगठित आपराधिक गिरोह लगातार झारखंड में सिर उठा रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

डीएसपी पर फायरिग मामले में तीन गिरफ्तार

- ☐ **इलाका सील, किसी को नहीं छोड़ेंगे : डीजीपी**

रांची/पतरातू। एटीएस डीएसपी और दारोगा को गोली मारकर जख्मी करने के मामले में सोमवार की रात एटीएस, रामगढ़ पुलिस, सीआइडी टीम एक्टिव हो गयी। डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय व उनकी टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया। पुलिस ने अमन साहू गिरोह के तीन अपराधी को डिटेन कर लिया है। जिनमें चंदन साव, वारिश अंसारी और सोनू कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक रिवॉल्वर, एक देसी पिस्टल, सात जिंदा कारतूस, मोबाइल व दो बाइक जब्त किया है। वहीं दूसरी तरफ सीआईडी की टीम घटनास्थल डाडीडीह पटेल चौक स्थित साहिटांड़ के आसपास के होटल संचालक समेत ग्रामीणों से पूछताछ भी की। सीआईडी डीएसपी जीबीएन चौधरी के नेतृत्व में टीम घटनास्थल पहुंच सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जेल में बंद अपराधी अमन साहू गैंग के अपराधियों ने सोमवार रात 8.30 बजे एटीएस व रामगढ़ पुलिस की टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

'सहारा रिफंड पोर्टल' लॉन्च कर अमित शाह ने कहा

चार करोड़ निवेशकों को वापस मिलेगा पैसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सहारा इंडिया में निवेश कर के फंसे लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। निवेशकों के पैसे लौटाने के लिए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'सहारा रिफंड पोर्टल' लॉन्च किया। मौके पर श्री शाह ने कहा कि सहारा के निवेशकों को पैसा वापस मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सहारा ग्रुप को-ऑपरेटिव सोसाइटी में निवेश करने वाले चार करोड़ लोगों को उनकी राशि लौटायी जायेगी। पोर्टल की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले छोटे निवेशकों को उनकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा लौटाया जायेगा। सबसे पहले सहारा में 10 हजार रुपये निवेश करने वाले करीब एक करोड़ सात लाख निर्बंधित लोगों को निवेश की राशि लौटायी जायेगी।

यह राशि 45 दिनों के अंदर उनके बैंक खातों में जमा कर दी जायेगी। सहारा को-ऑपरेटिव सोसाइटी में कुल चार करोड़ निवेशकों ने अपनी पूंजी लगायी थी। (शेष पेज 11 पर)

क्या होगी प्रक्रिया

निवेश करने वाले लोगों को सबसे पहले सरकार के द्वारा लॉन्च साइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। जहां से इनके मोबाइल नंबर पर एक मैसेज भेजा जायेगा। इसके बाद उनके दावे को सहारा सोसाइटी 30 दिनों के अंदर वेरिफाई करेगा। इसके बाद सरकारी अधिकारी इसपर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करेंगे। निवेशक का दावा अप्रूव होने पर राशि सीधे आधार नंबर से जुड़े एकाउंट में भेज दी जायेगी।

दनुआ घाटी में भीषण हादसा, तीन की मौत

पांच लोग जख्मी, सभी बरियातू रांची के निवासी

- ☐ **ट्रक की टक्कर से 50 फीट खाई में गिरी स्कॉर्पियो**

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के दनुआ घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं। बताया जाता है कि एक ट्रक ने पीछे से स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी, जिससे स्कॉर्पियो 50 फीट नीचे खाई में जा गिरी। स्कॉर्पियो पर कुल आठ लोग सवार थे। खाई में गिरने के बाद स्कॉर्पियो पर सवार तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सभी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के निवासी थे।



मृतकों की पहचान योगेश प्रताप (45), नरेश सिंह (75) और संजीव कुमार (50) के रूप में हुई है। वहीं नीरज (45), चालक मो फुरकान (42), ऋषभ (17), संतोष शुक्ला (48) और परमानंद पांडेय (48) घायल हो गये हैं। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गयी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

पुलिस ने फौरन स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण भिजवाया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की भी स्थिति गंभीर है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

घायलों ने बताया कि सभी रांची बरियातू के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि हमलोग अस्थियां विसर्जन के लिए वाराणसी जा रहे थे। इसी क्रम में दनुआ घाटी में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे स्कॉर्पियो असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। पुलिस मामले में जांच में जुट गयी है।

यूसीसी पर राज्यपाल ने की आदिवासी समाज की तरफदारी, कहा

जबतक खुद तैयार नहीं होते, हस्तक्षेप न हो

एजेंसी

रांची। इन दिनों समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर राष्ट्रव्यापी बहस छिड़ी हुई है। मुस्लिम समाज के साथ-साथ आदिवासी समाज भी इसको आशंकाओं की नजर से देख रहा है। कई आदिवासी संगठनों ने बैठक कर यूसीसी के खिलाफ अपनी मंशा जाहिर की है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण का एक अंग्रेजी मीडिया को दिया गया इंटरव्यू आदिवासी समाज को सुकून दे सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में इस मसले पर अपनी व्यक्तिगत मंशा जाहिर की है।

उनका मानना है कि आदिवासियों को पारंपरिक तरीके से जीवन यापन करने देना चाहिए। जबतक वे खुद तैयार नहीं होते, तबतक यूसीसी से नहीं जोड़ना चाहिए। क्योंकि आदिवासियों का रहन सहन और माहौल गैर आदिवासी समाज से अलग होता है। राज्यपाल के अनुसार आदिवासी समाज बहुत पिछड़ा हुआ है। सरकारी नौकरी में भी उनकी भागीदारी बहुत कम है।

मंझगांव से पूर्व विधायक रहे देवेंद्र नाथ चंपिया ने कहा कि वह राज्यपाल के बयान का समर्थन करते हैं। उन्होंने बिल्कुल सही बात कही है। रूढ़ी प्रथा के साथ आदिवासी समाज बिना अपराधिक घटनाओं के संचालित होता है। कानून बनता है सुशासन और शांति व्यवस्था के लिए, फिर इस समाज को इसकी क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पांचवी अनुसूची लागू है। यहां कॉमन लॉ लागू नहीं हो सकता। इसी वजह से हिन्दू मैरेज एक्ट में आदिवासियों को शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि आदिवासी समाज एक पुरानी परंपरा पर चलता है। जहां तक आर्टिकल 44 की बात है तो यह डायरेक्टिव प्रिंसिपल ऑफ स्टेट पॉलिसी में आता है। अगर राज्य सरकार चाहे तो इसे लागू कर सकती है और चाहे तो नहीं भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि शिड्यूल एरिया के कस्टोडियन गवर्नर होते हैं, अगर राज्य सरकार यूसीसी लाना भी चाहती है तो जब तक ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल सुनिश्चित नहीं करता कि इससे आदिवासी हित प्रभावित नहीं होगा, तबतक राज्यपाल भी अपनी सहमति नहीं दे सकते। (शेष पेज 11 पर)

भूमि रिकॉर्ड सुधार में बेहतर काम को लेकर झारखंड का बढ़ा मान

राष्ट्रपति ने नौ जिलों के डीसी को किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

नयी दिल्ली, रांची। भूमि संबंधी राइट ऑफ रिकॉर्ड का बेहतर ढंग से डिजिटलाइजेशन करने में झारखंड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए संचालित अभियान और भूमि के कंप्यूटराइज्ड रिकार्ड सहित भूमि संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए झारखंड के नौ जिलों के डीसी को राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने सम्मानित किया।

सम्मान समारोह भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार ने आयोजित किया था। राष्ट्रपति के हाथों झारखंड के जिन 9 जिलों के डीसी और अफसरों को सम्मानित किया गया, उनमें खूंटी, दुमका, गिरिडीह, चतरा, गुमला, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा शामिल है। (शेष पेज 11 पर)

खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन को सम्मान

खूंटी जिले को भूमि सम्मान 2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन को यह सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार और जिला भू अर्जन पदाधिकारी जितेन्द्र मुंडा भी मौजूद थे। कंप्यूटराइजेशन ऑफ लैंड रिकॉर्ड्स, डिजिटलाइजेशन ऑफ कैडेस्ट्रेल मैप्स, लिंकेज ऑफ लैंड रिकॉर्ड कैडेस्ट्रेल मैप ऑफ रजिस्ट्रेशन, इंटीग्रेशन ऑफ रजिस्ट्रेशन विद लैंड रिकॉर्ड, रेवेन्यू ऑफिस और मॉडल रिकॉर्ड रूम, इन छह घटकों में कार्य पूर्ण करने पर खूंटी भूमि सम्मान प्लेटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।

रांची-हावड़ा वंदे भारत का टाइम टेबल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत कुछ दिन पहले की गयी है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारणी और रूट भी तय हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जायेगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होने वाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था।

रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जायेंगी। वहीं, हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी।

विधानसभा के मानसून सत्र में भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर हंगामे के आसार

28 जुलाई से शुरू होगा झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र, भाजपा ने कम कार्यदिवस पर सरकार को लिया आड़े हाथों

उदय चौहान

रांची। झारखंड का विधानसभा मानसून सत्र भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर हंगामेदार होगा। भाजपा ने 28 जुलाई से 4 अगस्त कर चलने वाले मॉनसून सत्र के लिए विशेष रणनीति बनायी है। हांलाकि, भाजपा ने कम कार्य दिवस को लेकर भी सरकार को आड़े हाथों लिया है। पार्टी विधायकों का कहना है कि सिर्फ चार कार्यदिवस में 82 विधायकों के सवालों को कैसे शामिल किया जा सकता है। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी को मान्यता नहीं मिलने से भी असंतुष्ट है। सूत्रों के अनुसार मॉनसून सत्र भी बगैर नेता प्रतिपक्ष के ही संपन्न हो सकता है।

पहली बार बिना विधायक बने मंत्री के रूप में बेबी देवी लेंगी सत्र में भाग

हालांकि, भाजपा के अंदरखाने में बाबूलाल मरांडी के स्थान पर किसी वरिष्ठ नेता को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता देने के लिये स्पीकर को अनुशंसा करने की कवायद की जा सकती है। दरअसल, श्री मरांडी के भाजपा विधायक दल के नेता होने के बावजूद उन्हें चार साल से स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी है। इसके पीछे स्पीकर कोर्ट में श्री मरांडी के खिलाफ चल रहे दलबदल के मामले को बताया गया है। अब, श्री मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद झारखंड की राजनीति में बदलाव के आसार दिख रहे हैं। फिर भी, नेता प्रतिपक्ष को लेकर अभी तक संशय कायम है। कहा जा रहा है कि क्या पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जायेगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार भाजपा अब नेता प्रतिपक्ष के लिये श्री मरांडी के स्थान पर किसी अन्य की अनुशंसा कर सकती है। इससे सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच व्याप्त गतिरोध भी कम हो सकता है। इसके अलावा सूचना आयोग, महिला आयोग, लोकायुक्त की बहाली भी संभव हो सकेगा। भाजपा में नेता प्रतिपक्ष को लेकर नये सिरे से चर्चा भी शुरू हो गयी है। इसके लिये आधा दर्जन से अधिक नामों पर विचार किया जा रहा है। इन नामों में सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, अनंत ओझा, मनीष जायसवाल मुख्य हैं।

स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने मानसून सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिये तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने मीडिया से कहा है कि यह मॉनसून सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। उन्होंने पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से सदन के संचालन में अपेक्षित सहयोग मांगा है। इस बार सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी बतौर उत्पाद मंत्री मॉनसून सत्र में हिस्सा लेंगी। राज्य सरकार चार दिवसीय मानसून सत्र में अपना हर बिजनेस पूरा करने की कोशिश करेगी। वहीं, प्रतिपक्ष राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर उसे घेरने का प्रयास करेगा।

मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही राज्य सरकार : प्रदीप सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके अधिकारियों को मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे मरीजों को भी झारखंड सरकार की चरमराई व्यवस्था के कारण दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने में आयुष्मान भारत पूर्ण रूप से उनके माली हालत पर किसी तरह का भार ना पड़े, ऐसी सोच के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत को राज्य सरकार अपने निजी फायदे के कारण रिम्स में टेंडर के नाम पर मरीजों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस ओर ध्यान देने के बजाये टेंडर जैसे मामलों में मरीजों को उलझा कर परेशान कर रहे हैं। झारखंड में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से चरमराई और निकम्मी साबित हो रही है। यहां पर सिर्फ बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, पर धरातल पर कुछ और ही नजर आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सभी को स्वास्थ्य लाभ के लिए 5 लाख तक देकर मरीजों को जीने की नई राह दिखाई है लेकिन, झारखंड सरकार इस ओर भी पूर्ण रूप से उदासीन नजर आ रही है। उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपने निजी स्वार्थ और लाभ के कारण आयुष्मान टेंडर जैसे गंभीर मामलों को भी ताक में रखकर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर बिचौलियों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है।

राज्य के 1.20 करोड़ लोगों को डीइसी और एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य

फाइलेरिया की रोकथाम को लेकर 10-25 अगस्त तक चलेगा अभियान

गर्भवती महिला, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों तथा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जायेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए 10 से 25 अगस्त तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज एवं अन्य पदाधिकारी तथा परामर्शी भी शामिल हुए।

इस दौरान अभियान निदेशक के स्तर से राज्य में अगस्त माह में चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी नीति आयोग के साथ साझा की गयी। मालूम हो कि राज्य भर में अगस्त माह के दूसरे और तीसरे सप्ताह में (10-25 अगस्त) मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत राज्य के एक करोड़ 20 लाख लोगों को डीइसी (डाई एथाइल कार्बामेजिन साइट्रेट) और एल्बेंडाजोल की गोली खिलाए जाने का लक्ष्य है। गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों तथा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। एक-दो साल के कम आयु वर्ग वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली चूर्ण बनाकर कर दी जाएगी।

11891 गांवों के स्कूलों, आंगनबाड़ी और बूथों में मिलेगी दवा

अभियान को सफल बनाने को राज्य के 9 जिले (चतरा, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम) के अंतर्गत 68 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1481 स्वास्थ्य उप केंद्र एवं 11891 गांवों के स्कूलों, आंगनवाड़ी एवं अन्य बूथों में दवा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही घर-घर जा कर लाभुकों को दवा खिलाये जाने का टारगेट है। अभियान के संबंध में सभी संबंधित जिलों के डीसी को आलोक त्रिवेदी के स्तर से मार्गदर्शिका भेजी जा चुकी है।

जिलों में ऐसे होंगे कार्यक्रम

कार्यक्रम का उद्घाटन विभिन्न स्तरों एवं प्रत्येक बूथ पर होगा। इस दौरान उच्च पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमाण्य व्यक्तियों द्वारा दवा सेवन कराना अनुकरणीय होगा। जिला एवं प्रखंण्डस्तरीय बूथ पर कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद लिम्फोडेमा से प्रभावित मरीजों को एमएमडीपी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। घर-घर दवा सेवन कराने के दौरान जनसमुदाय को हेंडबिल के माध्यम से जागरूक किया जायेगा। जन समुदाय को कार्यक्रम की जानकारी के लिए माइकिंग एवं अन्य आइईसी कार्यक्रम सुनिश्चित किए जाएंगे।

राशि आवंटन के लिए पंचायती राज विभाग ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव

रांची। पंचायती राज विभाग ने 15वें वित्त आयोग के पहली किस्त के लिए 650 करोड़ की अनुदान राशि प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेज दिया है। झारखंड सरकार के अधिकारियों का कहना है कि सारी अर्हताएं पूरी करने के बाद ही यह प्रस्ताव भेजा गया है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही इस पर भारत सरकार की स्वीकृति मिल जाये। झारखंड को 15वें वित्त आयोग से इस साल 1309 करोड़ रुपये प्राप्त होने हैं। पंचायती राज विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव पहले भेजा था, लेकिन पूर्व की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि नहीं होने की वजह से आवंटन लटका हुआ था। अब विभाग ने नये सिरे से प्रस्ताव तैयार करते हुए इसे स्वीकृति के लिए भेजा है। बता दें कि 15वें वित्त आयोग से झारखंड से त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के लिए राशि आवंटित की जानी है। इस वित्तीय वर्ष के करीब साढ़े तीन माह बीत गये हैं, लेकिन अभी तक राशि नहीं मिलने से विकास प्रभावित है।

खबर एक नजर में

विपक्ष के डर से भाजपा को एनडीए याद आयी

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने एनडीए की बैठक पर तंज करते हुए कहा कि विपक्षी एकता से डर कर भाजपा को एनडीए की याद आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राज्यसभा में यह भाषण दिया था कि मैं सभी विपक्षियों पर एक अकेला भारी हूं तो आज विपक्षियों को एनडीए में जोड़ने का काम क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए खेमे में वैसी पार्टियां सम्मिलित है जिनका वजूद किसी राज्य में नहीं है।

मनी लांड्रिंग : मनोज पुनमिया पर फैसला सुरक्षित

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की इडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी क्रिमिनल रिवीजन मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। मनोज पुनमिया की ओर से ईडी की विशेष अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

इंटर में नामांकन नहीं होने से परेशान हैं विद्यार्थी

रांची। राज्य के सरकारी +2 विद्यालयों में 11वीं में नामांकन बंद कर दिया गया है। अपने ही विद्यालय में पढ़ने वाले मैट्रिक पास छात्रों को इस बार 11वीं में नामांकन नहीं हो पा रहा है। एक तरफ सरकार द्वारा नामांकन से कोई वंचित नहीं हो, इसके लिए विद्यालय के माध्यम से गांव-गांव, शहर-शहर अभियान चलाया जाता है। दूसरी तरफ विद्यालय द्वारा विद्यालय में संसाधन की कमी का बहाना बनाकर छात्रों को नामांकन से वंचित कर दिया जा रहा है। प्लस-टू विद्यालयों में शिक्षक तो हैं लेकिन नामांकन अधिक होने पर उनके बैठने के लिए बेंच डेस्क, कमरे की उपलब्धता उतनी नहीं है जिससे छात्र सही ढंग से अध्ययन कर सकें। उदाहरण के तौर पर रांची जिले के रातू ब्लॉक में इकलौता +2 विद्यालय होने के कारण अधिकतर छात्रों को नामांकन नहीं हो पा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा नामांकन बंद की सूचना जारी करने के कारण खासकर मैट्रिक पास लड़कियों में उपापोह की स्थिति है। घर के अभिभावक सुरक्षा की दृष्टि से अपनी लड़कियों को दूर स्थित महाविद्यालय में नहीं भेजना चाहते। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विभाग के शिक्षा सचिव से मैट्रिक पास छात्रों का नामांकन सुनिश्चित करने की मांग की।

जेइइ व नीट उत्तीर्ण 11 आदिवासी छात्राओं को किया गया सम्मानित

अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण विकास जरूरी : हसन

खेल मंत्री बोले- गांवों में प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा और कौशल की विशेष जरूरत

अगले 5 वर्षों में भारत हेल्थ फंड कैंसर पीड़ितों के लिए मददगार साबित होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण विकास जरूरी है। श्री हसन मंगलवार को रांची में स्थित एक्साइसेस संस्थान के कैंपस में अंतर्राष्ट्रीय मंडेला दिवस के उपलक्ष्य पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में रोजगार और अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्हें रोजगार की तलाश में प्रवास करने की बजाय अपने राज्य में उपलब्ध संभावनाओं को तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं में छुपी हुई क्षमता को और राज्य सरकार की पहल जैसे राज्य में कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता के लिए मार्ग सृजन विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को ग्रामीण युवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है।

खेल मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। खूंटी जिले की 11 ग्रामीण आदिवासी छात्राओं को जीईई-एनईईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। छात्राओं को लैपटॉप देकर मंत्री ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 3 वर्षों में भारत स्वास्थ्य निधि के रूप में 200 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। ऐसे निजी अस्पतालों को सहायता प्रदान की जायेगी, जो कैंसर और गैर संचारजन्य रोगों की उभरती चुनौतियों से लड़ाई में उनकी चिकित्सा नीतियों, सर्जिकल कौशल और डिजिटल पैथोलॉजी इकाइयों को बढ़ाने में मददगार हो। इस योजना का प्रारंभ 5 निजी अस्पतालों में किया जायेगा।

झारखंड में पर्यावरण संरचित खेती को बढ़ावा मिलेगा : टीआरईएफ और इंटेलकैप के बीच पलामू और रांची में पर्यावरण संरचित कृषि के लिए वित्तीय साझेदारी की भी घोषणा हुई है। झारखंड सरकार के द्वारा क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिये 2000 करोड़ की योजना कार्यान्वित किया जा रहा है।

हाई स्कूल शिक्षक के रिक्त 17786 पदों पर नियुक्ति संबंधी सूची पेश करे जेएसएससी

रांची। हाइकोर्ट ने वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट की सूची जेएसएससीसी से मांगी है। कोर्ट ने जेएसएससी से यह भी पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हाई स्कूल शिक्षक के 17786 रिक्त पदों में से कितने पदों को भरा गया, कितनों की नियुक्ति की अनुशंसा की गई, क्या कट ऑफ मार्क्स था, इन सारे बिंदुओं पर कोर्ट ने जेएसएससी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में मीना कुमारी समेत सात याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने कहा कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2016 के नियुक्ति विज्ञापन के आधार पर सरकार को हाई स्कूल शिक्षकों के 17786 रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जानना चाहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी दें। दरअसल, मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से सात अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की गई थी।

आइएनडीआइए एलायंस का मतलब परिवारवाद और भ्रष्टाचार : बाबूलाल

बोले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष- इसी गठबंधन के नाम दर्ज है 20 लाख करोड़ रुपये का घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने यूपीए गठबंधन के नये अवतार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सत्य और असत्य की लड़ाई युगों-युगों से चलती आ रही है। इसलिए देश के निर्माण और विकास केलिये कार्य कर रही शक्ति के खिलाफ विघटनकारी तत्वों का एकजुट होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर एकजुट होने का दंभ भरने वाली शक्तियों ने सैकड़ों बार भारत को नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से देश की सत्ता से बाहर ये दल अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवार केन्द्रित राजनीति को बचाना और भ्रष्टाचार को छुपाना इनका एकमात्र उद्देश्य है। जनता की सेवा से इनका कोई रिश्ता नाता नहीं है।

उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और पिछले लोकसभा चुनाव में इन दलों ने एकजुटता का नाटक जनता को दिखा दिया है। लेकिन, जनता इनपर भरोसा करना छोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि एक कंपनी ब्लैकलिस्टेड होने पर भ्रष्टाचारी कंपनी का रजिस्ट्रेशन दूसरे नाम से करा लेता है। ताकि नाम बदलकर जनता को धोखा दिया जा सके। लेकिन, जनता अब समझदार हो चुकी है।

उन्होंने कहा इंडिया एलायंस की नई जमात में वही हैं, जिन्होंने देश को लूटा है। धर्म, संप्रदाय जाति के नाम पर बांटा है। उन्होंने कहा कि 20 लाख करोड़ का घोटाला इसी गठबंधन के नाम दर्ज है। आज इसकी सघन जांच एजेंसियों के द्वारा की जा रही है।

बेटियों के सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सात लाख से अधिक बेटियों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

405 .7 करोड़ से अधिक की राशि का हुआ भुगतान

आठ माह में 7 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को मिला योजना का लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा अक्तूबर 2022 में गिरिडीह में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बेटियों के लिए शुरू की गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से लाभान्वित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 6,91,770 और 18 से 19 वर्ष की 37,862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।

किन किशोरियों को मिल है रहा लाभ

राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुये उनमें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपये की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20,000 रुपये देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40,000 रूपये मिल रहा है।

सबसे अधिक लाभान्वित हो रही हैं गिरिडीह जिले की बेटियां

योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियां जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं हैं। राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाये। मालूम हो कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है। ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई ना छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा।

राज्य सरकार की नाकामी पर जमकर बरसे रांची सांसद

जब डीएसपी और दारोगा पर चल जाती है गोली तो कौन सुरक्षित : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सांसद संजय सेठ ने कहा है कि राज्य में विधि-व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गयी है। श्री सेठ मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में डीएसपी और दारोगा पर गोली चल जा रही है और सरकार अपनी गलती का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है। आश्चर्य है कि जिस राज्य में डीएसपी और दरोगा को अपराधी गोली मार देते हों, उस राज्य में आम आदमी की क्या औकात हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने और पैसा नहीं देने का आरोप लगाने वाले राज्य सरकार के सिपहसालारों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिये।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को भारत सरकार के द्वारा पैसा दिया जाना था। लगभग 13 माह का बकाया भुगतान नहीं होने से दुकानदार काफी परेशान थे। भारत सरकार ने 95 करोड़ रुपया जारी किया, जिसके बाद इनका 5 महीना का भुगतान हो पाया। उस भुगतान का उपयोगिता प्रमाण पत्र अब तक झारखंड सरकार ने भारत सरकार को भेजा ही नहीं है। इस वजह से भारत सरकार 200 करोड़ रुपये राज्य को नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह लचर है। राजधानी रांची का आलम तो हम सब विगत 4 महीने से देख ही रहे हैं। बिजली नहीं रहने के कारण स्वाभाविक रूप से पानी की समस्या भी खड़ी हो जाती है। उन्होंने बताया कि झिरी में कचरा संधारण के लिए प्लांट निर्माण का पहला चरण पूर्ण होने की स्थिति में है। प्रतिदिन 300 टन कचरे का संधारण हो सकेगा। इससे सीएनजी भी बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को लेकर कई जगह समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में भी व्यापक गड़बड़ी हो रही है। 150 से 200 फीट की बोरिंग करके ठेकेदार चले जा रहे हैं।

शहर में सफाई का जिम्मा खटारा वाहनों पर

फोटो : समीर

चांद नजर नहीं आया | यौम-ए-आशुरा 29 जुलाई को मनेगा

रांची। राज्य भर में 65 जगहों से ज्यादा इसलामी नव वर्ष के प्रथम महीना मुहर्रम का चांद देखने की व्यवस्था की गई लेकिन आसमान में बादल छाए रहने के कारण अधिकतर जगहों में मुहर्रम का चांद नजर नहीं आया। झारखंड के अलावा पटना, पुरनिया, वाराणसी, मुबारकपुर, बरैली शरीफ, राजस्थान, गुजरात, कोलकाता आदि जगहों पर सम्पर्क किया गया परंतु कहीं से भी मुहर्रम का चांद नजर आने की कोई खबर नहीं है। अतः दारुल कजा एदार ए शरीया झारखंड इसलामी मरकज हिंद पीडी रांची से एलान व फैसला किया गया कि 20 जुलाई जुमेरात इसलामी नव वर्ष के प्रथम महीना मुहर्रम 1445 हिजरी की पहली और यौम ए आशुरा दसवीं मुहर्रम 29 जुलाई 2023 दिन शनिवार है। इसी तारीख में विशेष कर ईमामे हुसैन और 72 शहीदाने कर्बला की याद मनाई जाएगी।

चार पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोपी व ईनामी नक्सली खुदी मुंडा ने किया सरेंडर

सरकार की आत्मसमर्पण नीति का मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

डीआइजी अनूप बिरथरे के समक्ष किया सरेंडर

" नई दिशा - एक नई पहल "
जोनल कमांडर खुदी मुंडा
झारखण्ड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण
स्वागत है

रांची। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर खुदी मुंडा ने मंगलवार को पुलिस केंद्र गुमला में रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे और गुमला पुलिस प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नक्सली के ऊपर कुल 6 लाख का इनाम की राशि है। पांच लाख रुपये झारखंड सरकार तो एक लाख की राशि एनआइए ने घोषित की थी। डीआईजी अनूप बिरथरे ने माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर नक्सली का स्वागत किया। कहा कि नक्सली के परिजनों को इनाम की राशि के अलावा गुमला में 4 डिसमिल जमीन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान, बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के अलावा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बचे हुए अन्य नक्सलियों से भी सरेंडर करने की अपील की।

पिछले 18 वर्षो से सक्रिय था नक्सली खुदी मुंडा, विभिन्न थानों में 50 मामले दर्ज : वहीं गुमला एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारिब, डीडीसी हेमंत कुमार सती, सीआरपीएफ के कमांडेंट खालिद खान ने भी नक्सली का स्वागत किया। नक्सली झारखंड राज्य के 3 जिले खूंटी, सिमडेगा और गुमला में पिछले 18 वर्षों से सक्रिय था और कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुका था। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 50 मामले दर्ज है।

हथियारों की लूटपाट तथा कई नक्सली घटनाओं में रहा शामिल

नक्सली खुद ही मुंडा ने कहा कि 1996 में अपने चचेरे भाई पूर्व में माओवादी का सक्रिय सदस्य बॉबी मुंडा के लिए सामान पहुंचाने और पुलिस के आवागमन की सूचना देने का कार्य करता था। 1999 में चचेरा भाई के साथ लापुंग थाना क्षेत्र में हथियारों की लूटपाट तथा कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2001 में गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल में बंद रहने के दौरान उग्रवादी संगठन के कई सदस्यों से जान पहचान हुई।

2009 में सिमडेगा क्षेत्र का बना सब जोनल कमांडर : 2005 में जेल से बाहर आने के बाद पारिवारिक विवाद के कारण भाकपा माओवादी के कमांडर मनोज नगेसिया और सिलबेस्तर लकड़ा के संपर्क में आया और दस्ता के साथ रहने लगा। वर्ष 2008 में पालकोट कोलेबिरा सिमडेगा गुमला क्षेत्र का एरिया कमांडर बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2009 में रीजनल कमांडर सिलबेस्तर लकड़ा के द्वारा पालकोट सिमडेगा क्षेत्र का सब जोनल कमांडर बनाया गया।

विधानसभा नियुक्ति घोटाला

न्यायाधीश विक्रमादित्य कमिटी की जांच रिपोर्ट पेश नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

खबर मन्त्र संवाददाता

आयोग ने 2018 में ही राज्यपाल को सौंपी रिपोर्ट, लेकिन उसपर नहीं हुई कोई कार्रवाई

रांची। झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर आज मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमिटी की रिपोर्ट पेश नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमिटी की रिपोर्ट पेश नहीं होती है, तो विधानसभा सचिव को अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित होना पड़ेगा। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में अब 16 अगस्त को सुनवाई होगी।

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति मामले में शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी। जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

पूर्व जस्टिस के जमीन पर अतिक्रमण मामले में नहीं आया जवाब

पूर्व जस्टिस स्व. एम वाई इकबाल की जमीन की जांच का जिम्मा एडीजी आरके मल्लिक को

खबर मन्त्र संवाददाता

21 को अगली सुनवाई

रांची। भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री को तोड़ने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में रांची एसएसपी की ओर से जवाब दायर किया गया। वहीं गृह विभाग के प्रधान सचिव की ओर से जवाब दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 21 जुलाई निर्धारित की है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए उनसे पूछा था कि राजधानी रांची में भू-माफियाओं द्वारा जमीन कब्जे से संबंधित मामले को लेकर कितनी शिकायतें आई, इसके बाद पुलिस द्वारा मामले में कितने एफआईआर दर्ज किए गए। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में क्या एक्शन ले गए और कितनी गिरफ्तारियां हुई। वहीं कोर्ट ने मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग को भी शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि बीते छह माह में प्रतिमाह आम लोगों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने से संबंधित मामले में कितनी बैठकें हुई। इस बैठक में क्या निर्णय लिए गए और उस पर क्या एक्शन लिया गया। इन बैठकों का एजेंडा भी कोर्ट ने प्रस्तुत करने को कहा था।

कोर्ट ने मामले में एडीजी आरके मल्लिक को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री तोड़े जाने मामले में जांच करने का निर्देश दिया है। दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भू-माफियाओ ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डो ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही लोअर बाजार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। भू-माफिया अपने साथ मजदूर गेट बालू, सीमेंट लाए थे। बाउंड्री वॉल तोड़कर वह लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे बाद में पुलिस की देखरेख में बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।

नक्सली नीलांबर का खुलासा- स्कूलों में बनता था पीएलएफआई का हथियार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। तोरपा के जंगल और प्राइवेट स्कूलों में पीएलएफआई के हथियार और वर्दी बनाये जाते हैं। इस बात का खुलासा खूंटी में गिरफ्तार नक्सली नीलांबर गोप ने किया है। पुलिस ने नीलांबर की निशानदेही पर स्कूल में चल रहे हथियार बनाने का लेथ मशीन भी बरामद किया है। इसके पूर्व में पलामू में पकड़ा गया पीएलएफआई नक्सली बैजनाथ ने पुलिस को बताया था कि खूंटी में पीएलएफआई का हथियार बनता था।

गौरतलब हो कि पिछले एक दशक में क्रूरता और क्रूरता के लिए प्रतिष्ठा बनाने वाले पीएलएफआई के प्रमुख दिनेश गोप के साथ आमना-सामना करना कोई आसान काम नहीं है। नीलांबर ने पुलिस को बताया कि 38 वर्षीय पूर्व सैनिक दिनेश गोप घूमंतू था। वह हमेशा खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों की लगातार निगरानी में रहता था। उसने बताया कि गोप गिरोह इस्लामिक स्टेट द्वारा अपनी क्रूर हत्याओं के लिए प्रसिद्ध होने से बहुत पहले, पीएलएफआई, जिसकी उत्पत्ति झारखंड में हुई थी, कथित तौर पर गला काटकर, सिर काटकर, अंगों को काटकर और यहां तक कि टुकड़ों में काटकर लोगों की हत्या कर रहा था। पीएलएफआई ने अपना प्रभाव ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला लिया था। पीएलएफआई मूल समूह, सीपीआई-माओवादियों और पुलिस को कड़ी टक्कर दे रहा था।

वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

रांची। जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत पर सिविल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुनाने के लिये 22 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। वीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया, जिसका ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने पुरजोर विरोध किया। मालूम हो कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इसी केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

जमशेदपुर की है महिला एलिजाबेथ एल पीटर

अमेरिकी महिला यात्री के बैग से जिंदा कारतूस बरामद, एफआइआर हुई दर्ज

एयरपोर्ट थाने में महिला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज, पासपोर्ट भी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मंगलवार को एक अमेरिकी महिला को पिस्टल के जिंदा कारतूस के साथ हिरासत में लिया गया। महिला का नाम एलिजाबेथ एल पीटर है। वह मूल रूप से जमशेदपुर की है। महिला रांची से दिल्ली जा रही थी, चेकिंग के दौरान उसके बैग से कारतूस बरामद किया गया। कारतूस मिलने के बाद महिला को रोक लिया गया और उसे एयरपोर्ट थाने के सुपुर्द कर दिया गया। महिला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसके पासपोर्ट को जब्त कर लिया गया है।

महिला बोली- पार्क में मिला तो उसे गले का लॉकेट बनाने के लिए बैग में रख लिया

क्या है मामला

BIRSA MUNDA

पार्क में मिला था, गले के लॉकेट के लिए उठा लिया

गिरफ्तार की गई महिला एलिजाबेथ एल पीटर जमशेदपुर के बिरसा नगर इलाके की रहने वाली है। पुलिस के पूछताछ में एलिजाबेथ ने बताया है कि जमशेदपुर में ही पार्क में टहलने के दौरान उसे यह कारतूस मिला था उसे लगा कि लॉकेट में लगाने के काम आएगा, इसलिए उसने उठाकर अपने बैग में रख लिया।

आर्म्स एक्ट में केस दर्ज, पासपोर्ट जब्त

महिला पर आर्म्स एक्ट के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसके पासपोर्ट को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल निजी मुचलके पर उसे रांची एयरपोर्ट थाने से छोड़ दिया गया है, उसे वापस जमशेदपुर भेज दिया गया। महिला को इस मामले में अब कोर्ट का ट्रायल फेस करना होगा। इसके बाद ही उसे पासपोर्ट वापस मिलेगा और तब वह अमेरिका जा सकेगी।

जानकारी के मुताबिक, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवान सुरक्षा चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अमेरिकी नागरिकता प्राप्त एनआरआई महिला एलिजाबेथ भी जा रही थी, महिला जमशेदपुर की रहने वाली है और उसे अमेरिका की नागरिकता प्राप्त है। वह जमशेदपुर से रांची आई थी जिसके बाद उसे हवाई जहाज के माध्यम से दिल्ली जाना था। एयरपोर्ट में प्रवेश करने के बाद सीआईएसएफ जवानों के द्वारा महिला को सुरक्षा जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान सीआईएसएफ के जवान उस समय चौंक गए जब महिला का बैग मेटल डिटेक्टर के सामने ब्लिंक करने लगा। ऐसा तभी होता है जब कोई व्यक्ति किसी भी तरह का विस्फोटक अपने साथ लेकर चलता है। सीआईएसफ के महिला कांस्टेबल ने जब एनआरआई महिला के पर्स चेक किया तो उसमें से नाइन एमएम पिस्टल की एक गोली निकली। जिसके बाद महिला को डिटेन कर रांची पुलिस के हवाले कर दिया गया।

रित्विक और सचित आजसू से निष्कासित

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के रित्विक राज एवं सचित रंजन को संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। संगठन के विचारधारा के विपरीत कार्य करने एवं संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त के साथ विश्वविद्यालय में संगठन के नाम पर गलत कार्यों में संलिप्त होने के कारण अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) से 3 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। इन दोनों को निष्कासन से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के संयोजक अभिषेक झा ने कहा कि बीते कई महीनों से रित्विक राज और सचित रंजन के संगठन विरोधी कार्यों में लिप्त रहने को शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इन दोनों के द्वारा निरंतर संगठन को छवि को धूमिल कर रहे थे। इसलिए दोनों को 03 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। अब इन व्यक्तियों का अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है।

खबर एक नजर में

टाटीसिल्वे इलाके के मेडिकल स्टोर पर हुई फायरिंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में 13 जून को एक मेडिकल स्टोर पर फायरिंग की गयी थी। अपराधी ने मेडिकल स्टोर संचालक से रंगदारी वसूलने और दहशत फैलाने के लिए जानलेवा हमला किया था, लेकिन इस फायरिंग में मेडिकल स्टोर के संचालक बाल-बाल बच गये थे। इस मामले को लेकर टाटीसिलवे थाना में एफआइआर दर्ज की गयी थी। जिसके बाद रांची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राजू कुमार गुप्ता, नव नेहाल सिंह और अभिषेक रंजन है। इसके अलावे रांची पुलिस ने एक पिस्टल, एक गोली, मोबाइल और बाइक बरामद किया है।

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया

रांची। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने एक बड़ा स्तंभ खो दिया, उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजली। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और दुरदर्शी नेतृत्व ने केरल की प्रगति को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वो एक जन नेता के रूप में हमेशा याद किये जाएंगे।

पति पर हमला करने के आरोप में पत्नी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

रांची। चान्हों थाना पुलिस ने पति विकास साहू पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने के मामले में उसकी पत्नी कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बाथरूम में धोकर रहे गए चापड़ को भी बरामद कर लिया है। हमले के कारण पूछे जाने पर कोयल ने बताया कि उसके पति से किसी न किसी बात पर विवाद हुआ था। विवाद होने के बाद उसने 17 जुलाई की रात में हमला कर जख्मी कर दिया। इसके बाद चापड़ को धो-पोछकर बाथरूम में रख दिया। पुलिस ने बाथरूम से घटना के दिन पहने हुए खून लगे साड़ी को भी बरामद कर लिया।

नगर निगम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द

रांची। रांची नगर निगम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किशत के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लाभुकों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा का नाम शामिल है। निगम ने इन आवंटियों को आपत्ति या शिकायत दर्ज कराने के लिए 22 जुलाई तक का समय दिया है।

राज्य की सभी बाजार समितियों की आज समीक्षा करेंगे मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन

रांची। राज्य के सभी 28 बाजार समितियों के कार्यों की समीक्षा आज मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रबिन्द्र सिंह और एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह मिलकर करेंगे। इसके लिए राज्य की सभी कमेटियों को निर्देश दे दिया गया है। बैठक में सभी मार्केट सुपरवाइजर को को भी बुलाया गया है, ताकि बाजार समितियों के विकास में उनके विजन को जाना जा सके। मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन ने राज्य के सभी बाजार समितियों के सचिव को हिदायत दिया है कि वह पूरी रिपोर्ट के साथ बैठक में आये, ताकि एक एक बाजार समिति पर विस्तार से चर्चा किया जा सके। उन्होंने बाजार समिति के सचिवों से दुकानों की संख्या, आवंटन की स्थिति और सरेंडर दुकानों स्थिति के साथ-साथ वैसे दुकानों और गोदामों को भी सूची उपलब्ध कराने को कहा है जिस पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा है नया साइक्लोनिक सर्कुलेशन, झारखंड में सात दिनों तक होगी बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर और ओड़िशा में आये चक्रवाती तूफान के कारण झारखंड में मानसून सक्रिय है। जिसके कारण राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। मंगलवार को शाम में रांची राजधानी समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। बारिश से उमस वाली गर्मी से निजात मिली।

पिछले 24 घंटे में राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हुई है। ऐसे में राज्यभर में मानसून की गतिविधि समान रही। इस दौरान सबसे अधिक बारिश 65.4 मिमी रामगढ़ में में दर्ज की गई।

अभी क्या है मानसून की स्थिति

अगले 2-3 दिनों के दौरान मानसून टर्फ लाइन उत्तरी ओड़िशा और आसपास के गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा 18 जुलाई के आसपास बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर एक और ताजा साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की संभावना है। झारखंड में इसका असर आगे एक-दो दिनों में रहेगा। इन सबसे कारण झारखंड में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।

मौसम केंद्र रांची ने एक चार्ट जारी कर झारखंड में अगले 7 दिनों तक के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। यह स्थिति 24 जुलाई तक रहेगी। इस दौरान कहीं-कहीं वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

कम बारिश से किसानों को सताने लगी है चिंता

झारखंड के कई जगहों पर अच्छी बारिश होने के बावजूद जुलाई महीने में भी अब तक वास्तविक अनुपात में कई जिलों में बारिश कम हुई है, जिससे किसान चिंतित हैं। जुलाई के दूसरे सप्ताह में जहां धनरोपनी शुरू हो जाती थी, लेकिन इस बार अभी तक धान का बिचड़ा भी किसानों ने नहीं लगाया है। आद्रा नक्षत्र में धान का बिचड़ा लगाया जाना शुभ माना जाता है। मगर बारिश कम होने से सावन माह के दूसरे सप्ताह में किसान धान का बिचड़ा लगाने को विवश हैं। जिन जिलों में अच्छी बारिश हुई वहीं किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। किसानों ने बताया कि यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। किसान पिछले कई दिनों से बारिश की आस लगाए बैठे थे, बारिश न होने से खेतों में दरारें पड़ रहीं थीं। कुछ किसानों की धान की बिचड़े सूखने की कगार पर थी। कुछ किसान निजी संसाधनों का इस्तेमाल कर धान की बिचड़े बचाने में जुटे थे। बारिश से क्षेत्र के कई किसानों के निचले इलाके के खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई करने में जुट गए हैं।

तुपुदाना में डीएसओ के नेतृत्व में छापेमारी बरामद हुआ 80 क्विंटल सरकारी अनाज

जेएसएफसी के गोदाम में ही हो जाती है अनाज की खरीद-बिक्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में सरकारी अनाज की कालाबाजारी रोके नहीं रुक रही है। या यूं कहें कि अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य के विभिन्न जिलों में आनाज की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण तुपुदाना इंडस्ट्रीयल एरिया से जब्त कालाबाजारी के लिए रखा 80 क्विंटवल सरकारी अनाज शामिल है।

मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने टीम का नेतृत्व करते हुए इस छापेमारी को अंजाम दिया गया। गोदाम में छापामारी करने के दौरान प्रदीप कुमार साहू नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

जानकारी के मुताबिक तुपुदाना में सरकारी अनाज के कालाबाजारी होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद डीएसओ के नेतृत्व में गोदाम में छापेमारी की गयी थी। इस दौरान प्रदीप कुमार साहू को हिरासत में लिया गया था। आरोप के मुताबिक आर्मी का रिटायर्ड जवान इस तरह की कालाबाजारी कर रहा था।

गोदाम से ही बिक जाता है अनाज

राज्य खाद्य निगम के गोदाम में ही अनाज की खरीद-बिक्री कर दी जाती है। सूत्रों का कहना है कि एजीएम की मिलीभगत डीएसडी के स्तर पर ही डीलरों से अनाज की खरीदारी कडरू स्थित गोदाम में कर ली जाती है। इसका खामियाजा लाभूक भुगतते हैं। उन्हें पीडीएस डीलरों द्वारा बताया जाता है कि उनके कोटे का अनाज इस माह नहीं आया है। अगले माह मिलेगा और अगले माह लाभुकों से दोनों माह का अंगूठा लगा लिया जाता है।

पासवा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे लोहरदगा, सम्मान समारोह तक करेंगे कैंप

रांची। बीएस कॉलेज लोहरदगा में 22 जुलाई को आयोजित होनेवाले छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे मंगलवार को लोहरदगा पहुंच गये हैं। सम्मान समारोह के बाद ही वह राची लौटेंगे। बताते चलें कि 10 वीं एवं 12 वीं में सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड की परीक्षा में 70% व उससे अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को पासवा द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा लोहरदगा जिले के टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे अपने सहयोगी पदाधिकारी राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, सोनाली कुमारी, दीपशिखा कुमारी के साथ लोहरदगा के कई स्कूलों का भ्रमण कर प्राचार्यों एवं बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह में आने का निमंत्रण दिया। आलोक दूबे ने कहा 2 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित कर पासवा लोहरदग्गा में इतिहास रचेगा।

गेल ने डोरंडा गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में सुविधाओं में सुधार को शुरू की परियोजना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में गेल (इंडिया) लिमिटेड ने मंगलवार को एसएस डोरंडा गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल (+2) स्तर, डोरंडा में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सुविधाओं में सुधार के लिए एक परियोजना शुरू की। मौके पर गेल के निदेशक (मानव संसाधन) आयुष गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य लड़कियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराकर स्कूली शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।

यह परियोजना एमिटी ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के साथ साझेदारी में कार्यान्वित की जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर एमिटी ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री पूजा चौहान, एमिटी ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के महानिदेशक श्यामलेंदु नियोगी, गेल के कार्यकारी निदेशक (सीएसआर और एचआर) अनूप गुप्ता और गेल और रांची जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आयुष गुप्ता ने कहा, शिक्षा एक प्रगतिशील राष्ट्र की नींव है और हमारी जैसी पहलों के माध्यम से, हम एक मजबूत और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देते हैं। छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करके, हमारा लक्ष्य उन्हें आवश्यक कौशल, ज्ञान और मूल्यों से लैस करना है, जो उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनायेगा। उन्होंने छात्रों को अपने ज्ञान के क्षितिज का विस्तार करने के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

परियोजना के हिस्से के रूप में, स्वास्थ्य और पोषण के विषय पर जागरूकता कार्यशालाएं, जांच शिविर और सेमिनार आयोजित किये जायेंगे। बुनियादी ढांचा सुविधाएं जैसे स्कूल का भू-दृश्यीकरण और स्कूल विज्ञान प्रयोगशालाओं का उन्नयन, जल शोधक की स्थापना संगठन के साथ की जायेगी। एसटीइएम के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा।

श्री साई कृपा ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

श्री साई कृपा मित्र मंडल ट्रस्ट (NGO)
वृक्षारोपण
अभियान

रांची। श्री साई कृपा मित्र मंडल ट्रस्ट (एनजीओ) चुटिया रांची ने मंगलवार को अध्यक्ष अमर कुमार व उपाध्यक्ष रोहित पांडे की देखरेख में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस कड़ी में रांची शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों फलदार एवं छायादार वृक्ष, जैसे आम, अमरूद, जामुन, लीची, शरीफा, बेल और कई अन्य प्रकार के वृक्ष के पौधे लगाये गये।

संस्था के अध्यक्ष अमर कुमार और सचिव बापी सहीस ने वृक्षों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से वातावरण दिनों-दिन प्रदूषित होता जा रहा है। वृक्षों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष अजीत सिंह, पिंटू रावत, कार्यकारिणी अध्यक्ष रवि रावत, संरक्षक विजय वर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष पांडे, संगठन मंत्री अंकित सिंह, नीतीश मिश्रा, अजय वर्मा, मुकेश खत्री, पिंटू शर्मा, अमित सिंह, अनूप सिंह, हेमंत आदि उपस्थित थे।

मुहर्रम को ले इमामबख्श अखाड़े की हुई बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रधान कार्यालय मेन रोड स्थित मधुबन मार्केट में इमामबख्श अखाड़ा के सरपरस्त व इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो सईद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले तमाम खलीफा एवं अखाड़े के प्रमुख पदाधिकारीगण के साथ- साथ सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले मुहर्रम के जुलूस पर विभिन्न क्षेत्रों से आये खलीफाओं एवं पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के मुहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारे एवं पूरे पारम्परिक रीति रिवाज के साथ निकाला जायेगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि तीनों प्रमुख खलीफाओं के संयुक्त तत्वाधान में मुहर्रम से सम्बन्धित लिये गये फैसले का सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के द्वारा जारी किए जाने वाले गाईड लाईन का तमाम खलीफा विधिवत रूप से पालन करेंगे। मो सईद ने आपसी भाईचारा, सदभावना एवं अनुशासन पर बल दिया। इस वर्ष मुहर्रम वर्ष 2023 के जुलूस को एतिहासिक तौर पर निकाले जाने की बात कही।

जुलूस का सही ढंग से संचालन एवं अनुशासन बनाये रखने के लिये प्रत्येक अखाड़ा धारी अपन-अपने अखाड़ा के 10 सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर के साथ इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा को दे देंगे। इनकी ही निगरानी में जुलूस निकाला जायेगा।

होटल में रहते थे, स्टेशन पर साफ करते थे यात्री का मोबाइल, दो धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक युवक ने टिकट कटवाने के नाम पर यात्री से हजारों रुपए की ठगी कर ली।वहीं कुछ लोगों ने मोबाइल चोरी होने की भी शिकायत की। जिसके बाद रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में दो लोगों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची रेलवे स्टेशन पर ठगों का गिरोह सक्रिय है।

यह मामला तब सामने आया जब मंगलवार को एक व्यक्ति ने यात्री से एक टिकट कटाने के नाम पर 4500 रुपए लिये और फरार हो गया। घंटों तक इंतजार करने के बाद जब वह व्यक्ति यात्री के पास नहीं लौटा तो उसने जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर दर्ज करवाने के बाद जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमें दो युवक को यात्रियों के मोबाइल चोरी करते हुए देखा। सीसीटीवी फुटेज में युवक को चिन्हित करने के बाद उनकी तलाश की गई। घंटों तक तलाश के बाद वे टिकट काउंटर के पास नजर आए, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे मामले पर आरपीएफ की तरफ से बताया गया कि पकड़े गए युवकों के पास से 25 से 30 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इसके अलावा कुछ कैश भी बरामद किया गया है। आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह पहले पटना में सक्रिय था। पटना में लोगों को ठगने के बाद अब इन्होंने रांची स्टेशन को अपना ठिकाना बनाने की कोशिश की। रांची स्टेशन पर पिछले कई दिनों से यह गिरोह सक्रिय था। ये अपराधी रांची रेलवे स्टेशन के पास ही एक होटल में रह रहे थे। रेल पुलिस ने होटल में भी छापेमारी की जहां से कई मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

रांची रेलवे स्टेशन पर ठग गिरोह सक्रिय पलक झपकते मोबाइल और पैसे कर देते हैं गायब

पारस अस्पताल के चिकित्सकों ने कूल्हे एवं पेल्विक की टूटी हड्डियों को सर्जरी से ठीक किया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पारस अस्पताल में आये दुर्घटना में जख्मी हुए एक मरीज के दोनों कूल्हे एवं पेल्विक बोंस में फ्रैक्चर थे। इसे पारस अस्पताल के डॉ अंकुर सौरभ और डॉ विशाल ने सर्जरी कर ठीक कर दिया। जानकारी के अनुसार मरीज को पैदल सड़क पार करते समय एक हेवी व्हीकल ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे उसे गहरी चोट आयी थी और काफी खून भी निकल गया था।

पारस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर सौरभ ने बताया कि मरीज जब अस्पताल आया था, तब उसके पेल्विक बोंस में कई जगह फ्रैक्चर थे और बहुत खून भी निकल चुका था। वह असहनीय दर्द से पीड़ित था। मरीज को तत्काल आइसीयू में भर्ती किया गया, जहां उसकी देखभाल के साथ-साथ जांच भी की गयी। जांच में पता चला कि मरीज के दोनों पेल्विक बोंस और कूल्हों में फ्रैक्चर आया है। कूल्हे और पेल्विक बोंस के दोनों कॉलम (पोस्टीरियर और इंटीरियर) टूट चुके थे साथ ही पेल्विक बोंस के दोनों वॉल भी डैमेज हो गये थे। सर्जरी से पहले मरीज को स्टेबल करने के लिए लगभग 8 यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। ड्यूल एप्रोच के माध्यम से मरीज की सर्जरी की गयी और अब वह बिलकुल ठीक है। पारस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर और डॉ विशाल ने बताया कि इस तरह की सर्जरी बहुत ही कम जगहों पर की जाती है। डॉ अंकुर और डॉ विशाल ने उस मरीज की जान तो बचायी ही, साथ ही साथ उसे अपने दैनिक जीवन को सुचारू रूप से चलाने योग्य बनाया।

बता दें कि डॉ अंकुर एक प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं और उन्होंने अपनी ट्रेनिंग जर्मनी से पूरी की है। पारस अस्पताल में ऐसी जटिल सर्जरी की सुविधा होने के कारण यहां इस तरह के मरीज प्राथमिकता के तौर पर पहुंचते हैं। डॉ विशाल और डॉ अंकुर की देखरेख में पारस अस्पताल रांची में अब तक ऐसे 10 से ज्यादा सफल सर्जरी किये जा चुके हैं। पारस अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज हो रहा है। आनेवाले दिनों में हम लगभग सभी बीमारियों के इलाज की सर्वोत्तम व्यवस्था यहां मरीजों को देने में सफल हो पायेंगे। पारस अस्पताल, रांची अपनी गुणवत्ता, सेवा और आधुनिक तकनीक की बदौलत लोगों में कायम अपने विश्वास को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सावन में लोगों को भा रहा है सोना रेस्टोरेंट

रांची। लालपुर स्थित एच स्क्वायर में सोना रेस्टोरेंट में सावन महोत्सव के अवसर पर 15 परसेंट का डिस्काउंट दिया जा रहा है। रेस्टोरेंट के प्रबंधक ने कहा कि जो लोग खाने के शौकीन हैं और इस श्रावन माह में वेजीटेरियन खाना पसंद करते हैं, वे शाकाहारी व्यंजनों के लिए सोना रेस्टोरेंट में आ सकते हैं। रेस्टोरेंट में 15 परसेंट का डिस्काउंट पूरे सावन माह यानी अधिक मास जोड़कर पूरे दो महीने दिया जायेगा। बता दें कि सोना रेस्टोरेंट का उद्घाटन पिछले महीने ही हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां लोग लजीज व्यंजनों के स्वाद का लुत्फ उठा सकते हैं। बेहद कम समय में ही इस रेस्टोरेंट ने अपनी पहचान बनायी है। सोना रेस्टोरेंट में उपलब्ध व्यंजन बेहद ही स्वादिष्ट एवं अफोर्डेबल हैं। इस रेस्टोरेंट की सर्विस बेहद ही शानदार है। इस रेस्टोरेंट में स्वाद के शौकीन लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस बार सावन दो महीनों का है, तो दो महीनों तक के लिए इस रेस्टोरेंट में सिर्फ वेजीटेरियन व्यंजन ही परोसे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट में बर्थ डे पार्टी, किट्टी पार्टी, मैरिज एनीवर्सरी या कॉरपोरेट पार्टी इत्यादि फंक्शंस के लिए भी संपर्क किया जा सकता है।

क्युरेस्टा ग्लोबल सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के एक साल पूरे

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। क्युरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इरबा ने स्वास्थ सेवा में एक साल का सफर सफलतापूर्वक पूरा किया है। एक साल पहले 18 जुलाई 2022 को किफायती दर पर बेहतर स्वास्थ सेवा प्रदान कराने के संकल्प के साथ अस्पताल की शुरुआत की गयी थी। क्युरेस्टा ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने कहा कि अस्पताल की शुरुआत उन्होंने एक लक्ष्य के साथ की थी कि हर वर्ग के लोगों तक उचित दर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा सके।

उन्होंने कहा कि एक साल में ही बेहतर स्वास्थ सेवा, प्रख्यात चिकित्सकों की टीम और मरीजों में बढ़ते विश्वास के साथ क्युरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस हॉस्पिटल ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है, लेकिन उड़ान अभी बाकी है। मरीजों के क्युरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल के प्रति बढ़ते विश्वास को देखते हुए एक साल के अंदर दो और अस्पताल की शुरुआत की गयी, पहला दीपाटोली स्थित दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल और दूसरा नवादा स्थित धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल।

सफलता पूर्वक एक साल पूरा करने के उपलक्ष्य पर असपताल परिसर मे सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ कर्मियों की उपस्थिति मे केक काट कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन श्री अविनाश कुमार ने उपस्थित सभी डॉक्टरों एवं हॉस्पिटल स्टाफ की प्रसंशा की और साथ ही उन्हें और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दी क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडीकल डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन डॉ घनश्याम सिंह के जानकारी दी कि एक साल के भीतर बीस हजार से ज्यादा मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। 1500 से ज्यादा सफलतापूर्वक जटिल सर्जरी की गयी, जिसमें न्यूरोसर्जरी, ट्रॉमा, आर्थोपेडिक, लेप्रोस्कोपिक एवं जेनरल सर्जरी के केसेज थे। 70 मरीजों को सफलतापूर्वक स्थायी पेसमेकर्स लगाया गया। एक साल के भीतर 5000 से ज्यादा मरीजों का डायलीसिस की गयी। उन्होंने कहा कि ये आकड़े बताते हैं कि मरीजों का अस्पताल के प्रति विश्वास बढ़ा है और एक स्वस्थ रिश्ता कायम हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही अत्याधुनिक कैथ लैब और ए-3 टेस्ला एमआरआइ की शुरुआत की जायेगी। अस्पताल में पहले से ही स्टेट ऑफ आर्ट ऑपरेशन थिएटर है, जहा जटिल से जटिल कार्डियक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी एवम आर्थोपेडिक सर्जरी की जा रही है। मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे क्रिटल केयर और एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर सावन शिवेश, एसोसिएट डायरेक्टर ड्राविन सिंह उपस्थित थे।

पोक्सो एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन को जन जागरूकता जरूरी : यशस्विनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन से जुड़ीं अधिवक्ता यशस्विनी सहाय ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम को कारगर तरीके से लागू करने और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिये व्यापक तौर पर जन जागरूकता की जरूरत है। वह मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने झारखंड में बाल श्रम, मानव तस्करी, यौन अपराध आदि समस्याओं की स्थिति और इसके समाधान की दिशा में संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुये यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफिंसेस एक्ट बनाया गया। लेकिन, जागरूकता के अभाव में इस कानून का सफल कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। हालांकि सरकारी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के अलावा गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा पोक्सो एक्ट को प्रभावी बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। अधिकतर लोग जागरूकता के अभाव में यौन अपराधों के खिलाफ बने कानूनों का फायदा नहीं उठा पाते हैं।

उन्होंने बताया कि झारखंड में 2019 से अब तक मात्र 1324 घटनाएं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज की गई है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019 में 239, वर्ष 2020 में 306, वर्ष 2021 में 284, वर्ष 2022 में 338 और 2023 में जून तक 157 मामले दर्ज हुए हैं।

खबर एक नजर में

चैंबर प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर कृषि मंत्री से मिला

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के साथ हुई। इसमें प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा देने के मुद्दे पर चर्चा हुई। मिल संचालकों की ओर से बताई गई कठिनाइयों से अवगत कराते हुए कहा गया कि प्रत्येक वर्ष धान के समर्थन मूल्य में कुछ न कुछ बढोत्तरी होती है, जबकि झारखंड में वर्ष 2011 में राइस मिलों के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल मिलिंग दर था, आज भी मिलिंग दर 20 रुपये प्रति क्विंटल ही है। जबकि पडोसी राज्यों में इसकी दर में बढोत्तरी हुई है। यह भी कहा गया कि प्रोत्साहन राशि हेतु इंसेटिव सुपुर्दगी की समय सीमा जो प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक निर्धारित है, की अवधि बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक करने का भी आग्रह किया गया। यह कहा गया कि इंसेटिव प्रदान करने की समय सीमा में विस्तार से राइस मिलर्स प्रोत्साहित होंगे।

एचडीएफसी बैंक के मेगा टू व्हीलर कार्निवल का शुभारंभ

रांची। एचडीएफसी बैंक, झारखंड सर्कल की ओर मेगा टू व्हीलर कार्निवल मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस कार्निवल में झारखंड सर्कल की सभी 84 शाखाओं ने टू व्हीलर टीम के साथ समन्वय बनाकर भाग लिया। इस अभियान का शुभारंभ सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने रांची मुख्य शाखा की पूरी टीम की नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक के टू-व्हीलर कार्निवल का उद्देश्य आम लोगों को टू व्हीलर फाइनेंस की आसान पहुंच प्रदान करना है। शाखायें पूछताछ डेस्क के साथ-साथ चुनिंदा दोपहिया वाहनों का प्रदर्शन करेंगी। शाखाओं में आने वाले ग्राहक दोपहिया वाहनों की परीक्षण सवारी प्राप्त कर सकते हैं और ऋण विकल्पों के माध्यम से ब्राउज कर सकते हैं। यहां तक कि मौके पर ही वाहन भी बुक कर सकते हैं। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया है।

रेलवे लोको पायलट की टीम मिली महिमा से

रांची। रेलवे लोको पायलट की टीम पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी महिमा उरांव से मंगलवार को मिला और महिमा को शुभकामनाएं दीं। महिमा का चयन मलयेशिया में आयोजित थ्रो बॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। महिमा नामकुम प्रखंड अंतर्गत सोदाग पंचायत के बगीचा टोली की रहनेवाली है। रांची- खूंटी सीमा पर सटे होने के बावजूद तथा आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी महिमा उरांव ने कभी हार नहीं मानी और हमेशा मेहनत करते रही। कुछ महीने पहले भी महिमा और उनके टीम नेपाल में चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।

श्रीकृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने बच्चों को दी पठन-पाठन सामग्री

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में मंगलवार को स्लम बस्ती के बच्चों के बीच पठन सामग्री व अल्पाहार बांटा गया। यह आयोजन सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51वर्ष वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया गया था। हरमू की स्लम बस्ती मे रहने वाले कमजोर वर्ग के स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच पठन-पाठन, बैग, लंच बाक्स, जोमेटरी बाक्स, कापी,पेंसिल, रबर, कलर पेंसिल एव अल्पाहार में क्रीम बन बिस्किट वगैरह का नि:शुल्क वितरण किया गया। श्री सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मार्च 2024 तक संस्था के द्वारा जरूरतमंद परिवार के सदस्यों के बीच सेवा की जायेगी। बच्चों के बीच संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी की उपस्थिति में सामग्री बांटा गया। इसमें राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,मनोज कुमार चौधरी, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी,ओमप्रकाश सरावगी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, मुन्ना कुमार एवं अन्य ने सक्रिय भूमिका निभायी।

दो अगस्त को किसान मोर्चा का राज्यस्तरीय सम्मेलन

रांची। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक मंगलवार को एटक कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश महतो, अखिल भारतीय किसान महासभा के पूरण महतो, प्रफुल्ल लिंडा और शहीद अंसारी ने की। संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय प्रभारी राजा राम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 2024 में होने वाले आम चुनाव में भाजपा भगाओ देश बचाओ कारपोरेट भगाओ खेती बचाओ के तहत संयुक्त किसान मोर्चा ने बड़ी लड़ाई की योजना बनी है। उन्होंने कहा कि नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी जिलों में कॉरपोरेट खेती छोड़ो, भाजपा भगाओ,देश बचाओ के नारे के साथ धरना प्रदर्शन जुलूस आमसभा नुक्कड़ सभा पूरे देश में आयोजित की जायेगी। उसके पहले दो अगस्त को हजारीबाग में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 24 अगस्त को दिल्ली की ताल कोटरा स्टेडियम में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की गयी है। वहीं किसान संग्राम समिति के सचिव राजेंद्र गोप ने कहा कि देश में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार सांप्रदायिक उन्माद फैला रही है। उसी के नाम पर वोट एकत्रित करने की कोशिश कर रही है।

मेकॉन में राजभाषा संबंधी कार्यों का हुआ निरीक्षण

रांची। संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा रांची में मेकॉन लिमिटेड के मुख्यालय का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण बैठक में समिति के संयोजक डॉ. मनोज राजोरिया सहित सांसदगण, इस्पात मंत्रालय के अधिकारीगण, मेकॉन लिमिटेड, रांची से निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (विपणन) एवं प्रभारी राजभाषा संदीप सिन्हा तथा राजभाषा टीम के सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के आरंभ में मेकॉन लिमिटेड के निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार ने संसदीय राजभाषा समिति के सभी सदस्यों तथा पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्होंने समिति को मुख्यालय, रांची में हिन्दी की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में हम संपूर्ण कार्य हिंदी में ही करने का प्रयास करते हैं और हमारे यहां भारत सरकार की राजभाषा नीति और संवैधानिक प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। हमारे कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन की सुदृढ़ परंपरा है। हम अपने सभी कार्यालयों के बीच समन्वय बिठाते हुए राजभाषा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने खाद्य सामग्री वितरित की

रांची। एनटीपीसी सीएसआर पहल के तहत स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मंगलवार को आदिम जाति सेवा मंडल, रांची, जरूरतमंद आदिवासी बच्चों और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के बीच आवश्यक वस्तुओं के साथ खाद्य सामग्री का वितरण किया। इसके अलावा, विशेष अभियान के तहत कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों से एकत्र किए गए कपड़े मिक्सर ग्राइंडर और सीलिंग फैन,अनाथालय गृह को सौंपे गए। क्लब के सदस्यों और कर्मचारियों की उदारता और स्वैच्छिक योगदान ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। सीएसआर कार्यक्रम में पद्मा रेड्डी,अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने अनाथालय केंद्र के समन्वयक से बातचीत की और जरूरतमंद बच्चों का हालचाल और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लेडीज क्लब द्वारा किए गए महान योगदान से केंद्र के निवासियों को लाभ होगा।

स्पीड न्यूज

जेएसएलपीएस बीपीएम को ओरमांझी से हटा कर भेजा गया बेड़ो

ओरमांझी। प्रखंड के जेएसएलपीएस मुकेश सिन्हा को ओरमांझी से स्थानांतरण कर बेड़ो भेज दिया गया है। मुकेश सिन्हा पर प्रखंड के समुह की कई दीदियों ने सोषन सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिसे लेकर प्रमुख अनुपमा देवी को लिखित शिकायत भी मिली थी। जिसके बाद मुकेश सिंहा के खिलाफ जांच टीम भी गठित की गई थी। वहीं दीदियों द्वारा मुकेश सिन्हा की षिकायत विधायक राजेश कच्छप से भी की गई थी। जानकारी के अनुसार मुकेश सिन्हा कार्रवाई से बचने के लिए काफी मैनेज करने का प्रयास भी किया था। उसे बचाने के लिए जेएसएलपीएस के कई ऑफिस कर्मी भी सामने आ गए थे, लेकिन झारखंड सरकार जेएसएलपीएस प्रोग्राम मैनेजर एचआरडी द्वारा 17 जुलाई को मुकेश सिन्हा का स्थानांतरण का लेटर निकाल कर ओरमांझी से बेड़ो प्रखंड भेजा गया है। वहीं ओरमांझी प्रखंड जेएसएलपीएस बीपीएम का कार्यभार विजेता टोप्पो को सौंप दिया गया है। इसे लेकर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ कई समुह की दीदियों द्वारा हर्ष जताया गया है।

मदनपुर में छह वर्षीय भटका बच्चा मिला

पिठोरिया। थाना क्षेत्र के मदनपुर डलाबर चौक के पास एक भटका हुआ बच्चा मिला है। बच्चे की उम्र लगभग छः वर्ष है। वार्ड सदस्य मुमताज अंसारी द्वारा बच्चे का नाम पता पूछे जाने पर वह कुछ भी नहीं बता रहा है। उसे स्नैक्स व चॉकलेट खाने के लिए दिया गया है। इस बच्चे के संबंध में पिठोरिया थाना पुलिस को सूचना दे दी गयी है।

चोरी गयी मोबाइल खोज पुलिस ने उसके मालिक को सौंपा

पिठोरिया। मंगलवार को पिठोरिया थाना परिसर में थाना दिवस के अवसर पर रिकवरी के 11 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपा गया। लाभुकों में काटमकुली के रवीन्द्र प्रसाद साहू, मायापुर ओरमांझी के राजू महतो सहित अन्य शामिल हैं। मोबाइल पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई राहुल कुमार और एसआई नीतीश कुमार के द्वारा मोबाइल फोन मालिकों को सौंपा गया। गौरतलब है कि मोबाइल गुम होने के संबंध में पिठोरिया थाना में सनहा दर्ज कराया गया था।

शिविर में 76 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

खलारी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में प्रधानाचार्य रंथु साहु और बुकबुका पंचायत के मुखिया पारसनाथ उरांव के नेतृत्व में सीसीएल डकरा द्वारा सवास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अनीता सालकर द्वारा 76 छात्र छात्राएं, शिक्षक ग्रामीणों ने जांच कराएं। जांच में विभिन्न प्रकार के बीमारियों का दवा दिया गया और वर्षा ऋतु के दिनों में अपने स्वास्थ्य को तंदुरुस्त और गंदगी से बचने के लिए उचित सलाह भी दिये। शिविर में ज्यादातर सर्दी, खांसी और बुखार का मरीज मिले। सभी को दवा के साथ सलाह दी गई।

टीपीसी ने फ्लाई ब्रिक्स के मुंशी से मांगी पांच लाख की रंगदारी

हुरहुरी का है मामला पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रातू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी द्वारा जमीन कारोबारी और ईंट व्यवसायियों से रंगदारी मांगने का सिलसिला जारी है। इस बार हुरहुरी स्थित सीमेंट ईंट फैक्ट्री फ्लाई ब्रिक्स के मुंशी चतरा जिले के सिमरिया निवासी 38 वर्षीय आदित्य यादव को निशाना बनाया गया। उसके मोबाइल पर ह्वाट्सएप कॉल कर फैक्ट्री चलाने की एवज में 5 लाख और इसके बाद हर माह 20 हजार की रंगदारी मांगी गयी है। नहीं देने पर उसे और ब्रिक्स के अन्य कर्मियों को जान मारने की धमकी मिली है। घटना 15 जुलाई की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। कॉल डिटेल्स भी खंगाले जा रहे हैं।

जानें क्या है मामला

आदित्य यादव सुबह 9 बजे फैक्ट्री का काम निपटा रहा था। इसी बीच उसके मोबाइल पर ह्वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने को टीपीसी का प्रधानजी बताया और रंगदारी की मांग की। इसके कुछ ही देर बाद वीडियो कॉल के जरिये उसे हथियार दिखाया गया। अगले दिन उसी नंबर से फिर वीडियो कॉल आयाए लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद से मुंशी और फैक्ट्री कर्मी भयभीत हैं।

चान्हो : नवविवाहिता ने दौली से मार कर मूक-बधिर पति को किया घायल

चान्हो। थाना क्षेत्र के रोल हुटरी गांव में एक नव विवाहिता महिला ने अपने मूकबधिर पति को तेज धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना सोमवार रात दस बजे की है। बताया जाता है कि हूटरी निवासी 24 वर्षीय विकास साहू को दौली का प्रहार से गर्दन का पिछला हिस्सा कट गया है। गंभीरावस्था में को रिम्स में भर्ती कराया गया है। पति को मारकर घायल करने वाली पत्नी कोयल देवी को चान्हो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के समक्ष कोयल देवी के बयान के आधार पर कोयल के पति और परिवार के अन्य सदस्य उसे मायके वालों से फोन पर बात नहीं करने देते थे, जिससे वह आहत थी। गुस्से में आकर खाना खाने के बाद विकास लघुशंका के लिए बाहर निकले थे, तभी पीछे से कोयल ने दौली से गर्दन के पीछे के हिस्से पर जोरदार वार कर दिया, जिससे विकास अचेत होकर वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद कोयला चिल्ला-चिल्ला कर घरवालों को बताने लगी कि किसी ने उसके पति पर हमला कर घायल कर दिया है। सूचना पर पहुंची थाना प्रभारी रंजय कुमार ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उनकी पत्नी कोयला ने अपनी जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने हमला में प्रयुक्त दौली को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार आठ माह पूर्व रामगढ़ जिले के गिद्दी रेलीगढ़ा की रहने वाली कोयल का विवाह रोल हुटरी निवासी पूरन साहू के मूकबधिर पुत्र विकास के साथ हुआ था।

फ्लोरेंस ग्रुप के शिविर में 706 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

ओरमांझी। फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा द्वारा मंगलवार को हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैम्प लगाया गया। मेदान्ता हॉस्पिटल एवं सेंटर फॉर साईट के सहयोग से लगी कैंप में 706 छात्र-छात्राओं व स्थानीय ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगा, जिसमें 76 लोगों ने ब्लड डोनेट किए। इससे पूर्व रविवार को हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल स्कालरशिप परीक्षा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें शामिल 360 परीक्षार्थियों में सफल 208 छात्र- छात्राओं का छात्रवृति के तहत उनके फीस में भी कटौती की गई। इसकी जानकारी संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने दी और कैंप को सफल बनाने में सहयोग करने वालों व चिकित्सकों के प्रति अभार जताया। वहीं अपने स्वास्थ्य जांच कराने पहुचे स्थानीय ग्रामीणों ने बताया हाजी एहसान अंसारी एक सामाजिक कार्यकर्ता थे।

एक नजर में

एयरोसॉफ्ट हेल्थ केयर ने बांटा नियुक्ति पत्र

GPS Map Camera
Ranchi, Jharkhand, India
C66M+P88, Ranchi, Jharkhand 835222, India
Lat 23.411652°
Long 85.233268°

लाभार्थियों के साथ एके विजय व अन्य।

रातू। काठीटांड़ चौक स्थित एयरोसॉफ्ट हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत प्लेसमेंट ड्राइव और स्टार एल्युमिनी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत श्रमए नियोजनए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी कार्यक्रम सहायक अमित कुमार विजयए कृष्णकांत गुप्ताए ऋषिकेश आर्यन व सेंटर हेड रंजीत वर्मा ने किया। इस प्रोग्राम का उदेश्य 2 से 6 महीने की अवधि में ट्रेनिंग कर रोजगार से जुड़ना है। प्लेसमेंट ड्राइव में कार्यक्रम सहायक अमित कुमार विजय ने टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। इसमें एसपी अपैरल लिमिटेड त्रिपुराए तमिलनाडुए कोवल इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ;कंसेंट्रिक एमएनसीद्ध रांचीए ऑबर्न डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड रांची की कम्पनियों ने हिस्सा लिया। समारोह में 70 लोगों का चयन किया गया। 50 के बीच नियुक्ति पत्र बांटी गयी। इससे छात्रों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और हेल्थ केयर के प्रति आभार जताया। इससे पूर्व संस्थान के रंजीत वर्मा ने श्री विजय को सम्मानित किया। मौके पर ट्रेनर और स्टाफ आदि मौजूद थे।

सांसद ने किया साल्हन खेल मैदान में शेड का उद्घाटन

अनगड़ा। प्रखण्ड क्षेत्र अर्तगत साल्हन खेल मैदान में मंगलवार को सांसद संजय सेठ ने मदरा मुण्डा फुटबॉल शेड का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद श्री सेठ ने कहा कि खेल और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस शेड का निमार्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन की अथक प्रयास से सालहन के पास स्वर्णरेखा नदी में उच्च स्तरीय पूल बन जाने से वह सिर्फ बीस से पच्चीस मिनट में रांची से अनगड़ा पहुँच जातें हैं। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि इस शेड का निर्माण हुआ सांसद मद से किया गया है। उन्होंने कहा कि इस खेल मैदान की जमीन पर सरकार बिजली का सब स्टेशन बनाना चाहती थी परन्तु हम सबों और सांसद सजय सेठ के प्रयास से इस खेल मैदान को बचाया गया। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, खिजरी सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सिकन्दर अंसारी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहु, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, अजय कुमार महतो, रितेश उरांव, दुर्गा महतो, रामशाय मुण्डा, शिबू मुंडा, राजू प्रमाणिक, रामपद चौधरी, सुप्रेश महतो सहित सकडो महिला-पुरुष उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कांके प्रखंड कार्यालय के समक्ष आजसू का धरना

बीडीओ और सीओ के खिलाफ की नारेबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

कांके। आजसू पार्टी द्वारा कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड आजसू कमेटी के बैनर तले कार्यकर्ताओं द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांके ब्लॉक चौक से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कांके प्रखंड सह अंचल मुख्यालय पहुंचे। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में धरना पर बैठकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई। मौके पर आजसू नेताओं द्वारा आरोप लगाते हुए कहा गया किए कांके प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां पर दाखिल खारिज के नाम पर मोटी रकम दलालों के माध्यम से वसूला जाता है। हर कर्मचारी अपना अपना एक दलाल पाल कर रखे हुए हैं। ग्रामीणों से लगान रसीद निर्गत करने के नाम पर और पंजी दो में ऑनलाइन मौजा, खाता, प्लॉट सुधार के नाम पर मोटी रकम के रूप में घुस ली जा रही है। बिना चढ़ावा के कांके अंचल में कोई भी काम नहीं होता है। वही प्रखंड कार्यालय पर भी प्रधानमंत्री आवास के नाम पर 10-10 हजार रुपये की वसूली की जाती है।

कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन असांरी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, वीरेंद्र नारायण तिवारी, मोजिबुल अंसारी हकीम अंसारी, तनवीर आलम राजेंद्र शाही मुंडा बनमाली मंडल नईम असांरी संजय महतो रामजीत गंझू पार्वती देवी सत्यनारायण मुंडा रूपलाल महतो प्रखंड अध्यक्ष अमन लाल शाहदेव सुरेंद्र महतो महमूद आलम एतवा उरांव किशोर महतो मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

निविदा रद्ध की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- DWSD/GAR-10/2023-24, दिनांक-03.07.2023 Construction of 200x150 mm dia & 150 mtr. depth HYDT, Supplying and installation of 2.0 HP Solar Motor pump set, Const. Of Soak pit and Const. Of 08 Seater Community toilet etc. work **at Primary Health Centre, Kandi** under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24 कार्य जो PR No. 301378 Drinking Water and Sanitation 23-24 (D) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है :-

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा

PR 302651 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

मैट्रिक के बाद भविष्य खुद तय करें विद्यार्थी

सम्मान सम्मारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। न्यू स्वर्णरेखा हाई स्कूल गुडू ओरमांझी में मंगलवार को कुरमी उत्थान समिति द्वारा मेघा छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजन किया गया। मैट्रिक व इंटर में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 50 छात्र-छत्राओं को हिंदी इंग्लिश शब्दकोष, पेन व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सबसे ज्यादा अंक लाने वाले प्रखंड टॉपर न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुड्डु के रवि कुमार महतो 96.6 प्रतिशत व आशीष कुमार महतो 96.2 प्रतिशत के साथ अन्य छात्रों को मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू व विषिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह मांडू विधायक जयप्रकाया भाई पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। आदित्य साहू ने छात्र-छात्राओं व अभिवाक के साथ कुरमी उत्थान समिति के सदस्यों की सरहाना की और कहा बच्चों की प्रोत्सहित करने में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों से कहा मैट्रिक के बाद अपना भविष्य खुद तय करना है। उन्होने छात्र-छात्राओं से अपने रूचि अनुरूप विषय लेकर आगे की पढ़ाई करने को कहा। कार्यक्रम में तीर्थनाथ महतो, सचिव अलखनाथ महतो, कोषाध्यक्ष, कामेश्वर महतो, अरविंद कुमार बब्बलू, सुनील महतो, चंद्रमोहन महतो, रामलखन महतो, राजेंद्र चौधरी, धनंजय महतो मौजूद थे।

रोजगार को लेकर लंबा धौड़ा छठ घाट के ग्रामीणों की बैठक

खलारी। डकरा डम्प व रोजगार को लेकर खलारी लंबा धौड़ा छठ घाट में ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्याम जी महतो व संचालन राजकुमार महतो ने किया। बैठक में डकरा डम्प व रोजगार के संदर्भ में लम्बा धौड़ा के ग्रामीणों के साथ चर्चा किया गया। चर्चा में बताया गया कि डकरा डम्प संचालन समिति के द्वारा नौ महीने से छलने व ठगने का कार्य कर रही है। रोजकगर के नाम पर लंबा धौड़ा के ग्रामीणों से आधार कार्डएसहित आय प्रमाण पत्र व फोटो लेकर एक डायरी बना कर दिया गया था। जिससे कि रोजगार के नाम पर कुछ रुपये प्राप्त हो सके। जो कि डम्प संचालन समिति के द्वारा अब तक कुछ नही हुआ। इसके लिए ग्रामीणों ने कई बार संचालन समिति के समक्ष वार्ता भी किये।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI

Very Short e-Quotation No. 05/2023-24 (2nd Call)
P.R. No. 300928 Drinking Water and Sanitation (23-24)D

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer/departmental registered contractor having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying and installation of LED lighting system and other accessories under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 24.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,Ranchi

PR 302595 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

झारखंड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई-अति अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या:-01/R4/2022-23/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक 13.07.2023 जो PR No 302337 Rural Works Department (22-23)D द्वारा प्रकाशित हुआ था, के कंडिका (2), (3), (4) एवं (5) में निम्न प्रकार संशोधित कर प्रकाशित की जाती है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 15.07.2023 के जगह पर 24.07.2023 पढ़ा जाय।
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 22.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे के जगह पर 31.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
4. "(क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल रॉंची अथवा जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने के स्थान" के जगह पर जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला एवं कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला पढ़ा जाय।
   निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 24.07.2023 के जगह पर 01.08.2023 अपराह्न 2.00 बजे पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.07.2023 के जगह पर 02.08.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे पढ़ा जाय।
   बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल गुमला

PR 302609 Rural Work Department(23-24).D

खखरा गांव में किसान जागरूकता कार्यक्रम

ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के खखरा गांव में मंगलवार को किसान गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय, रांची, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र और रामकृष्ण मिशन, रांची के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्रए राँची द्वारा समूह प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण के तहत किसानों को एक एकड़ के लिए आठ-आठ किलो अरहर तथा उरद बीज तथा 26 किलो सोयाबीन बीज का वितरण किया गया। साथ ही किसानो को के नैनो यूरिया, सागरिकाए जीवामृत तथा तकनीकी लिफलेट भी दिया गया। मौके पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि मौजूदा मौसम मे दलहन और तिलहन का खेती लाभप्रद है। उन्होंने किसानों को इसकी विशेषता एवं गुणवत्ता के बारें में बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक मनोज कुमार द्वारा अरहर, उरद एवं सोयाबीन खेती की तकनीकी से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दिए। कार्यक्रम मे उषा कुमारी, संजय कुमार सिंह, एटीएम शुक्ला सरकार समेत किसानों ने भाग लिया।

शपथ-पत्र

हम (1) शंकर नाथ राय, पिता स्व० बत्ता कृष्ण राय (2) कृष्णनाथ राय पिता स्व० गुरु प्रसाद राय, निवासी-2ए और 28 बी ली रोड कोलकाता 20 शपथपूर्वक बयान करते है।
यह कि हम भारतीय नागरिक है तथा उपरोक्त पते का निवासी है।
यह कि हमारा मौजा-बुंडू, थाना-बुंडू खाता नं. 3, प्लॉट नं. 3393, रकबा 42 डी जमीन आरएस खतियान में हमारे पूर्वज राजा जानकी नाथ राय वगैरह के नाम से दर्ज है।
यह कि खतियानी रैयतों के मृत्यु के बाद हमदोनों उनके वैधानिक उत्तराधिकारी है एंव उपरोक्त जमीन के मालिक है।
यह कि यदि उक्त जमीन के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति का किसी प्रकार का आपत्ति या दावा हो तो हमारे उपरोक्त पते पर आकर मिल सकते है या हमारा टेलिफोन नंबर-9230519695 पर 10 दिनों के अंदर संपर्क कर सकते है।
यह कि यदि कोई भी व्यक्ति 10 दिनों के अंदर किसी प्रकार का आपत्ति नहीं करते हैं या हमलोगों से संपर्क नहीं करते है तो यह माना जायेगा कि उक्त जमीन पर किसी का कोई आपत्ति या दावा नहीं है। इसके बाद हम उक्त जमीन को जैसा चाहे वैसा उपयोग कर सकते हैं।
यह कि उपरोक्त लिखी गई सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।
यह शपथ पत्र संख्या 0673 दिनांक 17 जुलाई, 2023 को रांची में सम्पन्न किया गया।

धर्मांतरण करने वालों को आदिवासी नहीं समझा जायेगा

जनजातीय सुरक्षा मंच के संयोजक बने सुनील उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज के लोग।

ओरमांझी। डीलिस्टिंग महारैली को लेकर प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र सदमा पंचायत के अंतर्गत प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सदमा मैदान में मंगलवार को जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुखिया सुनील उरांव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और कार्तिक उरांव के द्वारा 70 के दशक में लोकसभा की संयुक्त संसदीय बैठक में निहित विषयों की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसने जनजाति आदिवासी मत आस्था विश्वास रूढ़ि प्रथा का परित्याग कर लिया हो और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा। 24 दिसंबर को रांची में आदिवासी उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली आयोजन किया जाएगा। इस रैली को सफल बनाने हेतु एक जनजाति सुरक्षा मंच की टोली का गठन किया गया। जिसमें संयोजक सुनील उरांव सह संयोजक विजय तिर्की शिबू उरांव, रविंद्र मुंडा, मीडिया प्रभारी अमित मुंडा, संपर्क प्रमुख बाबूलाल उरांव, युवा प्रमुख गोविंद मुंडा शामिल हैं।

कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, रांची जिला मीडिया प्रभारी हिंदुवा उरांव व शिवचरण करमाली, काके प्रखंड प्रभारी सोनू मुंडा, शंकर मुंडा, राजेश राम, नील महतो, मोहन मुंडा, अनिल मुंडा, रवि मुंडा, प्रवेश भोगता, साईनाथ बेदिया, अमरनाथ भोक्ता, जेठु बेदिया, निखिल मुंडा, परिवेंद्र मुंडा, सुमित मुंडा आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पंचायत, डोमचॉंच

(द्वितीय) इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या - 04/2023-24 दिनांक - 15.07.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डोमचॉंच नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि अगस्त 2023 से जुलाई 2026 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिष्ठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शुल्क- 1000/- (एक हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक - 19.07.2023 से 26.07.2023 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। निबंधित डाक/कार्यालय में प्राप्त आवेदनो को दिनांक 01.08.2023 से 02.08.2023 तक सत्यापन की जायेगी एवं दिनांक - 03.08.2023 से 04.08.2023 तक आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 05.08.2023 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का आवंटन उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में गठित कमिटि के सदस्यों के समक्ष कार्यालय, नगर पंचायत डोमचॉंच के द्वारा तैयार सूची को प्राथमिकता दी जायेगी एवं लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित / रदद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है -

क0सं0	आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान	दुकानो की संख्या	आवंटन का स्थान	आवंटन की तिथि एवं समय	सुरक्षित जमा राशि प्रति दुकान (रूपये में)	प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में)	आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में)
1	नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सांस्कृतिक भवन के सामने, वार्ड सं0 09 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10"X10" (भू-तल-07 दुकान)	07	उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा	दिनांक - 05.08.2023 समय- 01:00 बजे अपराह्न	350000/-	3500/-	1000/-
2	नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सांस्कृतिक भवन के सामने, वार्ड सं0 09 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10"X15" (भू-तल-05 दुकान)	05	उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा	दिनांक - 05.08.2023 समय- 01:00 बजे अपराह्न	450000/-	4500/-	1000/-

नोट :- निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर पंचायत डोमचॉंच

PR 302617 (Urban Development) 23-24 (D)

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार. 19 जुलाई 2023

डूबते शहर

विडंबना यह है कि हमने पानी के प्राकृतिक बहाव के तमाम स्त्रोतों को मिट्टी से पाटकर उन पर ऊंची-ऊंची मंजिलें खड़ी कर दी हैं। लेकिन जिन विभागों की जिम्मेदारी है कि जल निकासी के पर्याप्त प्रबंधन के बाद नक्शे पास किये जाएं, वे ले-देकर चुप हो जाते हैं। पानी का स्वभाव है कि वह ऊंचे स्थान से नीचे की तरफ बहता है। निचले स्थानों पर कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। जिन विभागों की जिम्मेदारी इनकी निगरानी करना था, वे आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। वहीं राजनेता भी वोट बैंक के लिये ऐसे स्थानों पर नई बस्तियां बसा देते हैं जहां नदी का विस्तार क्षेत्र होता है। यमुना की बाढ़ के पानी ने ऐसे ही स्थानों से लोगों को सबसे पहले विस्थापित किया। सही मायनों में दिल्ली के नये शासकों को पता भी नहीं होगा कि दिल्ली की जल निकासी के लिये पिछली सदी के आठवें दशक में जो मास्टर प्लान बना था, उसमें बदलाव के लिये इस सदी में कोई कोशिश हुई भी कि नहीं। दरअसल, अंधे विकास ने उन तमाम खाली स्थानों को भर दिया है जहां स्थित तालाबों-नालों में बारिश का पानी निकलकर लोगों को जल भराव से बचाता था। कमोबेश देश के तमाम छोटे-बड़े शहर जलभराव के संकट से जूझ रहे हैं। निस्संदेह, दिल्ली का संकट नीति-नियंताओं के लिये चेतावनी है कि यदि निरंतर बढ़ती शहरी आबादी के दबाव के अनुसार जल निकासी की वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्था नहीं की गई तो जलभराव का संकट लगातार गहरा होता जायेगा। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई सहित देश के शहरों के डूबने का सिलसिला लगातार जारी है। शहरों में अनियंत्रित बसाव से बड़ी-बड़ी समस्या खड़ी हो रही है। निश्चित तौर पर यह देश के लिए चिंता और शर्म की बात है आधुनिक विकास के साधनों के रहते हुए ऐसा कैसे हो रहा है।

कार्यकाल पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाये जाने को अवैध बताते हुए सरकार से उन्हें 31 जुलाई तक हटाने को कहा है। हालांकि, तीसरी बार बढ़ाया गया उनका कार्यकाल अभी 18 नवंबर तक था। कोर्ट ने सरकार से इस पद पर बीस दिन में नयी नियुक्ति करने को कहा है। कोर्ट का मानना है कि मिश्रा का तीसरा कार्यकाल बढ़ाया जाना अवैध है। दरअसल, कोर्ट पहले भी सरकार को कह चुकी थी कि संजय मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार न बढ़ाया जाये। सरकार की दलील थी कि वे अभी मनी लॉन्ड्रिंग समेत कई महत्वपूर्ण मामलों की निगरानी कर रहे हैं। जिसकी वजह से नई नियुक्ति के लिये सरकार कुछ समय चाहती है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने यह फैसला कॉमन कॉज नामक स्वयंसेवी संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।दरअसल, वर्ष 2021 में जब कोर्ट ने निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने से मना किया था तो इसके खिलाफ केंद्र सरकार 2021 में सेंट्रल विजिलेंस कमीशन एक्ट में बदलाव के लिये एक अध्यादेश लायी थी। इस संशोधन में प्रावधान रखा गया कि देश की महत्वपूर्ण जांच एजेंसियों के निदेशक को पांच साल तक सेवा विस्तार दिया जा सकता है। तदुपरांत केंद्र ने तीसरी बार संजय मिश्रा का कार्यकाल 18 नवंबर 2023 तक बढ़ा दिया। हालांकि, कोर्ट ने कार्यकाल बढ़ाने वाले कानून में बदलाव को वैध माना, लेकिन नियुक्ति को अवैध ठहराया। कोर्ट का मानना था कि किसी भी जांच एजेंसी के निदेशक का कार्यकाल बढ़ाया जाना तार्किक होना चाहिए। इस फैसले के खिलाफ कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस ने भी याचिका दायर की थी।

बोलिये कम करिये अधिक

विचार-प्रवाह



श्रीराम शर्मा आचार्य

हमारी कोई सुनता नहीं, कहते कहते थक गए पर सुनने वाले कोई सुनते नहीं अर्थात् उन पर कुछ असर ही नहीं होता'- मेरी राय में इसमें सुनने वाले से अधिक दोष कहने वाले का है। कहने वाले करना नहीं जानते। वे अपनी ओर देखें। आत्म-निरीक्षण कार्य की शून्यता की साक्षी दे देगा। वचन की सफलता का सारा दारोमदार कर्मशीलता में है। आप चाहे बोलें नहीं, थोड़ा ही बोलें पर कार्य में जुट जाइए। आप थोड़े ही दिनों में देखेंगे कि लोग बिना कहे आपकी ओर खिंचे आ रहे हैं। अतः कहिए कम, करिए अधिक। क्योंकि बोलने का प्रभाव तो क्षणिक होगा और कार्य का प्रभाव स्थाई होता है।

पौरुष की पुकार

साहस ने हमें पुकारा है। समय ने, युग ने, कर्तव्य ने, उत्तरदायित्व ने, विवेक ने, पौरुष ने हमें पुकारा है। यह पुकार अनसुनी न की जा सकेगी। आत्म-निर्माण के लिए, नव- निर्माण के लिए हम कांटों से भरे रास्तों का स्वागत करेंगे और आगे बढ़ेंगे। लोग क्या कहते हैं और क्या करते हैं, इसकी चिंता कौन करे? अपनी आत्मा ही मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त है। लोग अँधेरे में भटकते हैं, भटकते रहें। हम अपने विवेक के प्रकाश का अवलंबन कर स्वतः ही आगे बढ़ेंगे। कौन विरोध करता है, कौन समर्थन? इसकी गणना कौन करे? अपनी अंतरात्मा, अपना साहस अपने साथ है और हम वही करेंगे, जो करना अपने जैसे सजग व्यक्तियों के लिए उचित और उपयुक्त है।

कार्टून वर्ल्ड



समुद्र में प्रदूषण...

साभार : कार्टून मूवमेंट डॉटकाम

लेटर टू एडिटर

गलत भाषा

हाल ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **- पूनम, रांची**

रोकें भ्रमजाल

चुनाव का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशीकांत, रांची**

पर्यावरण अनुकूल सस्ती बिजली ही विकल्प





- भरत झुनझुनवाला

> सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है।

तूफान, सूखा और कोविड जैसी समस्याओं से ग्रसित है। ये समस्याएं कहीं न कहीं मनुष्य द्वारा पर्यावरण में अत्यधिक दखल देने के कारण उत्पन्न हुई दिखती हैं। इस दखल का एक प्रमुख कारण बिजली का उत्पादन है। थर्मल पावर को बनाने के लिए बड़े क्षेत्रों में जंगलों को काट कर कोयले का खनन किया जा रहा है। इससे वनस्पति और पशु प्रभावित हो रहे हैं। जलविद्युत के उत्पादन के लिए नदियों को अवरोधित किया जा रहा है और मछलियों की जीविका दूभर हो रही है। लेकिन मनुष्य को बिजली की आवश्यकता भी है। अक्सर किसी देश के नागरिकों के जीवन स्तर को प्रति व्यक्ति बिजली की खपत से आंका जाता है। अतएव ऐसा रास्ता निकालना है कि हम बिजली का उत्पादन कर सकें और पर्यावरण के दुष्प्रभावों को भी सीमित कर सकें।

अपने देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्त्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमें दूसरे देशों से कोयला भारी मात्रा में आयात करना पड़ रहा है। यदि कोयला आयात करके हम अपने जंगलों को बचा भी लें तो आस्ट्रेलिया जैसे निर्यातक देशों में जंगलों के कटने और कोयले के खनन से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होंगे वे हमें भी प्रभावित करेंगे ही। कोयले को जलाने में कार्बन का उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है, जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और तूफान, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाएं उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही हैं। बिजली उत्पादन का दूसरा स्त्रोत जल विद्युत अथवा हाइड्रोपावर है। इस विधि को एक साफ सुथरी तकनीक कहा जाता है चूंकि इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। थर्मल पावर में एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 900 ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है जबकि जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में जो सीमेंट और लोहा आदि का उपयोग होता है, उसको बनाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन प्रति यूनिट का उत्सर्जन होता है। जलविद्युत में कार्बन उत्सर्जन में शुद्ध कमी 600 ग्राम प्रति यूनिट आती है जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन जलविद्युत बनाने में दूसरे तमाम पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जैसे सुरंग को बनाने में विस्फोट किये जाते हैं, जिससे जलस्त्रोत सूखते हैं और भूस्खलन होता है। बैराज बनाने से मछलियों का आवागमन बाधित होता और जलीय जैव विविधिता नष्ट होती है। बड़े बांधों में सेडीमेंट जमा हो जाता है और सेडीमेंट के न पहुंचने के कारण गंगासागर जैसे हमारे तटीय क्षेत्र समुद्र की गोद में समाने की दिशा में हैं। पानी को टर्बाइन में माथे जाने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है। इस प्रकार थर्मल और हाइड्रो दोनों ही स्त्रोतों की पर्यावरणीय समस्या है। सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है और इसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी तुलना में कम हैं। लेकिन सौर ऊर्जा में समस्या यह है कि यह केवल दिन के समय में बनती है। रात में और बरसात के समय बादलों के आने-जाने के कारण इसका उत्पादन अनिश्चित रहता है। ऐसे में हम सौर ऊर्जा से अपनी सुबह, शाम और रात की बिजली की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते हैं।

इसका उत्तम उपाय है कि स्टैंड अलोन यानी कि स्वतंत्र पम्प स्टोरेज विद्युत परियोजनायें बनायी जाएं। इन परियोजनायों में दो बड़े तालाब बनाये जाते हैं। एक तालाब ऊंचाई पर और दूसरा नीचे बनाया जाता है। दिन के समय जब सौर ऊर्जा उपलब्ध होती है तब नीचे के तालाब से पानी को ऊपर के तालाब में पम्प करके रख लिया जाता है। इसके बाद सायंकाल और रात में जब बिजली की जरूरत होती है तब ऊपर से पानी को छोड़ कर बिजली बनाते हुए नीचे के तालाब में लाया जाता है। अगले दिन उस पानी को पुनः ऊपर पंप कर दिया जाता है। वही पानी बार-बार ऊपर-नीचे होता रहता है। इस प्रकार दिन की सौर ऊर्जा को सुबह, शाम और रात की बिजली में परिवर्तित किया जा सकता है।

विद्यमान जलविद्युत परियोजनाओं को ही पम्प स्टोरेज में ही तबदील कर दिया जाता है। जैसे टिहरी बांध के नीचे कोटेश्वर जलविद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित कर दिया गया है। दिन के समय इस परियोजना से पानी को नीचे से ऊपर टिहरी झील में वापस डाला जाता है और रात के समय उसी टिहरी झील से पानी को निकाल कर पुनः बिजली बनाई जाती है। विद्यमान जल विद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित करके दिन की बिजली को रात की बिजली में बदलने का खर्च मात्र 40 पैसे प्रति यूनिट आता है। इसलिए तीन रुपये की सौर ऊर्जा को हम 40 पैसे के अतिरिक्त खर्च से सुबह-शाम की बिजली में परिवर्तित कर सकते हैं। लेकिन इसमें समस्या यह है कि टिहरी और कोटेश्वर जल विद्युत परियोजनाओं से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होते हैं, वे तो होते ही रहते हैं। कुएं से निकले और खाई में गिरे। सौर ऊर्जा को बनाया लेकिन उसे रात की बिजले बनाने में पुनः नदियों को नष्ट किया।

इस समस्या का उत्तम विकल्प यह है कि हम स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना बनाएं जैसा ऊपर बताया गया है। इन परियोजनाओं को नदी के पाट से अलग बनाया जा सकता है। किसी भी पहाड़ के ऊपर और नीचे उपयुक्त स्थान देख कर दो तालाब बनाये जा सकते हैं। ऐसा करने से नदी के बहाव में व्यवधान पैदा नहीं होगा। ऐसी स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना से दिन की बिजली को रात की बिजली में परिवर्तित करने में अनुमान है कि तीन रुपये प्रति यूनिट का खर्चा आएगा।

अतः यदि हम सौर ऊर्जा के साथ स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजनाएं लगायें तो हम छह रुपये में रात की बिजली उपलब्ध करा सकते हैं जो कि थर्मल बिजली के मूल्य के बराबर होगा। इसके अतिरिक्त जब कभी-कभी अकस्मात ग्रिड पर लोड कम-ज्यादा होता है,

खास बात

सबसे पहले दिल्ली स्मार्ट होती!

ऋतुपर्ण दवे

देशवासियों ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी। उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट सिटीज मिशन का आगाज किया । यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी। पटना, रांची सहित पोर्टब्लेयर, विशाखापत्तनम, तिरुपति, काकीनाडा, अमरावती, पासीघाट, गुवाहाटी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ, पटना सहित सौ शहर हैं।

स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिए शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके।

मिशन के लिए 7,2 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहत आईसीटी का परिचय, आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया।

योजना को लागू हुए नौ बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अंतर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रॉस्ट्रक्चर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया।

एक चेहरे पर कई चेहरे लगा लेते हैं लोग।
इन लोगों को एक फ्रेम में देखकर देश की जनता कह रही है कि ये तो कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है।
– सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा

आपके ट्वीट

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री ओमान चांडी जी के निधन से देश ने आज एक प्रगतिशील और जन नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।**– हेमंत सोरेन, सीएम**

अपने सांसद आदर्श ग्राम बेड़ोकला (बरकट्ठा) में दुलकी नदी पर पुल निर्माण कार्य के शिलान्यास के लिए पहुंची तो जनता जनार्दन ने जिस प्रकार स्नेह बरसाया कि अंतर्मन पुलकित हो उठा। **– अन्नपूर्णा देवी**

योगिक श्वसन से हो सकती है आयु में वृद्धि

स्वामी मुक्तरथ

गर्भ से बाहर आते ही शिशु स्वतंत्र जीव होता है। जीवन रक्षा के लिए उसे पहली बार श्वास लेनी पड़ती है ।पहली श्वसन क्रिया में उसे जो कष्ट और पीड़ा होती है, उसकी अभिव्यक्ति शिशु के प्रथम रुदन में सुनी जाती हैं। सांस लेने और छोड़ने का यह अनवरत क्रम मृत्यु पर्यंत चलता रहता है। सांस का चलना ही जीवन की पहचान है। सांस का रुक जाना मृत्यु है।

वायुमंडल में अनेक प्रकार के गैस, धुआं, पानी की वाष्प आदि सूक्ष्म कण पाए जाते हैं। इनमें से 15-20% ऑक्सीजन गैस होती है, यही प्राणवायु रक्त में मिलकर पूरे शरीर में दौड़ जाती है। रक्त हमारे प्रत्येक भाग तक पहुंचकर पोषक तत्व तथा उर्जा पहुंचाता है।

श्वास नलिका वाला मार्ग दो श्वास नलिकाओं में विभाजित होकर सूक्ष्म नलिकाओं द्वारा दोनों फेफड़ों में वायु पहुंचाता है। दोनों फेफड़ों में लगभग 65 करोड प्रकोष्ठ होते हैं। यदि इन सब को भरा जाए तो साढे छ लीटर आयतन की वायु इसमें समा सकती हैं। उसके वायु में ऑक्सीजन का विच्छेदन तथा और अवशोषण किया जाता।वायुमंडल में ऑक्सीजन की पूर्ति करते रहने की व्यवस्था प्रकृति में वृक्षों तथा सूर्य को सौंपी है। सूर्य की रोशनी तथा ताप पाकर वृक्षों के पत्ते कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन को छोड़ते हैं।

पीपल, नीम, तुलसी और बङ के पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं। अतः श्वास रोगियों को इन वृक्षों के नीचे प्रतिदिन आधा घंटा बैठकर गहरी श्वास भरनी चाहिए। इस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा सांस लेने और छोड़ने की जो क्रिया होती है वह श्वसन क्रिया कहलाती है।

योग दर्शन

यदि व्यक्ति प्रतिदिन 10 मिनट निरंतर प्राणायम करें तो श्वास संबंधी कोई भी समस्या उस व्यक्ति को नहीं आ सकती है। प्रतिदिन व्यक्ति को अपने शरीर के श्वसन प्रक्रिया को निरंतर चलाने के लिए ताड़ासन, विरासन, त्रिकोण आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायम में कपालभाति, भस्त्रिका, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी आदि करके श्वसन क्रिया को सुचारु रुप से स्वस्थ और तंदुरुस्त रखा जा सकता है।

प्राणायम करते समय श्वास नली, फेफड़ो और पेट में जो हलचल होती है, उससे शरीर के भीतर और बाहर कंपन-अकंपन उत्पन्न होती है । इन कम्पन का शरीर के भीतर भागों पर आश्चर्यजनक प्रभाव आसानी से अनुभव किया जा सकता है।इस प्रभाव व अनुभव को संवेदना भी कहा जा सकता है। सही श्वसन क्रिया में एक बार में 24 सेकंड लगते हैं ।इस प्रकार 1 मिनट में कुल ढाई बार ही श्वसन क्रिया हो सकेगा ।हम एक मिनट में 16 से 18 बार श्वास लेकर छोड़ देते हैं, इस जल्दी बाजी के कारण ना तो शरीर की आवश्यकताओं की समुचित पूर्ती हो पाती है और ना ही शरीर ठीक से शुद्ध हो पाता है। योगिक विधि से श्वास लेने वाला व्यक्ति, सामान्य श्वास लेने वालों द्वारा 1 घंटे में लिए जाने वाली ऑक्सीजन के बराबरी, सिर्फ 1 मिनट में ही कर लेता है। इस तरह 24 या 25 योगिक श्वसन भरकर सामान्य व्यक्ति से दो गुना लाभ सहज ही उठाया जा सकता है। यदि हम श्वास की समस्या है तो हमें यह पता करना चाहिए की श्वास की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कौन सा प्राणायाम करने की आवश्यकता है।

जब हम उदर प्राणायम करते हैं तब हो गहरी श्वास लेते हैं और श्वास पेट के अंदर तक ले जाते हैं। तब फेफड़े में अधिक मात्रा में वायु चली जाती हैं, जिससे हमारी तो श्वास लेने की क्रिया ठीक हो जाती है। मनुष्य को अपना जीवन लंबे समय तक जीने के लिए श्वसन क्रिया की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। **(लेखक करियर काउंसलर हैं।)**

स्वर योग से होता है शक्तियों का जागरण

डॉ परिणीता सिंह

स्वर के माध्यम से मनुष्य आत्मसाक्षात्कार की अवस्था को भी प्राप्त कर सकता।

स्वरों का संतुलन योग के अनेक पद्धतियों द्वारा किया जा सकता है।

तीन विशेष प्राणायाम जो शरीर मे प्रतिरोधक क्षमता एवं आत्मबल को बढ़ाता है, वो हैं - भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी ।स्वर योग एक वृहद विज्ञान है ।प्रत्येक व्यक्ति में भिन्नता श्वसन प्रक्रिया के अनुसार पाई जाती है।

इन स्वरों में परिवर्तन कर के रोगों से मुक्ति या स्वस्थ शरीर को ही प्राप्त नहीं कर सकते, वरन् यह हमारे सूक्ष्म शरीर में स्थित शक्तियों को भी जगाने का कार्य करती हैं।

स्वर के माध्यम से मनुष्य आत्मसाक्षात्कार की अवस्था को भी प्राप्त कर सकता। यह स्वर हमारे दायीं एवं बायीं नासिका से प्रवाहित होने वाली प्राणशक्ति है। दाईं नासिका को सूर्य नाड़ी एवं बाईं नासिका को चंद्र नाड़ी कहते हैं। यह दोनों नाडिया हमारे मस्तिष्क के दोनों गोलार्द्ध पर प्रभाव डालती हैं। हमारा दाहिना गोलार्द्ध समग्र सोच, रचनात्मक, कल्पना, अनुभूति, अन्तर्ज्ञान के लिए तथा बायां गोलार्द्ध तर्कसंगत, तार्किक विश्लेषण, गणितीय संगणना के लिए उत्तरदायी है ।जब हम स्वर प्रभाव द्वारा अपने प्राण के प्रति सजग होते हैं तो यह प्राण मस्तिष्क की गोलार्द्ध के साथ संपूर्ण मस्तिष्क के कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालता है। स्मरण शक्ति, संकल्प शक्ति, संचार, स्वशन केंद्र, भूख, प्यास, शरीर तापमान के अलावा अवचेतन एवं चेतन मन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

योग ज्ञान

> भस्त्रिका प्राणायाम द्वारा वात, पित्त और कफ को शरीर में संतुलित किया जाता है जो शरीर को आंतरिक दृढ़ता प्रदान करता है । नाड़ी शोधन प्रणाम जिसमें लंबी गहरी श्वास ली जाती है और छोड़ी जाती है, जो रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है।

यह बदलाव मनुष्य के तीनों शरीर (स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण) पर पड़ता है। जिस कारण मस्तिष्क का निष्क्रिय भाग पर भी प्राण का प्रभाव होने लगता है। प्राण प्रभाव इन भागों में प्राणिक चेतना को जागृत करता है। इन स्वरों का संतुलन योग के अनेक पद्धतियों द्वारा किया जा सकता है, परंतु प्राणायाम सबसे सुगम मार्ग है।

विभिन्न प्रकार के प्राणायाम द्वारा इन्हीं सूर्य एवं चंद्र को संतुलित किया जाता है। यह मस्तिष्क को शांति एवं स्थिरता के साथ पंचप्राण को भी व्यवस्थित करता है।

तीन विशेष प्राणायाम जो शरीर को स्वस्थ शरीर के साथ प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है, वो हैं - भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी। यह तीनों प्राणायाम शरीर के सूक्ष्म स्तर पर परिवर्तन लाता है, जो स्थूल शरीर द्वारा परिलक्षित होता है। भस्त्रिका प्राणायाम द्वारा वात, पित्त और कफ को शरीर में संतुलित किया जाता है जो शरीर को आंतरिक दृढ़ता प्रदान करता है।

नाड़ी शोधन प्रणाम जिसमें लंबी गहरी श्वास ली जाती है और छोड़ी जाती है, जो रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है। यह अभ्यास शुद्धीकरण का भी काम करता है।

भ्रामरी प्राणायाम मस्तिष्क को शांत एवं एकाग्र बनाया जाता है। शरीर के अंदर स्रावित होने वाले हारमोंस का स्राव भी अच्छे से होता है, जो मनुष्य की मनोदशा, विचारों एवं जीवनी शक्ति में सकारात्मकता लाता है। **(लेखिका वाइस प्रेसिडेंट इंडियन योग एसोसिएशन सह डायरेक्टर, डिवाइन योगा अकेडमी हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स
प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची
(झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं

रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

झामुमो ने पतरातू में लगाया शिविर

भुरकुंडा (रामगढ़)। झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने मंगलवार को पतरातू प्रखंड विकास कार्यालय सह अंचल कार्यालय पतरातू में दौरा किया। दर्जनों ग्रामीणों का पेंशन, सड़क, नाली, राशन कार्ड सहित जमीन से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी कराया गया। झामुमो के वरिष्ठ नेता लव महतो ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड द्वारा प्रखंड कार्यालय पतरातू में जन समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाया जायेगा।

वर्ष में दो बार मिलेगी साड़ी-धोती

भुरकुंडा (रामगढ़) बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मंगलवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सरोज देवी के दुकान में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा लाभुकों के बीच साड़ी व धोती का वितरण किया गया। सत्यवंती देवी ने कहा कि झारखंड सरकार के इस योजना से क्षेत्र के लाभुक काफी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के तहत वर्ष में दो बार मात्र 20 लेकर साड़ी व धोती जन वितरण प्रणाली के डीलर के माध्यम से दिया जाता है।

सब्जी बाजार को शिफ्ट करने की मांग

रामगढ़। मरार , सेवटा व रांची रोड वासियों ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर बताया कि रांची रोड एनएच-33 के किनारे सैकड़ों की संख्या में लोग सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। ज्ञापन में लोगों ने कहा की सड़क किनारे लग रहे सब्जी बाजार के कारण वहां गुजरने वाले वाहनों से हमेशा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बताया की सब्जी बेचने के दौरान घटी सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया की बाजार के निकट ही खाता नं 96, प्लॉट नं 980, रकबा 3 एकड़ गैर मजरूआ भूमि उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया की उक्त भूखंड पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे मुक्त करवाकर वहां मार्केटिंग कॉम्पलेक्स बनाकर सब्जी बेचने वालों को वहीं शिफ्ट किया जाए।

खोपड़िया बाबा धर्मशाला समिति की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पुरण बाला श्री हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की पुरानी कमेटी के सदस्यों की बैठक मंगलवार को समिति के उपाध्यक्ष सुखदेवराम के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर रख-रखवा व निर्माण से संबंधित कई विवादों और प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो की खोपड़िया बाबा धर्मशाला जीर्णोद्धार को लेकर बाजार में ही दो समितियों का निर्माण हो गया है। पुरानी समिति ने बताया की मन्दिर से संबंधित करवाई के लिए लिखित जानकारी भुरकुंडा ओपी प्रभारी, अंचल व जिला प्रशासन के आला अधिकारी को भी ज्ञापन के माध्यम से दिया गया है। अब दूसरे स्मार पत्र की छाया प्रति मुख्यमंत्री को डाक के माध्यम से भेजी गई है।

दुर्गा पूजा को ले नयी कमेटी गठित

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा में सोमवार की देर शाम पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूजा की सफलता को ले दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भुरकुंडा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी एवं रबिन मुखर्जी को संरक्षक बनाया गया। वहीं बाबूलाल नायक को अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपी गई। जबकि नरेश साहू को सचिव, विक्कू रजक, बुधन गोस्वामी व राजेश अग्रवाल को उपाध्यक्ष, उज्जवल उपाध्याय को कोषाध्यक्ष और ओम प्रकाश गुप्ता को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं निगरानी सदस्यों में अमित शर्मा, विनय मिश्रा, रूपेश दुबे, राजू पांडे, बिल्लू अग्रवाल, राजू सरकार, सक्रिय सदस्यों में पवन गुप्ता, सूरज, आदित्य करमाली, करण गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अनुराग, ऋषभ मिश्रा उर्फ माइकल, संतोष कुमार गुप्ता, संजय साहू, विक्की, रघुनंदन प्रसाद, राहुल रवानी एवं सचिन गुप्ता शामिल हैं।

गरीबों की सेवा जारी रहेगी : माला

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला के सिविल सर्जन डक्टर प्रभात कुमार के उत्कृष्ट कार्य व उनके योगदान के लिए सरकार से सम्मान प्राप्त होने पर लायंस क्लब भुरकुंडा के तत्वावधान में नारी शक्ति प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंगलवार को उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान लायंस क्लब भुरकुंडा ने सिविल सर्जन ड प्रभात कुमार से मुलाकात कर उनकी पूरी टीम को शुभाकाएं दी। साथ ही क्लब की लायन अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने ड प्रभात कुमार को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर माला शर्मा ने कहा कि ड प्रभात कुमार की योगदानों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि क्लब उत्ष्ट कार्यों को सम्मान और जरूरतमंदो की सेवा निरंतर जारी रखेगी। ज्ञात हो कि रामगढ़ जिला के सिविल सर्जन डक्टर प्रभात कुमार को उनके उत्ष्ट कार्यों के लिए सरकार से सम्मान प्राप्त हुआ है। सिविल सर्जन और उनकी पुरी टीम की मेहनत से जो सम्मान मिला है इससे रामगढ़ जिला के तमाम लोग खुद को भी गौरवान्वित महससू कर रहे हैं। मौके पर पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, पूर्व सचिव लायन विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, चेयर पर्सन राजेश अग्रवाल, लायन अखिलेश शर्मा, अखिलेश टोप्पो, रमेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

पुलिस हिरासत में युवक की मौत

मामले का अनुसंधान सीआइडी करेगी : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा निवासी 22 वर्षीय असफाक खान पिता आबिद खान की मौत पुलिस हिरासत मे हो गयी।

जानकारी के अनुसार मृतक असफाक को एक घर में चोरी के आरोप में पकड़ा गया था। जहां ग्रामीणों ने उसे बरही पुलिस को सुपुर्द कर दिया था।परंतु सुबह युवक की स्थिति खराब हो जाने के कारण लगभग सवा ग्यारह बजे पुलिस द्वारा युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मृतक अस्पताल में ही छोड़ कर चली गई। युवक की मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजन व ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में जुटकर अस्पताल के सामने सड़क जाम कर पुलिस के विरुद्ध में नारेबाजी करने लगे।जाम में शामिल ग्रामीणों ने शामिल पुलिस अधिकारी को निलंबित कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग के लिए अडिग रही।वस्तुस्थिति को देखते हुए जाम को हटाने एवं विधि व्यवस्था बनाने के लिए सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो घटना स्थल पर पहुंच कर विधि व्यवस्था कायम करने में जुट गए।

ग्रामीणों व परिजनों को आश्वासन देते विधायक व पुलिस अधिकारी।

इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने, मुआवजा सहित सभी दोषी पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

घटना के बाद करीब पांच बजे हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे बरही थाना पहुंचकर हाजत समेत थाना के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार रात चोरी की घटना में युवक असफाख खान को पकड़कर लाकर हाजत में रखा गया था। अगले दिन न्यायालय में ले जाने से पूर्व मेडिकल कराने हेतु पुलिस पदाधिकारी पहुंचे, तो युवक मूर्छित अवस्था मे पाया गया। तत्काल उसे मूर्छित अवस्था मे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि यह मामला पुलिस के कस्टडी में मौत हुई है इसलिए नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के गाइडलाइन के अनुपालन करते हुए आगे की कार्रवाई करेंगे। कहा कि मामले की प्राथमिकी दर्ज करते हुए सीआईडी रांची को अनुशंसा कर सुपुर्द कर दिया जाएगा। डीएसपी बरही के रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दंडाधिकारी व मेडिकल बोर्ड की उपस्थिति में अंत्यपरीक्षण किया जाएगा। अगला अनुसंधान अपराध अनुसंधान विभाग रांची करेगी। पुलिस अधिकारियों एवं विधायक उमाशंकर अकेला के आश्वासन पर जाम हटाया गया।

मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, युवा नेता संजय मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, सुनील साहू, छद्दू गोप,प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सहजाद खान, केदार यादव, रिजवान अली, विनय साव, मोतीलाल चौधरी, मो यूसुफ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अपराधियों की गिरफ्तारी को टॉस्क फोर्स गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। एटीएस के डीएसपी और दरोगा और सिपाहियों पर हमले के बाद अब पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। रांची की एटीएस टीम के साथ-साथ रामगढ़ जिला पुलिस ने भी एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाया है।

अपराधी चाहे किसी भी स्थान पर छुपे हो, उन्हें हर हाल में गिरफ्तार करने का निर्देश भी जारी किया गया है। एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि दारोगा सोनू साहू की हालत अच्छी है, उन्हें कोई खतरा नहीं है। वारदात के दौरान सड़क दुर्घटना में जवान भी घायल हुए थे जिनका इलाज चल रहा है।

कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

बक्से नहीं जाएंगे हमला करने वाले अपराधी: पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पूरी पतरातू क्षेत्र में कॉबिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस हमला करने वाले अमन साहू गैंग के गुर्गे को शिद्दत से तलाश रही है। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वाले अपराधी बक्से नहीं जाएंगे। उन्होंने बताया कि हमला में अमन साहू गैंग के अपराधियों का हाथ है। वहीं चर्चा है कि पुलिस पर बॉबी नामक अपराधी द्वारा गोलीबारी की गई है।

एक नजर में

आवास कर्मी संघ की हड़ताल जारी

हजारीबाग। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत जिला एवं प्रखंडों में कार्यरत कर्मियों के द्वारा लगातार दूसरे दिन हड़ताल जारी है। भवनाथपुर, गढ़वा के प्रखंड समन्वयक सिराज अंसारी की हत्या एवं अपने विभिन्न मांगों के पूर्ण नहीं होने के विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल राज्य आवास कर्मी संघ, झारखंड, रांची के तत्वाधान में की गई है। जिसमें संपूर्ण राज्य में आवास निर्माण की प्रगति का कार्य रुक गया है। किसी भी लाभुक का जियोटैग एवं किस्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा है । मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मियों के हजारीबाग इकाई से जुड़े लोगों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। संघ से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यरत कर्मियों का पद प्रशासन पद व समिति से स्वीकृत कराने सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक मनीष जायसवाल से विधानसभा में उठाने की मांग की। जायसवाल ने मानसून सत्र में सरकार के समक्ष इनकी मांगों को उठाने का आश्वासन दिया ।

चरही में स्क्रैप से लदा वाहन जब्त

चरही । रविवार रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सअनि बैजनाथ प्रसाद मेहता एवम शस्त्र बल के सहयोग से डब्लू बी 55बी/4564 ट्रक वाहन पकड़ा गया ।चालक पुलिस को देख वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा ।ट्रक के सत्यापन करने के उपरांत अवैध स्क्रैप लोड पाया गया ।थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि ट्रक पर लदे स्क्रैप चोरी की है ।जिसे चरही के समीप बोकारो नदी के पास पकड़ी गई ।आगे बताया गया कि स्क्रैप तस्कर सीसीएल के कोलियरी से लोहा चोरी कर भाग रहे थे ।जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी ।इस स्क्रैप को ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा था ।ट्रक और उस पर लदे स्क्रैप को जब्त कर थाना लाया गया।

दारू : पारा शिक्षक पर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोप, छात्रा ने खाया जहर

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। मध्य विद्यालय दारू के पारा शिक्षक मुकेश कुमार सिन्हा पर एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। इस हरकत से आहत छात्रा ने शनिवार को घर में रखे सल्फास की गोली खाकर अपनी जान देने का प्रयास किया। छात्रा का शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में इलाज किया गया जहां वह खतरे से बाहार बताई गई। सोमवार को छात्रा की तबीयत ठीक होने पर उसने बयान अस्पताल में दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि वह नौवीं वर्ग की छात्रा है और पारा शिक्षक का घर उसके घर के बगल में है।

शिक्षक को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा : थाना प्रभारी

वह एक फॉर्म भराने के लिए शिक्षक के घर गई थी। फार्म भराने के बहाने शिक्षक उसे अपने छत के ऊपर बने कमरे में ले गया और एक स्प्रे उसपर छिड़क दिया जिससे वह वह बेहोश हो गई। होश में आने के बाद उसने अपना कपड़े को अस्त-व्यस्त देखा और उसे अपने साथ किसी अनहोनी की आशंका हुई । शिक्षक अपने नीचे वाले कमरे में चले गए थे जिसके बाद उसे यह एहसास हुआ कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। छात्रा ने कोचिंग के शिक्षक को बताया। शिक्षक ने कोचिंग सेंटर में छात्रा की मां को बुलाकर शनिवार को यह बात बताई जिसके बाद छात्रा ने घर आकर चावल के बोरे में रखे सल्फास की गोली को खा लिया। जिसके बाद शिक्षक और उसके परिजनों की सहायता से उसे आनन-फानन में हजारीबाग अस्पताल में पहुंचाया गया। शिक्षक मुकेश ने बताया कि मेरे ऊपर लगे आरोप झूठे ओर बेबुनियाद है। छात्रा की मेडिकल जांच करा ली जाय ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाय। इस मामले में दारू थाना में कांड संख्या 56/23 के तहत धारा 376, 306, 4/8 पोक्सो एक्ट मामला दर्ज किया गया है । थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि शिक्षक को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा ।

यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार, गया जेल

दारू। पुलिस ने मुजफ्फर बिहार के शंकर राज नामक को यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। कोयं की किशोरी सुनीता कुमारी (बदला हुआ नाम) ने इस युवक के खिलाफ आवेदन दिया था। उन्होंने आवेदन में कहा है कि आज से दो साल पूर्व फेसबुक से मुजफ्फरपुर के युवक शंकर राज से दोस्ती हुई। इसी बीच इन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग परवान चढ़ गया। मार्च 2023 को शंकर बिहार से दारू थाना क्षेत्र के झुमरा पहुंच कर किशोरी को अपने साथ हजारीबाग के किसी होटल में ले गया। जहां शारीरिक सबंध बनाया। जिसका वीडिओ क्लिप युवक ने बनाया। विडिओ वायरल करने की धमकी देकर बराबर शारीरिक संबंध बनाने को कहता था। इससे तंग आकर युवती ने दारू थाना में आवेदन दिया। दारू पुलिस ने कोर्रा से युवक को गिरफ्तार कर लिया।

नया स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जल्द बनेगा : उपायुक्त

हजारीबाग ओलंपिक संघ को नैंसी सहाय ने दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपायुक्त को पौधा दिया। पदाधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष ज्ञापन सौंपा है। जिसमें खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बातें रखी गई है। उपायुक्त से संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग के बच्चे खेल के प्रति जागरूक हो रहे हैं, हजारीबाग में खेल को बढ़ावा देना होगा। बच्चों को विभिन्न सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण करना होगा साथ ही बच्चों के प्रति खेल की भावनाओं को देखते हुए हर्ष अजमेरा ने उपायुक्त के समक्ष नया स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण कराने की बात को रखा।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि बच्चों को हर संभव मदद किया जाएगा। नया स्पोर्ट्स कॉन्प्लेक्स के लिए 10 करोड़ की लागत से भवन तैयार किया जाएगा जिसका फाइल रांची चला गया है। हम सब बच्चों के साथ हमेशा खड़े हैं।

अजमेरा ने उपायुक्त का आभार जताते हुए कहा कि खेल को आगे बढ़ाना ही हम सभी का लक्ष्य हैं, बच्चे खेल के प्रति जागरूक हो रहे हैं उन्हें हर संभव मदद करना हम सबों का सबसे बड़ा कर्तव्य होगा। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा, सचिव सी. दास, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

संजय सेठ ने लोकनाथ महतो को दिया सम्मान

बड़कागांव। बड़कागांव विधानसभा के तीन बार विधायक रह चुके उत्कृष्ट पूर्व विधायक लोकनाथ महतो का रांची सांसद संजय सेठ ने अपने अवास रांची में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान लोकनाथ महतो का सम्मान करते हुए सांसद संजय सेठ अभिभूत हो गए। लोकनाथ महतो ने कहा कि भाजपाइयों में दूसरे कार्यकर्ताओं का सम्मान करने की पुरानी परंपरा चली आ रही है। एक शिष्टाचार मुलाकात थी, सांसद संजय सेठ का त्वरित काम करने का कार्य से मुझे काफी खुशी मिली। मौके पर उपस्थित लोगों में हजारीबाग जिला पिछड़ी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, राधेश्याम अग्रवाल के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

जलसहिया संघ ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

बड़कागांव। जिला जलसहिया संघ ने विधायक अंबा प्रसाद को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि सभी जलसहिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों को ग्राम स्तर पर 10-12 वर्षों से काम रहे हैं।

पत्र में पूर्व सरकार द्वारा दिए जा रहे 1000 मासिक मानदेय बकाया के साथ वापस करने, निर्वाचन के पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक मानदेय भुगतान का वादा पूर्ण करने, कार्यकाल में मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ एवं 20 लाख का बीमा भुगतान करने, विभाग के रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर जल सहिया की नियुक्ति में प्राथमिकता देने एवं ठेकेदारों को काम न देकर जलसहिया को जल स्वच्छता संबंधी कार्य दिए जाने की मांग शामिल है। विधायक ने कहा कि मानसून सत्र में आप लोग का सभी मांग विधानसभा में उठायेंगे।

हॉलैंड की महिला प्रेमी के लिए हजारीबाग पहुंची

सोनू केशरी

हजारीबाग। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक और गेमिंग साइट्स पर होने वाले प्यार के चर्चे बहुत जोरों पर हैं। अभी भारतीय मीडिया में पाकिस्तानी सीमा हैदर की इश्क की महागाथा पूरे शबाब पर है तो हजारीबाग भी इस मामले में पीछे नहीं है। यहां भी इश्क की खुशबू वातावरण को आह्लादित कर रही है। हजारीबाग जिले के खुटरा पंचायत का रहने वाला युवा जिसने हॉलैंड की एक महिला को अपने प्यार में इतना पागल कर दिया को वो घर, परिवार सब त्याग अपने प्रेमी के साथ रहने उसके घर हजारीबाग अपने सात वर्षीय बच्ची के साथ आ गयी। युवक का नाम सद्दाम है। सद्दाम ने बताया कि उसकी दोस्ती हॉलैंड निवासी वैलेंटिना से तीन वर्ष पहले (2019) इंस्टाग्राम के माध्यम से हुयी थी।

युवती से शुरूआत में कम बातें होती थी, धीरे धीरे कब ज्यादा बातें होने लगी पता ही नहीं चला। 2021 के अंतिम महीने में दोस्ती प्यार में बदला और हम दोनों ने एक दूसरे को प्रोपोज कर दिया।

इंस्टाग्राम पर प्यार

बात बढ़ी तो युवती ने मेरे साथ जीवन गुजारने की इच्छा जाहिर की और भारत आने को तैयार हो गयी। वह युवती हॉलैंड से हजारीबाग के खुर्द पंचायत पहुंच गई। यह घटना 2022 की है। वो टूरिस्ट वीसा पर आयी थी। टूरिस्ट वीसा समय समाप्त होने के पहले ही 2022 में वह फिर हॉलैंड लौट गयी।

दोनों में बातचीत चलता रहा और अब चार दिन पूर्व फिर वह हजारीबाग पहुंच लौट आयी है । महिला उम्र में मुझसे बड़ी है पर उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं उसके साथ जिन्दगी गुजरना चाहता हूं।

कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार
(गोपनीय शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला इकाई, लातेहार के जिला प्रबंध समिति (District Managing Committe) के निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले सदस्य एवं सभी प्रकार के लाईफ मेम्बर को सूचित किया जाता है कि जिला प्रबंध समिति के निर्वाचन में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची/ मतदाता सूची अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार/ सभी प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार जिला के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर अवलोकन कर सकते हैं तथा किसी सदस्य को यदि आपत्ति हो तो दिनांक- 24.07.2023 तक अपना आपत्ति अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार में दाखिल कर सकते हैं। जिला प्रबंधन समिति (कार्यकारिणी सदस्य) के गठन/निर्वाचन हेतु निम्न प्रकार कार्यक्रम निर्धारित किया जाता हैं :-

1.	नामांकन फार्म मिलने की तिथि समय एवं स्थान-	दिनांक- 26.07.2023 से 31.07.2023 तक पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक स्थान- अनुमण्डल गोपनीय शाखा, लातेहार (कार्यदिवस के कार्य अवधि में)
2.	नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि समय एवं स्थान-	दिनांक- 01.08.2023 को पूर्वा0 11:30 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान- अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
3	स्क्रूटनी की तिथि समय एवं स्थान-	दिनांक- 02.08.2023 को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान- अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
4	नाम वापसी की तिथि समय एवं स्थान-	दिनांक- 03.08.2023 को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान- अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
5	आम सभा एवं चुनाव की तिथि	दिनांक- 08.08.2023 को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान- दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में)
6	मतगणना परिणाम की तिथि	दिनांक- 08.08.2023 को अप0 03:00 बजे से (स्थान- दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में)
7	जिला प्रबंधन समिति की पहली बैठक की तिथि	दिनांक- 11.08.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे से (स्थान- समाहरणालय, लातेहार के सभाकक्ष)

जिला प्रबंधन समिति (कार्यकारिणी सदस्य) हेतु पात्रता :- सोसाईटी के अभिदाता सदस्य (Patron, Vice Patron, Life Member & Life Associate) नोमिनेशन कर सकते है। नोमिनेशन पेपर दिनांक- 31.07.2023 से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार के गोपनीय शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी, लातेहार के सभी अभिदाता सदस्य (Patron, Vice Patron, Life Member & Life Associate) से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि दिनांक- 08.08.2023 को मतदान में अपने पहचान हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, बैंक या डाकघर के द्वारा फोटोयुक्त निर्गत पासबुक फोटोयुक्त पेशन संबंधी दस्तावेज में से किसी एक दस्तावेज को लेकर आयेगें तथा उन्हें अपने पहचान के रूप में दिखाना अनिवार्य होगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार

PR 302593 District(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या - 5/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :- दिनांक 22.07.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
(क)अधीक्षण अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अंचल, रॉची।
(ख)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
(ग) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला-1 ।
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :- दिनांक 28.07.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :- दिनांक 28.07.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
5 कार्य मद :- Critical Gap
6 कार्यो का विस्तृत विवरण :-

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमान विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण सं0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Gumla	Construction of 2 Room with Stair at Budha Mahadev Mandir Campus, Gumla, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla.	1621500.00	32500.00	5000.00	3 माह	चतुर्थ
2	Gumla	Construction of G.C.I Sheet Shed (40'-0" x 1'-0") at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla.	584500.00	12000.00	1250.00	1 माह	चतुर्थ
3	Gumla	Paver Block at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla, Dist-Gumla.	300000.00	6000.00	750.00	1 माह	चतुर्थ

निविदा की शर्तें:-

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

2- S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।

3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड- 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (28.07.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

sd/-
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 302604 Rural Work Department(23-24)D

क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट की चुनौतियों को सही ढंग से समझें

विनायक गोडसे, सीईओ, भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद

क्रिप्टोकरेंसी आधारित अर्थव्यवस्था का स्वरूप सही मायनों में वैश्विक है, और यह जरूरी नहीं है कि जिस भी देश में इसका लेन-देन होता है, वहां इसका संचालन या नियंत्रण बेहतरीन ढंग से हो। वैसे तो मुद्रा लिस्टिंग और ट्रेडिंग एक्सचेंज पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने और इसका आपराधिक इस्तेमाल होने से बचाने के लिए अपने-अपने नियंत्रण को सख्त कर रहे हैं, लेकिन संबंधित चेन में शामिल क्रिप्टो टोकन और अंतर्निहित विभिन्न लेन-देन का दुरुपयोग किए जाने की अभी भी व्यापक गुंजाइश है। कुछ टोकन ऐसे होते हैं जिनमें गोपनीयता और गुमनामी काफी अधिक होती है। यही कारण है कि ये टोकन स्वाभाविक रूप से अपराधियों को काफी लुभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20% खतरनाक आपराधिक हमले अब क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग से जुड़े होते हैं। आम इंटरनेट उपयोगकताओं से संवेदनशील संवाद को छिपाने के लिए एक सीक्रेट नेटवर्क बनाने के प्रयास के रूप में जो कुछ भी शुरू हुआ था उसने अब एक पूर्ण डार्कनेट का रूप ले लिया है। यह दरअसल अंतर्निहित प्रौद्योगिकियां उन सीक्रेट नेटवर्कों को दे देता है, जहां मानक ब्राउजरों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है और इनका सूचीकरण सर्च इंजनों द्वारा नहीं किया जाता है। इसके तहत विभिन्न तरह के फोरम, चैट रूम, फाइलों और पिक्चर होस्ट के माध्यम से संवाद कराया जाता है। इतना ही नहीं, इसने वाणिज्यिक सुविधाएं भी विकसित कीं जिससे अवैध लेन-देन के लिए विभिन्न बाजार उभर कर सामने आ गए। क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के बीच सांठगांठ होने के परिणामस्वरूप यह संदिग्ध लेन-देन एक नए स्तर पर पहुंच जाता है। बड़े पैमाने पर क्रिप्टोकरेंसी की चोरी करने या क्रिप्टोकरेंसी द्वारा वित्त पोषित अन्य कार्यों को अंजाम देने के प्रयासों के तहत साइबर अपराधी बड़ी तेजी से डार्क वेब की ओर रुख कर रहे हैं। इस तरह के माहौल में आपराधिक जांच करना बेहद कठिन हो गया है।

जो डार्कनेट होता है वहां वेबहोस्टिंग प्रदाताओं से संपर्क करने, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्राधिकरणों के माध्यम से काम करने, अदालती आदेशों की तामील करने एवं इनका अनुपालन सुनिश्चित करने, और संबंधित चीजों को हटाने के आदेश जैसे मानक कार्य नहीं हो पाएंगे। यूएनओडीसी की डार्कनेट खतरा आकलन रिपोर्ट 2020 के अनुसार, अवैध डार्कनेट बाजार में साइबरस्पेस और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग किया जाना दरअसल कानून पर अमल करने के मार्ग में एक बड़ी चुनौती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, टोर नेटवर्क में बाजारों की संख्या वर्ष 2011 के महज 1 से बढ़कर वर्ष 2019 में 118 हो गई। संबंधित उत्पादों की संख्या और विविधता भी बेहद ज्यादा बढ़ गई। उदाहरण के लिए, वल्हल्ला, जो कि एक डार्कवेब बाजार है, वर्ष 2015 के 5,000 से बढ़कर वर्ष 2018 में 13,000 हो गया। नशीली दवाओं (कोकीन, हेरोइन, एवं दर्द निवारक सहित), आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद, हैकिंग उपकरणों एवं सेवाओं, और कई अन्य वस्तुओं की बिक्री वहां होती है। कुछ ऑनलाइन बाजारों में तो यहां तक कि क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारियां और नकली दस्तावेज भी बेचे जाते हैं। इसके लिए पसंदीदा भुगतान विकल्प कोई और नहीं, बल्कि क्रिप्टोकरेंसी ही है। वैसे तो बिटकॉइन ही अभी भी इसके लिए प्रमुख मुद्रा है, लेकिन कहीं अधिक गोपनीयता और गुमनामी सुनिश्चित करने वाले टोकन का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोविड का प्रकोप बढ़ने के बाद टोर के उपयोगकताओं की संख?या काफी तेजी से बढ़ गई थी।

प्रमुख डार्कनेट में अक्सर डेटा को कई भागों में विभाजित करने, उसे एन्क्रिप्ट करने और फिर समकक्ष नोड्स के बीच उसे वितरित करने की विकेंद्रीकृत वितरित विधि का उपयोग किया जाता है। केवल इच्छित उपयोगकर्ता ही उनके साथ साझा की गई विभिन्न सीक्रेट की के माध्यम से इस तक पहुंच पाते हैं। उनमें से जो भी अगुवाई करता है वह एकतरफा टनल पर निर्भर करता है, जो कि या तो किसी गंतव्य पर ट्रैफिक भेजने के लिए बाहर की ओर अग्रसर हो सकती हैं या ट्रैफिक स्वीकार करने के लिए अंदर की ओर अग्रसर हो सकती हैं। वहीं, दूसरी ओर टोर ब्राउजर दरअसल टोर सर्किट नामक नेटवर्कों पर चलता है ताकि वेबसाइटों को ब्राउज करते समय उपयोगकताओं को गुमनाम रखा जा सके। यह वितरित नेटवर्क रिले के माध्यम से उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भेजता है जिसका प्रबंधन स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है, जो कि टोर नेटवर्क के रूप में भी जाने जाते हैं। डिस्क फोरेंसिक, मेमोरी फोरेंसिक, और नेटवर्क फोरेंसिक को जब डार्कवेब की मॉनिटरिंग के साथ जोड़ा जाता है, तो वे कलाकृतियों के निष्कर्षण, एम्बेडेड एंटी-फोरेंसिक तत्वों का पता लगाने, टोर ब्राउजर के पथ को जानने, संबंधित ट्रैफिक में अवरोध उत्पन्न करने, फाइल सिस्टम की मैपिंग करने और समयावधि का विश्लेषण करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

कानून प्रवर्तन एजेंसियां इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं। क्रिप्टो टोकन से जुड़ी आपराधिक जांच और संबंधित संचालन कार्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग देश की सीमाओं के भीतर और उसके पार काफी अधिक देखा जाता है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार के हितधारकों, विशेषकर क्रिप्टो एक्सचेंजों ने गैरकानूनी इस्?तेमाल पर लगाम लगाने के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया। जिम्मेदार क्रिप्टो एक्सचेंज कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। ब्लॉकचेन के विश्लेषण और क्रिप्टो जांच के अनेक तरीके उभर रहे हैं। इस प्रयास में सहायता के लिए अब विशिष्ट उपकरण, क्षमताएं, और सेवाएं तैयार की गई हैं।

दुनिया भर की कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से कुछ सफलता मिली। वे कुछ मामलों में कुछ लोगों या बाजारों की पहचान करने में सक्षम साबित हुई थीं। ठोस कार्रवाई के लिए खुफिया जानकारी जुटाने और समन्वित कार्यों का समय पर निष्पादन करने के लिए उच्च स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होती है। भौगोलिक सीमाओं से बाधाएं उत्पन्न होती हैं, क्षेत्राधिकार संबंधी चिंताएं बाधाओं का कारण बनती हैं, खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान के लिए अनुकूल नियम न होने से संबंधित जांच पटरी से उतर सकती है, और कानूनी प्रावधान न होने से आपराधिक अवसंरचना को जब्त करना मुश्किल हो सकता है।

सुसंगत, मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा की कमी अभी भी एक चुनौती है, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों की खतरा-पहचान क्षमता, प्राथमिकता निर्धारित करने और संसाधन जुटाने को काफी सीमित कर रही है। हालांकि, ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस [ओएसआईएनटी] तरीकों को देखते हुए संबंधित सूचनाएं साझा करने, डेटा विश्लेषण, विशेष उपकरणों का उद्भव करने, और विशेष कौशल का उपयोग करने को अक्सर क्रिप्टो और डार्क वेब से जुड़े अपराधों की जांच के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी चाहिए, विभिन्न युक्तियां सीखनी चाहिए, विभिन्न उपकरणों एवं तरीकों के बारे में स्वयं सचेत रहना चाहिए, और निजी क्षेत्र में उपलब्ध कौशल के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्हें संबंधित जानकारियों को आपस में जोड़ने, डार्कनेट पर हो रही विभिन्न गतिविधियों का खुलासा करने, और इस नेटवर्क के खिलाफ अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल होने के तरीके तलाशने चाहिए। डार्कनेट नेटवर्कों, सेवाओं, क्रिप्टोकरेंसी जांच, और सूचना एकत्र करने की विशेष राजनीतिक, नीतिगत और परिचालन समझ ही इसमें सफलता की कुंजी होगी, जैसा कि यूएनओडीसी ने सलाह दी है।

एनएफटी, एआई, और मेटावर्स के मौजूदा दौर में 13 और 14 जुलाई को एनसीआर में अपराध और सुरक्षा पर होने वाले जी20 सम्मेलन में इस बात पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा कि एक समाज के रूप में हम क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के वर्तमान जमाने में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में व्यापक प्रगति आखिरकार कैसे हासिल करते हैं।

ब्रिजस्टोन ने 200 महिलाओं को दी मैकेनिक और कमर्शियल ड्राइवर की ट्रेनिंग

महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की शुरूआत करते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया ने यंत्रिका कार्यक्रम के तहत, सम्मान सोसायटी के साथ मिलकर इंदौर में 200 से ज्यादा महिलाओं को पेशेवर ड्राइवर और मैकेनिक बनने की ट्रेनिंग दी गई है। इस पहल के तहत, 60 महिलाओं को दोपहिया वाहन मैकेनिक और 149 महिलाओं को ड्राइवर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से 10 महिला मैकेनिक, जून 2023 से मैकेनिक ऑन व्हील्स सर्विस में शामिल हो चुकी हैं। जो लोगों के घरों में दोपहिया वाहनों की सर्विसिंग के अलावा जरूरत पड़ने पर सड़क के किनारे आपातकालीन मरम्मत की सुविधा भी प्रदान करती हैं। इंदौर शहर के भीतर सभी लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

पहले बैच में प्रशिक्षण पाने वाली महिलाएं अब मास्टर ट्रेनर बन चुकी हैं, और वे दूसरी महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण पाने वाली ज्यादातर महिलाओं को दोपहिया वाहनों के शोरूम, सर्विस सेंटरों में रोजगार मिल चुका है, और कुछ ने तो अपना गैरेज भी शुरू कर दिया है। इस सफलता को बरकरार रखते हुए, 'मैकेनिक ऑन व्हील्स' इस कार्यक्रम के तहत लेटेस्ट पेशकश है।

सकारात्मक पहल

इस मौके पर ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर स्टेफानो सांचिनी ने कहा, ब्रिजस्टोन को मोबिलिटी सॉल्यूशंस मुहैया कराने के साथ-साथ विविधता, समानता और सभी के समावेश को बढ़ावा देने वाली कंपनी के रूप में खुद पर नाज है। महिला सशक्तिकरण की अपनी पहलों में हमने अपने दृष्टिकोण और अपने मूल्यों को अच्छी तरह से शामिल किया है। महिलाओं को ड्राइवर और मैकेनिक के रूप में प्रशिक्षित करना इसका एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्रशिक्षण पाने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना मोबिलिटी सॉल्यूशंस के प्रमुख स्तंभों में से एक है। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में महिलाएं मोबिलिटी का विकल्प चुन रही हैं, और वे पहचाने जाने योग्य सहायता सेवाओं की तलाश करती हैं। इस महत्वपूर्ण और अपरंपरागत क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जरूरत को देखते हुए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिससे यह पता चलता है कि अब महिलाएं भी मुख्यधारा के क्षेत्रों में काम-काज करने की इच्छुक हैं। इस पहल की मदद से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है। मैं इन सभी महिलाओं को बधाई देता हूँ, जिन्होंने सच्ची लगन और पूरी मेहनत के साथ एक नया कौशल सीखा है।

नंदनी राज ने चुना न्यायिक क्षेत्र में अपना करियर, परिवार से मिला पूरा सहयोग

नंदनी राज ने न्याय के क्षेत्र में अपना करियर चुना तो उनके परिजनों ने कहा कि यह लड़कियों का क्षेत्र नहीं है। लेकिन नंदनी को इस क्षेत्र की चुनौतियां पसंद थी और उन्होंने खबर मन्त्र के साथ बात चीत में बताया कि उन्हें न्यायिक क्षेत्र में ही सफलता अर्जित करना है।

रांची के शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ इंट्रेंस क्लासेस के डायरेक्टर सुबोध कुमार से मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंन छोटानागपुर लॉ कॉलेज रांची के प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सुबोध कुमार के उचित मार्गदर्शन से उन्हें प्रेरणा मिली। नंदनी ने बताया कि सर के पढ़ाने का ढंग इतना अच्छा है कि न्यायिक विषयों में भी छात्रों को सहजता से सब कुछ समझ में आ जाता है। नंदनी ने मारवाड़ी कॉलेज रांची से बी कॉम की परीक्षा 8.8 एसजीपीए से प्राप्त की। उसके पहले से ही लॉ के क्षेत्र में पढ़ाई आंरभ कर दिया।

नंदनी की आदर्श मां है जो रेल विभाग में हेल्थ सुपरिटेंडेंट हैं। उन्होंने हर मोढ़ पर उनका साथ दिया। लॉ में करियर चुनने पीछे एक बड़ी सोच है और न्यायिक व्यवस्था में सक्रियता के साथ सीधे उन लोगों को लाभ पहुंचाने का है। बिहार के डेहरी ऑन सोन से 12 वीं की परीक्षा पास करने के बाद उसने रांची के शैक्षणिक माहौल को अपने अनुकूल पाकर यहां आकर आगे की पढ़ाई के लिये चुना। उनके सपनों को कोरोना काल की कठिनाई से भी दो चार होना पड़ा लेकिन सुबोध सर ने उनका हौसला बढ़ाये रखा। अपनी तैयारी के लिये यूनिर्वसल प्रकाशन के स्तरीय पुस्तकों का प्रयोग किया।

न्यायिक परीक्षा में सफलता के लिये सामान्य अध्ययन, सामान्य ज्ञान,

अंग्रेजी, लीगल एवरनेस और लीगल ऐसे की बेहतर तैयारी सुबोध सर ने करायी। मेरे मामा जी कोडरमा कोर्ट में पेशकार है इसके अतिरिक्त न्यायिक क्षेत्र में मेरा कोई रिश्तेदार नहीं है।

लड़कियों के न्यायिक क्षेत्र में कम आने के सवाल पर कहती है कि लड़कियों के जीवन में जल्दी विवाह की भी एक बड़ी समस्या है। मेरे साथ पढ़ रही कई लड़कियों का विवाह जल्दी हो जाने के कारण वो निर्णय की स्थिति में ही नहीं होती है। उनका निर्णय और जीवन उनके पति और परिजनों के द्वारा उनकी स्थितियों पर ही निर्धारित होता है। यह पूछे जाने पर कि न्यायिक क्षेत्र में लड़कियों आना चाहिए और क्या कारण है कि इस क्षेत्र में लड़कियों की संख्या कम है नंदनी ने बताया कि लड़कियों को परिवार का सपोर्ट अवश्य मिलना चाहिए। इसके बिना वो न्यायिक क्षेत्र को चुनने में बहुत हिचकती है। इस क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा का भी कोई इश्यू नहीं है लेकिन आम जनों की एक नकरात्मक भाव के कारण कि यह क्षेत्र अति कठिन है इस क्षेत्र में लड़कियां कम आती है। लेकिन वर्तमान समय में परिवर्तन हो रहा है और उम्मीद हैकि आने वाले समय में न्यायिक क्षेत्र में लड़कियां तेजी से अपना करियर बनायेंगी। सुबोध लॉ इंट्रेस क्लासेस लॉ के क्षेत्र में देश के शीर्ष संस्थानों में एडमिशन की तैयारी के साथ ही न्यायिक परीक्षा की तैयारी के लिये जाना-माना व्यक्तित्व है। पूर्ण से गोल्ड मेडल के साथ लॉ की उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले सुबोध कुमार के पढ़ाने का ढंग एकदम हटकर है। यही कारण है कि विगत दो दशक में सस्थान से सैकड़ों छात्र सुबोध कुमार के मार्ग दर्शन में देश-विदश में न्यायिक क्षेत्र में उचें पदों पर जा चुके हैं।

विशेषकर क्लैट की तैयारी के लिये विशेष बैच भी चलाया जाता है। न्यायिक क्षेत्र में करियर आज भी गौरवमयी करियर है जो देश के तीन स्तंभों में एक है। वकालत के साथ आज देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में न्यायिक सलाहकार फर्मो के माध्यम से विधि का क्षेत्र लगातार व्यापक होता जा रहा है। **(प्रस्तुतिः मुरलीधर)**

चीनी कंपनी बीवाईडी भारत में एक अरब का निवेश करेगी

टेस्ला को टक्कर देने की तैयारी

अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी टेस्ला को चुनौती देने के लिए बीवाईडी दुनिया भर में विस्तार कर रही है। इसीलिए वह भारत में कारखाना लगाना चाहती है।

चीन की कंपनी बीवाईडी ने भारत में एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक कार और बैटरी बनाने के लिए 1 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया है। कंपनी की इस योजना की सीधी जानकारी रखने वाले तीन व्यक्तियों ने यह बताया।

नाम नहीं छापने की शर्त पर इन लोगों ने बताया कि बीवाईडी और हैदराबाद की निजी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर ने ईवी बनाने के लिए साझा उपक्रम स्थापित करने का प्रस्ताव भारतीय नियामकों को दिया है।

ईवी

चीन की कंपनी बीवाईडी ने भारत में एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक कार और बैटरी बनाने के लिए 1 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

बीवाईडी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी

कंपनी की योजना भविष्य में बीवाईडी ब्रांड की सभी इलेक्ट्रिक कारें भारत में उतारने की है। इनमें हैचबैक से लेकर लक्जरी मॉडल तक सभी शामिल होंगे। बीवाईडी इलेक्ट्रिक वाहन और प्लग-इन हाइब्रिड वाहन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।

इस बारे में पूछे जाने पर बीवाईडी ने तत्काल कुछ नहीं कहा। उसने पहले कहा था कि वह भारत में अपना कारखाना लगाना चाहती है। वाणिज्य और भारी उद्योग मंत्रालय ने भी इस मसले पर कोई जवाब नहीं दिया।

मेघा इंजीनियरिंग के साथ चार्जिंग लगायेगी बीवाईडी

अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी टेस?ला को चुनौती देने के लिए बीवाईडी दुनिया भर में विस्तार कर रही है। इसीलिए वह भारत में कारखाना लगाना चाहती है। भारत में उसका प्रस्ताव मंजूर हो गया तो अमेरिका के अलावा सभी प्रमुख वैश्विक बाजारों में उसकी पहुंच हो जाएगी।

बीवाईडी भारत में 20 करोड़ डॉलर का निवेश पहले ही कर चुकी है। इसके तहत वह कंपनियों को उनके इस्तेमाल के लिए एटो 3 इलेक्ट्रिक एसयूवी और ई6 ईवी बेचती है। इस साल लक्जरी इलेक्ट्रिक सिडैन सील उतारने की भी उसकी योजना है।

सूत्रों ने बताया कि निवेश प्रस्ताव में बीवाईडी और मेघा इंजीनियरिंग ने भारत में चार्जिंग स्टेशन लगाने तथा अनुसंधान एवं विकास और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना का भी खुलासा किया है। बीवाईडी भारत में देसी कंपनी टाटा मोटर्स और चीन की कंपनी एमजी मोटर को टक्कर देगी।

इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात शुल्क में रियायत पर वाणिज्य विभाग और आइटीवी मंत्रालय में मतभेद

आइटीए में भारत और एव के बीच विवाद के बीच आयात शुल्क में कटौती पर जोर दिया जा रहा है।

मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर 20 फीसदी आयात शुल्क में किसी खास देश के लिए कटौती करने के मसले पर वाणिज्य विभाग और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच मतभेद हो गया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता वार्ता को मद्देनजर रखते हुए वाणिज्य विभाग तकनीकी उत्पादों पर शुल्क घटाने की गुंजाइश देख रहा है मगर दूसरे मंत्रालय शुल्क के जरिये देसी उद्योगों को सहारा देना नहीं छोड़ना चाहते।

विश्व व्यापार संगठन में भारत और यूरोपीय संघ (एव) के बीच विवाद के बीच आयात शुल्क में कटौती पर जोर दिया जा रहा है। अब दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण तरीके से विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। अप्रैल में डब्ल्यूटीओ की एक समिति ने कहा था कि भारत ने संगठन के सूचना प्रौद्योगिकी समझौते के तहत शुल्क दर शून्य करने का वादा तोड़ा है। यूरोपीय संघ, जापान और चीनी ताइपे ने ऐसे ही तीन अलग-अलग मुद्दे उठाए थे।

भारत ने आइटीए पर हस्ताक्षर किए हैं, इसलिए उसे मोबाइल हैंडसेट सहित तमाम उत्पादों पर शुल्क खत्म करना पड़ेगा। मगर 2007-08 के बजट के बाद भारत ने चीन से सस्ते सामान का आयात रोकने और देसी विनिर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर शुल्क लगा दिया।

अब भारत की दलील है कि 1996 में जब उसने आइटीए पर दस्तखत किए थे, उस समय स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का वजूद ही नहीं था। इसलिए इन उत्पादों को भी उस समझौते के दायरे में रखना जरूरी नहीं है।

यूरोपीय आयोग के अनुसार भारत के इस उल्लंघन के कारण यूरोपीय संघ से ऐसी प्रौद्योगिकी का निर्यात सालाना 60 करोड़ डॉलर तक कम हो जाता है, जो काफी बड़ी रकम है।

वाणिज्य विभाग का कहना है कि इस शुल्क से ज्यादा असर नहीं पड़ा है क्योंकि कैलेंडर वर्ष 2020 में भारत में ऐसे सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों (आईसीटी) के कुल आयात में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी महज 3.03 फीसदी यानी करीब 55 करोड़ डॉलर थी।

हम शुल्क में किसी भी कटौती पर तभी विचार करेंगे जब दूरसंचार और आईटी मंत्रालय इसके लिए सहमत होंगे। फिलहाल वे शुल्क में रियायत देने को तैयार नहीं हैं।

दूसरी ओर यूरोपीय संघ के साथ ऋळअ वार्ता जारी है। सरकारी अधिकारी मान रहे हैं कि यह व्यापार समझौता पूरा करने में दोनों पक्षों को एक साल से अधिक समय लगेगा। ऐसे में दोनों पक्षों को बातचीत के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

संचार एवं आईटी मंत्रालय शुल्क में कोई रियायत देने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि वे देश में विनिर्माण को बढ़ावा देना चाहता है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी नई पहल को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर ऐसा किया जा रहा है। **(साभार बीएस)**

स्पीड न्यूज

मतदाता सूची सत्यापन को लेकर प्रशिक्षण

डुमरी। प्रखंड सभागार में बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में घर-घर मतदाता सूची सत्यापन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बीएलओ रजिस्टर, स्टीकर, प्रपत्र, एवं पर्ची बांटी गयी। सभी बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन करने को कहा गया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सत्यापन के कार्य में किसी तरी की त्रुटि न हो। स्वच्छ लोकतंत्र की स्थापना में मतदाताओं की अहम भूमिका होती है। मतदाताओं के सत्यापन से ही वोटरों की संख्या में सामने आयेगी।

बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

जारी। प्रखंड सभागार में बीडीओ सुमन गुप्ता ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने मनरेगा, 15वें वित्त, वृद्धा पेंशन, पेयजल एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समीक्षा किया। बीडीओ ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पांचों पंचायत के पंचायत सेवक गांव-गांव घूमकर लोगों का जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन जमा करें। साथ ही मनरेगा का समीक्षा कर कहा कि जो भी विकास योजनाएं चल रही है और पूर्ण हो चुकी है उससे बंद करें और पंचायत में नया योजना चालू करें। मौके पर बीपीओ कांति कुमारी, वसीम अंसारी, मुखिया फुलमाईत देवी, रजनी मिंज, माइकल कुजूर, चाजरेण मिंज, विनय एक्का, महेंद्र उरांव, विनोद उरांव, रंजीत उरांव भी थे।

जल सहियाओं ने घेरा विधायक आवास

गुमला। जल सहियाओं ने मंगलवार को अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर अपने विधायकों का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जल सहियाओं ने विधायकों से 51 माह से लंबित बकाया मानदेय, शौचालय निर्माण कार्य की प्रोत्साहन राशि, झारखंड सरकार के द्वारा सहियाओं को कार्य करने के लिए दिये जाने वाले टेब की मांग की। विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को उसके आवास पर महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिलाध्यक्ष कुंती देवी, ललिता उरांव, चंद्रिका देवी, गीता देवी, एतवारी मिंज, सुखमनी उरांव, रोमा कुजूर, सबिता नगेशिया आदि थे।

एनीमिया एक शांत महामारी है : प्रमोद

डुमरी। आकांक्षी प्रखंड डुमरी में हर महीने स्वास्थ्य के अलग-अलग थीम पर सीएचओ, एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविका का उन्मुखीकरण पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम के सहयोग से की जा रही है। इसे लेकर मंगलवार को बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पिरामल फाउंडेशन एडीसी टीम के प्रोग्राम मैनेजर मोहसिन हाशमी, प्रोग्राम लीड प्रमोद जायसवाल ने महिलाओं को कई जानकारी दी। कुल 150 फ्रंटलाइन वर्कर ने इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षक प्रमोद जायसवाल ने बताया कि हमारे देश में 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों में एनीमिया एक शांत महामारी है। हमें हर परिवार को इसके प्रति जागरूक करना होगा कि उनके बच्चों को आयरन से भरपूर आहार एवं आयरन फोलिक एसिड संपूर्ण खुराक मिले ताकि एनीमिया से बच सकें।

सलाहकार समिति गठन को लेकर बैठक

घाघरा। प्रखंड सभागार में गरिमा परियोजना के तहत सलाहकार समिति के गठन को लेकर मंगलवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसके सलाहकार समिति में बीडीओ, सीडीपीओ, थाना प्रभारी, एक एसएमटी या डीआरपी, सीएसओ या एनजीओ का एक प्रतिनिधि, डालसा का एक प्रतिनिधि, डीएम एसडी और बीपीएम को चुना गया। सलाहकार समिति गरिमा केंद्र के कामकाज ज्ञान और कौशल वृद्धि के लिए क्षमता वर्धन का इनपुट प्रदान करेगी। मौके पर बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, थाना प्रभारी अमित चौधरी, कल्याण पदाधिकारी बिनोदानंद पाठक, प्रदान से अभय कुमार, जेएसएलपीएस जिला के रविकांत मिश्रा व अन्य उपस्थित थे।

पशुपालन विभाग द्वारा लाभुकों के बीच, बत्तख चूजा का वितरण

सरयू। नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड पशुपालन प्रभारी डॉक्टर मीरा कुमारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत, प्रखंड के चोरहा, घासीटोला, गनेशपुर, पंचायत के लाभुकों के बीच बत्तख चुजा का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड पशुपालन प्रभारी डॉक्टर मीरा कुमारी ने बताई कि प्रत्येक लाभुकों के बीच 15, 15 पीस बत्तख चुजा दिया जा रहा है। चोरहा पंचायत के 9 लाभुक, घासीटोला पंचायत के 7, गनेशपुर पंचायत के 9 लाभुकों के बीच बत्तख चुजा का वितरण किया गया। मौके पर सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेर्म्बम, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, राजेश सिंह, पशुपालन विभाग के कर्मी, शिवनंदन सिंह, चंदन कुमार, समेत प्रखंड के अन्य कर्मी व लाभुक मौजूद थे।

दिव्यांगों के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

मझिआंव। रेफरल अस्पताल में दिव्यांगों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 97 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें जांच उपरांत मेंटल से संबंधित 15, ऑर्थो से पीड़ित से संबंधित दो एवं नेत्र से संबंधित 17 कुल मिलाकर 34 दिव्यांगों का सेलेक्ट किया गया। शिविर में मुख्य रूप से मेंटल चिकित्सक डॉ पीयूष प्रमोद एवं डॉ संजय कुमार के द्वारा सभी दिव्यांगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर के लिए अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने दिव्यांगों के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद उनका पंजीकरण 17 जुलाई को शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन भी इसी समाज का हिस्सा है। इसलिए उन्हें उपेक्षित नहीं बल्कि समाज में सम्मान के साथ जीने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिव्यांगों को सशक्तिकरण करने के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित कर रखी है। मौके पर सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

लोहरदगा जिला को राष्ट्रपति के हाथों मिला भूमि सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 09 राज्यों के सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीम के साथ भूमि सम्मान-2023 दिया। इसमें लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया। सम्मान के रूप में प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट दिया गया। जिला को यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएल आरएमपी) में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के लिए दिया गया है। लोहरदगा जिला समेत झारखंड राज्य के कुल नौ जिलों को यह सम्मान मिला है। यह कार्यक्रम मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया।

गुमला को मिला भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उपायुक्त ने किया प्राप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिले को एक और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि मिली। मंगलवार को दिल्ली स्थिति विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों भूमि सम्मान सर्टिफिकेट 2023 गुमला जिले को प्रदान किया गया। उक्त प्रमाण पत्र उपायुक्त सुशांत गौरव ने प्राप्त किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता एवं एसडीओ सदर रवि जैन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी एवं कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। ऐसे मंच पर गुमला को फिर एक बार राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि भूमि संबंधी राइट ऑफ रिकॉर्ड का बेहतर ढंग से डिजिटलाइजेशन करने वाले जिलों को भारत सरकार द्वारा भूमि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके लिए देशभर के 75 जिलों का भारत सरकार ने चयन किया था। जिसमें झारखंड के गुमला सहित 9 जिले शामिल है। इन जिले में गुमला के अलावा दुमका, गिरिडीह, चतरा, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और सिमडेगा शामिल है। झारखंड के इन 9 जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक राइट ऑफ रिकॉर्ड जिसमें सेल डीड, खतियान एवं अन्य भूमि संबंधित दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है।

गुमला डीसी को मोमेंटो व सर्टिफिकेट प्रदान करती राष्ट्रपति।

खास बातें : जानकारी के अनुसार डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत देश के 28 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के 766 जिले में भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इनमें बेहतर तरीके से भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने वाले गुमला सहित 75 जिले के उपायुक्त और अपर समाहर्ता को सम्मानित किया गया।

अधिक से अधिक लाभुकों को योजना से जोड़ें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में पशुपालन, सहकारिता, कृषि व मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहत राशि को राज्य की समेकित निधि में जमा करने तथा इस प्रकार के बैंक खातों को बंद करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए बकरी पालन, सुअर पालन, बत्तख पालन, मुर्गी पालन समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ गांव स्तर के ग्रामीणों को दें ताकि वे आजीविका का स्त्रोत बढ़ा सकें।

उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव से दो लोगों को चिन्हित करते हुए उन्होंने पशुओं के ईलाज के लिए प्रशिक्षित करें। उपायुक्त ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा किये। उपायुक्त ने के.सी.सी से संबंधित लंबित आवेदनों को निस्तारित करने का निर्देश दिये। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए अमृत सरोवर के तहत बन रहे सभी तालाब में मछली पालन विकसित करने के लिए समिति बनाने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

बैठक में पिछले बैठक में लिए गए निर्णय और कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही जीटी भारत और जेएसएलपीस को केवीके का भ्रमण कर वहां एकीकृत खेती का नमूना तैयार कर पुनः प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। एफपीओ के विकास के लिए और भी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए एवं अगली बैठक में सभी सीबीबीओ के द्वारा अपने एफपीओ का प्रस्तुतीकरण करने का निर्देश दिया गया।

पाटन थाना क्षेत्र से तीन लूटेरे गिरफ्तार, लूट का सामान बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/पाटन। पाटन थाना क्षेत्र के बंका नदी एवं ग्राम बरवाडीह के बीच अज्ञात अपराधियों द्वारा 24 जून को लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस लूटकांड की घटना में शहर थाना क्षेत्र के सुदना मुहल्ला निवासी सुरेश दूबे के पुत्र संजय कुमार दूबे जो एलआईसी एजेंट हैं। वे स्कूटी से वापस घर लौट रहे थे इसी बीच घात लगाये अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 38 हजार रूपये नकद, स्कूटी, तीन मोबाईल व अन्य सामान लूट लिये थे। जिसकी प्राथमिकी संजय कुमार दूबे ने पाटन थाना में दर्ज कराया था। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लूटकांड के बाद पुलिस अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर एवं तकनीकी सहयोग से पुलिस ने तीन लूटेरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर निवासी छबी पासवान के पुत्र आनंद कुमार को थाना लाया गया। उसने लूट की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर पूरे घटनाक्रम को बताया। उसके निशानदेही पर नावा जयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुआ निवासी बिनोद राम के पुत्र राहुल कुमार व पाटन थाना क्षेत्र के करर कला निवासी उमेश मोची के पुत्र सरोज कुमार उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक देसी कट्टा एवं लूट का मोबाईल बरामद किया गया है। जबकि सरोज कुमार के पास से लूट का मोबाईल व अन्य सामान बरामद किया गया है। वहीं आनंद कुमार के पास से लूटकांड में प्रयुक्त किया गया मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि तीनों लूटेरे पेशेवर हैं।

पत्रकारों का 20 से आमरण अनशन

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। कानूनी कार्रवाई से क्षुब्ध होकर पत्रकारों ने अब कमर कस लिया है जहां 20 जुलाई समय 10 बजे सुबह से सिमरिया सुभाष चौक के समीप आमरण अनशन करने पर मजबूर हो चुका है। इसके लेकर कानूनी प्रक्रिया के तहत अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय सिमरिया, पुलिस अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय सिमरिया, थाना प्रभारी कार्यालय को लिखित जानकारी दे दी गयी है। आमरण अनशन में पीड़ित अशोक कुमार, मोकिम अंसारी के अलावे और अन्य पत्रकार शामिल रहेंगे। वहीं अनशन में प्रखण्ड पत्रकार से लेकर जिला पत्रकार के अलावे अन्य जिले के सैकड़ों पत्रकार एवं पदाधिकारी अनशन के समर्थन एवं जायज मांग को लेकर शामिल होंगे। बता दें कि अभियुक्त भोला सिंह द्वारा बीते 14 जुलाई को पत्रकार अशोक के साथ मारपीट एवं रुपए और घड़ी लूट ली गयी थी। जिसे लेकर सिमरिया थाना में काण्ड संख्या 115/ 23 के तहत धारा 341,323,379,504,506 लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्त भोला सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जबकि भोला सिंह पर विभिन्न मामले में अब तक करीब दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। जिसमें कई बार जेल के सलाखों में रह कर आ चुका है। वहीं कई दर्जनों मामले में गुंडई और पुलिस की मिली भगत से मामले को रफा दफा कर दिया गया है।

जिले में बारिश कम हुई, किसान सीधे खेतों में धान की बुआई करें: डॉ संजय

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित निकरा परियोजना के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन एवं कृषि विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 95 वें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर गांव में किया गया।

इस कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ संजय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि तकनीक के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम किया जा सकता है। डॉ कुमार ने बताया कि जिस प्रकार जिले में बारिश कम हो रही है। उसे देखते हुए किसानों को धान की सीधी बुवाई पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही साथ कम दिन में तैयार होने वाले प्रभेद का चयन करना चाहिए। एक कार्यक्रम डॉ कुमार ने किसानों को बताया कि इस प्रकार के मौसम में तिल, उरद, अरहर, मूंगफली, रागी व सरगुजा की खेती पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

विद्युत करंट के संपर्क में आने से महिला की मौत

सिसई। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी जमीद अंसारी का 47 वर्षीय पत्नी सालेहा खातून की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका सालेहा खातून सुबह अपने जमीन के चार दिवारी के अंदर गाय को रशी से बांध रही थी। इसी बीच बगल मे लगे बिजली पोल के आर्थिन तार के संपर्क में आ गयी। जिसे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर सिसई पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

100% उपस्थिति वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

लोहरदगा। रुआर कार्यक्रम 2023 के तहत नवनामांकित छात्र छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में किया गया। समारोह में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र छात्रा एवं उनके अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी नव नामांकित छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से पठन-पाठन सामग्री कॉपी पेंसिल, रबर, कटर एवं टॉफी प्रदान की गयीं।

हत्या की जांच में जुटी पुलिस

बारियातू। थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी टोला नीवासी मनीजर उरांव के घर के सामने बारियातू पुलिस ने मंगलवार को मनिका थाना क्षेत्र के चामा ग्राम अंतर्गत अल्बेला टोला निवासी संजय यादव के 20 वर्षीय पुत्र छोटु यादव का शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। मृतक के मामा अनोज यावद व शिवशंकर यादव ने बताया कि मंगलवार को सुबह लगभग सात बजे डेमु ग्राम निवासी मेरे बहनोई रामसेवक यादव ने फोन कर बताया कि छोटु को डाढा के गोखलाबागी निवासी मनीजर उरांव अपने घर मे मारपीट कर बांध कर रखे हुए है। सूचना पाकर मै अपने घर लातेहार स्थित माडन चेताग से बाईक द्वारा लगभग दस बजे डाढ़ा पंचायत के गोखलाबागी पहूँचा तो देखा की मेरा भांजा मनीजर उरांव के घर के समीप बने मचान के खम्बे से गमछा से मुंह ढका टेप लगा कर बैठा है। आवाज देते हुए जब पास मे पहुंचे तो मुंह से गमछा हटाते ही जमीन पर गिर गया और सांस बंद हो गया था। पीढ और छाती पर मारपीट का निशान है। मै तुरंत अपने डेमु ग्राम निवासी बहनोई को फोन कर जानकारी दिया। मेरा भांजा गोखलाबागी कैसे आया इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। मेरा भांजा हरियाणा मे मजदूरी करता था। घर मे खेती करने को लेकर वह पांच दिन पूर्व वह घर लौटा था। लोगों की बात माने तो प्रेम प्रसंग मे युवक को पीटकर हत्या की गई है। उक्त सम्बन्ध मे बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने कहा की मामला को बहुत जल्द उदभेदन कर लिया जायेगा। अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त मे होंगे।

नक्सलियों के खिलाफ सीआरपीएफ को बड़ी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता

सरयू। नक्सलियों के खिलाफ जिले में लगातार सर्च अभियान चला रहे 214 वाहिनी सीआरपीएफ तथा जिला पुलिस लातेहार को गत मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गारु थाना अन्तर्गत जयगीर के पहाडी इलाके को पूर्व में माओवादियों का गढ़ के रूप में जाना जाता था।

इसी पहाड़ी क्षेत्र में 214 बटालियन सी.आर.पी.एफ के कमांडेंट केडी जोशी के दिशानिर्देशन में सीआरपीएफ 214 वाहिनी बटालियन द्वारा मंगलवार की सुबह से इन पहाडियों को डोमिनेट कर रहे थे। ज्ञात हो लातेहार जिला पुलिस की ए.जी. व सैट की टीम भी इस अभियान में शामिल थी।

इस सर्च अभियान के दौरान तकरीबन 3:30 बजे जयगीर गांव के नजदीक नक्सलियों के द्वारा छुपाकर रखा हुआ इंसास रायफल -01, 303 रायफल -02, अत्यधिक मात्रा में एमुनेशन एवं नक्सलियों के उपयोग में लाए जाने वाली अन्य सामान सर्च के दौरान बरामद किया गया। इस अभियान का नेतृत्व मो. शाहिद मासूम, उप. कमा.- 214 वाहिनी कर रहे थे।

मृतकों के परिजनों को संत्वाना देने पहुंचे मंत्री और विधायक

जयनगर। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मंगलवार को परसाबाद पहुंचे। इस दौरान वे सहदेव भदानी तथा शंकर बिहारी के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि सहदेव भदानी के पुत्र मनीष भदानी का निधन हो गया था। वहीं व्यवसायी मथुरा बिहारी का भी निधन हो गया है। दोनों के परिजनों को नेताओं ने सांत्वना दी। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, सुरेंद्र भाई मोदी, केदारनाथ यादव, आशीष गुप्ता, कुंदन गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

लोहरदगा: विधायक कार्यालय में जल सहियाओं का धरना प्रदर्शन

नौ सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के 355 जल सहिया अपनी मांगों को लेकर अब आंदोलन के मूड में नजर आ रही है। अपनी बकाया मासिक मानदेय, मानदेय बढ़ोतरी, प्रोत्साहन राशि को हटाकर मानदेय करना, उचित मानदेय सहित 9 सूत्री मांगों को लेकर जिला जल सहिया संघ ने मंगलवार को स्थानीय विधायक सह राज्य के वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं राज्य सरकार पर विश्वासघात का जलसहियाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने वादा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार जल सहियाओं को भूल गयी है। स्थिति ऐसी है की घर से पैसा लगाकर काम करना पड़ रहा है। जिले में जल सहियाओ से कई तरह की कार्य लिए जाते हैं लेकिन उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में मात्र 1000 रुपये सरकार की ओर से दी जाती है जिसे भी समय पर नहीं दिया जाता है पिछले 50 महीनो से जल सहिया का मानदेय नहीं मिला है जिससे उन्हें परिवार के भरण पोषण में कठिनाई आ रही है।

ज्ञापन सौंपते जल सहिया।

खास बातें : जल सहिया ने वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के नाम का ज्ञापन सौंप कहा अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती हैं तो वे आगे सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगी। वहीं विधायक प्रतिनिधि निसिथ जयसवाल ने ज्ञापन लेकर कहा इनकी मांगों को मंत्री जी तक पहुंचाया जायेगा और इनकी कई मांग जायज है उसे जल्द पूरा करने के लिए कदम उठायी जायेगी। मौके पर सबरीन खातून,पूजा देवी,तेजैन उरांव, राजिया प्रवीन, सुनीता उरांव, विनिता उरांव, सुषमा उरांव, स्वर्णलता कुजूर, चंदमुनि उरांव, कुलमनी उरांव,रोजी प्रवीन, मुनी देवी, राजमुनी उरांव सहित काफी संख्या में जल सहिया मौजूद थी।

चतरा जिला को मिला भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट, राष्ट्रपति ने डीसी को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। विज्ञान भवन, नई दिल्ली में भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'भूमि सम्मान में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चतरा जिला के उपायुक्त अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम योजनान्तर्गत सभी घटकों में 99% से अधिक का कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया जाता है। उन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में से चतरा जिला का भी चयन भूमि सम्मान 2023 से सम्मानित करने हेतु किया गया।

विक्टोरिया ने राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हाथ वापस खींचे

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने मंगलवार को अत्यधिक खर्च' का हवाला देते हुए 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से नाम वापस लेने की घोषणा की। राज्य के प्रमुख डैनियल एंड्रयूज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि खेलों को आयोजित करने के लिए शुरूआती अनुमानित खर्च दो अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.36 अरब अमेरिकी डॉलर) था, लेकिन अब यह बढ़कर लगभग सात अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर हो गया है, जो वास्तव में बहुत अधिक' है। एंड्रयूज ने कहा, ह्यमैंने अपने काम में कई मुश्किल फैसले लिये हैं, लेकिन यह उनमें से एक नहीं है। स्पष्ट रूप से, एक खेल आयोजन के लिये सात अरब डालर खर्च करना, यह हमसे नहीं होगा। मैं स्कूलों और अस्पतालों से पैसे निकालकर उस आयोजन में नहीं लगाऊंगा जिसका अनुमानित खर्च पिछले साल की तुलना में तीन गुना ज्यादा है।' उन्होंने कहा, वर्ष 2026 में विक्टोरिया में (राष्ट्रमंडल) खेल नहीं होंगे। हमने अनुबंध समाप्त करने के अपने फैसले के बारे में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों को सूचित कर दिया है।' यह आयोजन गीलॉन्ग, बल्लारत, बेंडिगो, गिप्सलैंड और शेपार्टन सहित राज्य के पांच क्षेत्रीय केंद्रों में आयोजित होने वाला था, जिनमें से प्रत्येक का अपना एथलीट गांव है। एंड्रयूज ने कहा कि उनकी टीम ने केंद्रों की संख्या में कटौती करने या खेलों को विक्टोरिया की राजधानी मेलबर्न में स्थानांतरित करने पर विचार किया था, लेकिन उनमें से कोई भी विकल्प काम नहीं आया। इस बीच, राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने विक्टोरिया राज्य के इस फैसले को बेहद निराशाजनक' करार दिया। महासंघ ने एक बयान में कहा, हम निराश हैं कि हमें केवल आठ घंटे का नोटिस दिया गया और सरकार द्वारा इस निर्णय पर पहुंचने से पहले संयुक्त रूप से समाधान खोजने के लिए स्थिति पर चर्चा करने पर कोई विचार नहीं किया गया।' बयान में कहा गया, हम अपने पास उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और 2026 में खेलों के लिए एक समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे एथलीटों और व्यापक राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के सर्वोत्तम हित में हो।'

500वां मैच खेलने उतरेंगे विराट, सचिन के क्लब में होंगे शामिल, अश्विन के निशाने पर कुंबले का रिकॉर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला त्रिनिदाद में गुरुवार (20 जुलाई) से खेला जाएगा। टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है। उसने डोमिनिका में खेले गए पहले टेस्ट में पारी और 141 रन से जीत हासिल की थी। यह भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। कोहली ने अब तक 499 मैच खेले हैं। उन्होंने 110 टेस्ट, 274 वनडे और 115 टी20 मैच देश के लिए खेले हैं।कोहली 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 10वें खिलाड़ी होंगे। सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ के बाद 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले वह भारत के चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। सचिन ने अपने करियर में 664 मैच खेले थे। धोनी 538 और टीम इंडिया के मौजूदा कोच द्रविड़ 509 मैच खेले थे।

कुंबले से आगे निकल सकते हैं अश्विन

अश्विन ने पिछले मैच में 12 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने आठवीं बार एक मैच में 10 या उससे ज्यादा विकेट लिए थे। इस मामले में अश्विन ने अनिल कुंबले (आठ) की बराबरी कर ली थी। त्रिनिदाद में अगर वह दो पारियों में से एक पारी में भी अगर पांच विकेट से ज्यादा ले लेते हैं तो वह कुंबले से आगे निकल सकते हैं। इसके अलावा वह भारत-वेस्टइंडीज के बीच मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भी कुंबले को पीछे छोड़ देंगे। पूर्व कप्तान कुंबले के भारत-वेस्टइंडीज मैच में 74 विकेट हैं। अश्विन के 72 विकेट हैं। उन्हें पूर्व दिग्गज गेंदबाज को पीछे छोड़ने के लिए तीन विकेट की आवश्यकता है।

कुंबले को इस मामले में भी पीछे छोड़ सकते हैं अश्विन

अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 34 बार पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए हैं। इस मामले में वह श्रीलंका के रंगना हेराथ के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। अगर वह त्रिनिदाद में एक भी पारी में अगर पांच विकेट या उससे अधिक विकेट ले लेते हैं तो कुंबले की बराबरी कर लेंगे।

500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी

खिलाड़ी	देश	मैच
सचिन तेंदुलकर	भारत	664
महेला जयवर्धने	श्रीलंका	652
कुमार संगकारा	श्रीलंका	594
सनथ जयसूर्या	श्रीलंका	586
रिकी पॉटिंग	ऑस्ट्रेलिया	560
महेंद्र सिंह धोनी	भारत	538
शाहिद अफरीदी	पाकिस्तान	524
जैक्स कैलिस	द. अफ्रीका	519
राहुल द्रविड़	भारत	509

भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

खिलाड़ी	विकेट
कपिल देव	89
मैल्कम मॉर्शल	76
अनिल कुंबले	74
रविचंद्रन अश्विन	72
श्रीनिवास वेंकटराघवन	68

टेस्ट में सर्वाधिक पांच या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

गेंदबाज	देश	पारी में 5+ विकेट
मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका	67
शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया	37
रिचर्ड हैडली	न्यूजीलैंड	36
अनिल कुंबले	भारत	35
रविचंद्रन अश्विन	भारत	34
रंगना हेराथ	श्रीलंका	34

आयरलैंड दौरे पर बुमराह का जाना मुश्किल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम वनडे विश्व कप से पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन कोई भी पक्के तौर पर यह नहीं कह सकता कि वह आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। यहां तक कि अगर 29 वर्षीय बुमराह 18 अगस्त से शुरू होने वाले आयरलैंड दौरे पर जाते हैं तब भी इसकी संभावना बहुत कम है कि वह तीनों मैच में खेल पाएंगे। इन मैचों का आयोजन एक दिन के अंतराल पर किया जाएगा। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में ह्यस्ट्रेस फ्रैक्चर' के इलाज के लिए हुई सर्जरी से उबर रहे हैं। विश्वकप को देखते हुए लक्ष्य वनडे में वापसी करना होगा लेकिन उनकी फिटनेस का आकलन कर रहे लोग चाहेंगे कि यह तेज गेंदबाज चार ओवर के स्पेल से शुरूआत करे।

कोरिया ओपन के दूसरे चरण में सात्विक-चिराग

योसू। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां कोरिया ओपन सुपर 500 टूनार्मेंट में थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने पहले चरण में जोमकोह और केड्रेन को 21-16, 21-14 से हराया। अगले दौर में उनका मुकाबला चीन की हे जी टिंग और झोउ हाओ डोंग से होगा।

डीडी स्पोर्ट्स पर प्रसारित होगा फीफा महिला विश्व कप

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 20 जुलाई से शुरू होने वाले बहुप्रतीक्षित फीफा महिला विश्व कप 2023 का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जायेगा। प्रसार भारती ने मंगलवार को यह घोषणा की। अमेरिका आधारित कंपनी 1स्टेडिया द्वारा रणनीतिक उप-लाइसेंसिंग के सौजन्य से यह आयोजन पूरे भारत में लाखों घरों में प्रसारित होगा।

एक दशक की सबसे खराब रैंकिंग पर पहुंचीं सिंधु

कुआला लंपुर। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु खराब फॉर्म से जूझते हुए मंगलवार को पिछले एक दशक में अपनी सबसे निचली विश्व रैंकिंग पर पहुंच गयीं। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु पांच पायदान गिरकर 17वें स्थान पर आ गयी हैं।

भारत ढूंढेगा स्पिनरों के सवाल का जवाब

मीरपुर। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में बुधवार को हार को टालने के लिये भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ अपने संघर्ष का जवाब ढूंढना होगा। बांग्लादेश दौरे के तीन टी20 और एक वनडे मैच में स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों के लिये लगातार मुश्किलें खड़ी की हैं। शुरूआती दो टी20 मुकाबले जीतने के बाद भारत को तीसरे टी20 और फिर पहले वनडे में हार का सामना भी करना पड़ा।

सऊद के दोहरा शतक, पाकिस्तान मजबूत

गाले। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज सऊद शकील (208 नाबाद) ने मंगलवार को दोहरा शतक जड़कर पाकिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 149 रन की विशालकाय बढ़त दिला दी। श्रीलंका के 312 रनों के जवाब में पाकिस्तान ने ऑलआउट होने से पहले 461 रन बनाये। तीसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले श्रीलंका दूसरी पारी में बिना नुकसान के 14 रन बना चुका है। निशान मदुशंका आठ रन बनाकर जबकि डिमुथ करुणारत्ने छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

यूरोप दौरे पर भारत की लगातार दूसरी हार

वीसबेडन। भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेले गये एकतरफा मुकाबले में 1–4 से हार गयी। युवा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (29वां मिनट) ने भारत का एकमात्र गोल किया। नाइके लोरेंज (छठा, 59वां मिनट) और जेटे फ्लेशुट्ज (14वां, 43वां मिनट) ने दो–दो गोल करते हुए जर्मनी को जीत दिलाई। यह यूरोप दौरे पर भारत की लगातार दूसरी शिकस्त है, जबकि अपने अभियान के शुरूआती मैच में उसे चीन के हाथों 2–3 की हार मिली थी।

सिंक्लेयर ने ली रीफर की जगह

पोर्ट ऑफ स्पेन। वेस्ट इंडीज ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये वामहस्त बल्लेबाज रेमन रीफर की जगह ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर को टीम में शामिल किया है। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्पिनर रहकीम कॉर्नवाल को स्क्वाड में बरकरार रखा गया है, हालांकि पहले टेस्ट में वह बीमारी के कारण तीन सत्रों तक मैदान से बाहर रहे थे। डोमिनिका में खेले गये पहले टेस्ट में भारत ने पहली पारी में 421/5 का स्कोर खड़ा किया था, जबकि वेस्ट इंडीज दो पारियों में क्रमशः 150 और 130 रन ही बना सकी थी। रीफर ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दो और 11 रन का स्कोर बनाया था, जिसके बाद उन्हें टीम से बाहर रखने का फैसला लिया गया। सिंक्लेयर के नाम सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट हैं। उन्होंने 18 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जहां उनकी बल्लेबाजी औसत 29 और गेंदबाजी औसत 23.98 रही है। क्वीन्स पार्क ओवल पर गुरुवार से शुरू होने वाला मैच भारत-वेस्ट इंडीज के बीच 100वां टेस्ट होगा।

डब्ल्यूएफआई समिति का बड़ा फैसला, बजरंग-विनेश को एशियाई खेलों में सीधा प्रवेश दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की तदर्थ समिति ने मंगलवार को ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश दिया। यह निर्णय हालांकि राष्ट्रीय मुख्य कोच की सहमति के बिना लिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति ने एक परिपत्र में कहा कि उसने पहले ही पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा में पहलवानों का चयन कर लिया है। इसके बावजूद तीनों शैलियों में से सभी छह वजन श्रेणियों में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। तदर्थ समिति ने परिपत्र में बजरंग और विनेश का नाम नहीं लिया, लेकिन पैनल के सदस्य अशोक गर्ग ने पुष्टि की कि दोनों पहलवानों को ट्रायल से छूट दी गई है। तदर्थ समिति ने 23 सितंबर को चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए कुश्ती टीम का चयन करने के लिए ट्रायल से चार दिन पहले यह निर्णय लिया। ग्रीको-रोमन और महिलाओं के फ्रीस्टाइल ट्रायल 22 जुलाई को होने हैं, जबकि पुरुषों के फ्रीस्टाइल ट्रायल 23 जुलाई को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे। बजरंग 65 किग्रा वर्ग के चुनौती पेश करते हैं। वह डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से एक हैं। वह इस समय किर्गिस्तान के इस्सिक-कुल में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जकार्ता एशियाई खेलों (2018) में स्वर्ण पदक जीतने वाली 53 किग्रा पहलवान विनेश हंगरी के बुडापेस्ट में प्रशिक्षण ले रही हैं। कुश्ती से जुड़े सूत्र के मुताबिक बजरंग और विनेश को छूट देने का कदम उनके साथी प्रतिस्पर्धियों को पसंद नहीं आया। इन पहलवानों ने अदालत का दरवाजा खटखटाने की चुनौती दी है।

महिला का शव बरामद

छपरा। बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया तेजपुरवा गांव के बांसवाड़ी से एक महिला का शव बरामद किया गया है। इस मामले में मृतक महिला चंदा कुंवर (65) के परिजनों ने पुलिस के समक्ष दिए गए आवेदन में कहा है कि सोमवार की शाम में एक व्यक्ति बांस मांगने चंदा कुंवर के पास आया था ।जिसे उन्होंने बांसवाड़ी से बांस काटने की इजाजत दी थी। उक्त व्यक्ति को वह बांसवाड़ी दिखाने के लिए उसके साथ चली गई और वापस नहीं लौटी।

सड़क दुर्घटना में महिला परीक्षार्थी की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से महिला परीक्षार्थी की मौत हो गयी। पुलिस बताया कि जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के गंगुआ सुल्तानपुर गांव निवासी जयप्रकाश राम की पत्नी सोनावली (20) अपने मायके से अपने पति के साथ मुजफ्फरपुर में स्नातक प्रथम खंड की परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल से जा रही थी। इसी दौरान छपरा–मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 722 पर तेजपुरवा गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में सोनावली की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन लेकर फरार हो गया ।पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

लड़का के जगह परीक्षा देते लड़की पकड़ी गयी

पूर्वी चंपारण। मोतिहारी एमएस कॉलेज परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को स्नातक प्रथम खंड के एमआइएल हिन्दी की परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में एक लड़की को फर्जी परीक्षार्थी के रूप में पकड़ा गया। उक्त लड़की एक लड़के की जगह परीक्षा दे रही थी। केंद्राधीक्षक प्रो. अरुण कुमार के अनुसार जांच के दौरान उसे पकड़ा गया। लड़की अंजली कुमारी वास्तविक परीक्षार्थी आनंद कुमार की जगह परीक्षा देते पकड़ी गयी। तत्काल फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है। वहीं परीक्षार्थी को निष्कासित कर दिया गया। उन्होने बताया कि प्रथम पाली में 1492 व द्वितीय पाली में गणित सब्सिडियरी में 76 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये।

मौत से आक्रोशित लोगों ने किया एनएच जाम

बेगूसराय। राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच)–31 फोरलेन पर रिफाइनरी सहायक थाना क्षेत्र के तिलरथ के समीप सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोसादपुर निवासी कृष्ण कन्हैया के 12 वर्षीय पुत्र हर्षित राज के रूप में की गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम हर्षित राज घर से अपनी साइकिल पर सवार होकर सर्विस लेन सड़क पर पहुंचा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहा मोटरसाइकिल सवार जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच–31 को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बरौनी अंचलाधिकारी अजय कुमार, रिफाइनरी सहायक थाना प्रभारी अरविन्द कुमार, मोसादपुर मुखिया राकेश कुमार सिंह एवं सरपंच विजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन समाचार प्रेषण तक जाम लगा है।

करंट आने से बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

बेगूसराय। बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत–तीन में बिजली करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक वार्ड संख्या–13 निवासी मुकेश कुमार का आठ वर्षीय पुत्र शुभम कुमार है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया उक्त बच्चा अपने घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था।

जब तक नीतीश को हरायेंगे नहीं, मास्क नहीं हटायेंगे पिता को मुखाग्नि देने के बाद बोली पुष्पम प्रिया

एजेंसी

दरभंगा। जेडीयू नेता और पूर्व एमएलसी प्रोफेसर विनोद कुमार चौधरी का निधन हो गया है। विनोद चौधरी ने लहेरियासराय के बलभद्रपुर स्थित अपने निजी आवास पर रविवार को अंतिम सांस ली। वह 68 साल के थे। विनोद कुमार के छोटे भाई विनय कुमार चौधरी बेनीपुर से जेडीयू के विधायक हैं। वहीं उनकी बेटी पुष्पम प्रिया चौधरी प्लूरल्स पार्टी के नाम से राजनीतिक दल चलाती हैं। छोटी बेटी जूही राजनीति से दूर हैं। पुष्पम प्रिया ने अपने पिता को मुखाग्नि देने के बाद कहा कि सोमवार को मेरे पिताजी का निधन हो गया, वह अब हमारे बीच में नहीं हैं। पूष्पम प्रिया ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, मैं उन्हें जीवित रखने की पूरी कोशिश करूंगी। इसके बाद उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों से वादा किए हैं कि जब तक नीतीश कुमार को हराएंगे नहीं तब तक मास्क नहीं हटाएंगे। पुष्पम प्रिया ने कहा कि मैं अपने पिता की तरह तो नहीं हो सकती। शायद ही मैं इतना अच्छा इंसान कभी बन पाऊं। इसके बाद पुष्पम प्रिया ने कहा कि जिस दिन जीतेंगे, उसे हटाएंगे। आज जो कुछ भी हमारे साथ हुआ है, पता नहीं उससे उबर पाएंगे या नहीं। लेकिन यह प्रण अब और भी गहरा हो गया है। पुष्पम प्रिया ने कहा कि मेरे पिताजी चाहते थे कि बिहार बदले, तरक्की हो, मैं भी वहीं चाहती हूं। हालांकि उनका तरीका अलग था, मेरा तरीका अलग था ।पुष्पम प्रिया अपने पिता को याद करते हुए कहा कि एक चीज जो उन्होंने हमेशा किया, वह थी इज्जत। उन्होंने बचपन से ही मेरी बहुत इज्जत की। यही कारण है कि उनके सबसे चहेते नीतीश कुमार के तरीकों से सहमत ना थी, ना हूं। सभी जानते हैं कि नीतीश जी मेरे पिताजी के बहुत चहेते थे। इसके बाद भी उन्होंने मेरे फैसले का विरोध नहीं किया। जो भी मैंने निर्णय लिया, उसका उन्होंने समर्थन ही किया।

जब तक जीत नहीं जाएंगे मास्क नहीं हटाएंगे

पुष्पम प्रिया ने आगे कहा कि बिहार को बदहाली से जीतने की जरूरत है। पता नहीं लोगों को हक समझ में आता है या नहीं। पुष्पम प्रिया ने कहा कि शायद लोगों को मेरी भाषा समझ में नहीं आती, क्योंकि आदत हो गई है। पुष्पम प्रिया ने कहा कि बाहर से आकर लोग नहीं जीतेंगे, सबको मिलकर जीतना पड़ेगा। हमें खुद समझना होगा कि कौन बिहार के हैं और कौन नहीं। पुष्पम प्रिया ने आगे कहा कि हम अपने कार्यकताओं से वादा किया है कि जब तक जीत नहीं जाएंगे, तब तक मास्क नहीं हटाएंगे।

विपक्षी एकता मात्र दिखावा, किसी को नहीं है एक दूसरे पर भरोसा : भाजपा

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने बेंगलुरु में जुटी 26 पार्टियों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बिहार के नेताओं ने तंज कसते हुए कहा कि ये वही लोग हैं जो कभी इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया कहा करते थे और वे अब भी भारत को नहीं जान पाए हैं इसलिए गठबंधन का नाम इंडिया रखकर प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी को चुनौती नहीं दे सकते। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने यहां यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि गठबंधन का नाम इंडिया रख लेने से कोई इंडिया नहीं हो सकता है। यह साफ दर्शा रहा है कि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले ही विपक्ष ने अपनी हार को स्वीकार कर लिया है। उन्हें अपने पर विश्वास नहीं है इसलिए वह अब इंडिया नाम रखकर वोट हासिल करने की कोशिश में है। उन्होंने कहा कि देश की जनता जानती है कि ये वही लोग हैं जो कभी इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया कहा करते थे। अब एक बार फिर अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखकर यह बता रहे हैं कि वही इंडिया है और लोग उन्हें वोट दें । यह हास्यास्पद है। श्री चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण 2014 में जिस संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को जनता ने नकार दिया उसके नाम बदल लेने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का गठबंधन विरोधाभास से भी भरा हुआ है, इसमें शामिल दल भले ही एकजुटता का दिखावा कर रहे हैं लेकिन सभी एक दूसरे को संशय की निगाहों से देखते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटने की आदत के कारण न तो कांग्रेस उनपर भरोसा करती है, न राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और न ही बिहार की जनता। यही हाल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) तथा कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का है।

फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

कैमूर। कैमूर में एक नव विवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिला। मृतका की 2 महीने पहले ही शादी हुई थी। परिजन ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दहेज में साढ़े 3 लाख मांगे गए थे। 15 हजार रुपए बाकी थे। नहीं देने पर बेटी का मर्डर कर दिया। मामला नुआंव थाना का है। मृतका की पहचान कुछीला थाना क्षेत्र के बरूना गांव की रहने वाली आशा कुमारी (22) के रूप में हुई है। सोमवार की शाम उसका शव कमरे में लटका मिला। ससुराल वालों ने पुलिस और मृतका के मायके को सूचना दी। परिजन पहुंचे तो सभी ससुराल वाले फरार थे। भैसुर के कमरे में मृतका की चुड़ियां मिली। लड़की के भाई संतोष ने बताया कि 14 मई 2023 को बहन आशा की शादी नुआंव गांव के नवरत्न लाल राम के बेटे सुजीत कुमार के साथ हुई थी।

भोजपुर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

आरा (भोजपुर)। भोजपुर में सोमवार रात एक युवक का पेड़ से लटका हुआ शव बरामद हुआ। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। जहां शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी चकिया गांव का है। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं, परिजनों द्वारा तीन दिन पूर्व शुक्रवार की देर शाम हुए झगड़े के विवाद को लेकर युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी चकिया गांव निवासी मो.साहिर का 23 वर्षीय पुत्र अनवर खान उर्फ धन्नु है एवं वह पेशे से मजदूर था। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई थी। जिसमें उसके तीन भाई व पिता सिर फट गया था और सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इसके बाद यह उन लोगो के द्वारा इलाज के लिए पैसा दिया गया था। जिसके बाद यह मामला सुलह हो गया था ।सोमवार की शाम में उसका भाई काम से घर पर आया था। इसके बाद उसने अपनी मां से कहा कि मैं शौच करने जा रहा हूं तो उसकी मां ने कहा कि पहले खाना खा लो उसके बाद चले जाना। लेकिन उसने कहा कि मैं शौच कर के वापस आऊंगा तब खाना खाऊंगा। इसके बाद वह अपनी मां को 80 रूपया समान लाने के लिए देकर घर से चला गया। रात में जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसकी मां एवं वह उसे खोजने निकली। तभी उन्होंने देखा कि उसके घर से डेढ़ किलोमीटर दूर बगीचे में महुआ के पेड़ से उसका शव लटका हुआ है। जिसके बाद उन्होंने हो-होल्ला करना शुरू किया।

नालंदा में बदमाशों ने बैंक से 10 मिनट में लूट लिये 14 लाख, एक चाकू भी मारा

एजेंसी

दक्षिण बिहार ग्राम

नालंदा। बिहार के नालंदा जिले में बदमाशों ने मंगलवार को बैंक को निशाना बनाया। बदमाशों ने हथियार के बल पर दिनदहाड़े अस्थावां थाना क्षेत्र के ओइयाव बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से करीब 14 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। इस दौरान बदमाशों ने एक ग्राहक पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, बदमाशों की संख्या नौ बताई जाती है, जो लंच ब्रेक के समय बैंक में घुसे और हथियार के बल पर बैंककर्मी और ग्राहकों को अपने कब्जे में ले लिया। ग्राहकों के मुताबिक बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। बताया जाता है कि बदमाश करीब 14 लाख की लूट कर फरार हो गए। इस क्रम में बदमाशों ने पप्पू चौधरी नाम के एक ग्राहक पर चाकू से हमला भी कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इस बैंक की सुरक्षा के लिए एक भी गार्ड मौजूद नहीं था। इस कारण बदमाश 10 से 15 मिनट में घटना को अंजाम देकर चलते बने। बदमाशों ने सीसीटीवी और कंप्यूटर को क्षतिग्रस्त कर दिया ।वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर पुलिस उपाधीक्षक शिब्ली नोमानी सहित कई थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। नोमानी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बता दें कि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में महीने भर में डकैती की यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व नगरनौसा थाना क्षेत्र के रामगढ़ में तीन जुलाई को आधा दर्जन बदमाशों के द्वारा 11 लाख की डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था।

स्पीड न्यूज

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में लागू हुआ ड्रेस कोड

टंडवा। मंगलवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार के पहल पर कमांडो ऑफिस ने ड्रेस कोड दिया। जिसमें सभी सिक्योरिटी गार्ड एवं हाउसकीपिंग कों दो-दो सेट ड्रेस कोड वितरण किया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने सभी सिक्योरिटी गार्ड एवं हाउसकीपिंग को निर्देश दिया की सभी लोग ड्रेस कोड में रहेंगे एवं रोस्टर के अनुसार नियमो का पालन करने का भी निर्देश दिया गया।

शहर में दिन भर बिजली रहेगी गुल

गढ़वा। शहर के दानरो नदी किनारे स्थित विद्युत उपकेंद्र से बुधवार को दिन भर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि उक्त सब स्टेशन में पांच एमवीए के जगह पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाना है। इस कारण प्रात: 9:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां पहले से पांच एमवीए का ट्रांसफर्मर लगा हुआ है। जिस कारण पिक आवर में कुछ फीडर को बंद करने की जरूरत पड़ती थी। परंतु अब दोगुनी क्षमता के ट्रांसफर्मर लगाने से फीडर बंद करने अर्थात पावर रहते हुए शेडींग करने की नौबत नहीं आएगी। पावर रहने के बाद अब लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करायी जाएगी।

प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भेजा जेल?

सतगावां (कोडरमा)। थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने व? लज्जा भंग करने के मामले में विद्यालय प्रबंधन? समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह उर्फ कारु सिंह ईटाय? पंचायत के बिसनीडीह निवासी को गिरफ्तार कर जेल? भेज दिया है। इस मामले को लेकर पीड़िता उषा देवी? ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था।? जिसको लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रमेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज? दिया है। मामले में बिसनीडीह निवासी डालचंद? सिंह, दीपक सिंह, रूबी देवी को भी आरोपी बनाया? गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पीड़िता का देवर बताया गया है।

धरना पर बैठे परिवार से मिले कोडरमा थाना प्रभारी

कोडरमा। समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष जयनगर थाना कांड संख्या 108/23 अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। जिसको लेकर मंगलवार को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल-चाल जाना व धरना खत्म करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा किसी भी हाल में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा एवं बहुत जल्ड ही आरोंपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं पीड़िता पूजा देवी ने कहीं कि जब तक दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा।

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ चलेगा अभियान, डीसी सख्त

जमशेदपुर। उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, सभी स्वास्थ्य विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ, बीपीएम व अन्य मौजूद रहे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पोटका, पटमदा, धालभूमगढ़ में घरों में प्रसव कराये जाने के कुछ मामले सामने आने पर उपायुक्त ने अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होने सभी बीपीएम(स्वास्थ्य) को निर्देशित किया कि गृह प्रसव के मामलों की जांच कर रिपोर्ट सौंपे कि आखिर किस परिस्थिति में प्रसूता महिलायें अस्पताल नहीं पहुंच पाई। साथ ही ऐसे बच्चों एवं उनकी माताओं का संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

दुमका पुलिस ने 9 किलो गांजा के साथ बिहार के दो तस्करों को धर दबोचा

दुमका के रास्ते बिहार के बेगूसराय में थी गांजा खपाने की योजना

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। भारी मात्रा में गांजा जप्त करते हुए दुमका नगर थाना पुलिस दो तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी बिहार के बेगूसराय जिले के बेगूसराय थाना क्षेत्र के विष्णुपुर गांव निवासी राजेश मंडल एवं लखीसराय जिले के लखीसराय थाना क्षेत्र के पंजाबी मुहल्ला निवासी बिनोद कुमार साह है। इसकी जानकारी नगर थाना परिसर में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि नगर थाना पुलिस यह सफलता गुप्त सूचना पर मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि पाकुड़ से भारी मात्रा में गांजा लेकर बस स्टैंड में उतरे दुधानी की ओर जा रहा है। पुलिस तत्परता से टीम गठित कर टाटा शोरूम के पास जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदेह के आधार पर टोटो पर सवार दो व्यक्ति काले और नीले बैग के साथ धराया। जांच कर काले रंग के बैग में 10 बंडल और नीले रंग के बैग में 8 बंडल जिसका कुल वजन 9 किलोग्राम गांजा पुलिस जप्त की।

जिसकी कुल कीमत प्रति किलोग्राम 12 से 14 हजार है। गांजा बिहार के बेगूसराय में खपाने की योजना थी। पुलिस मामले में थाना कांड संख्या 171/23 के तहत एनडीपीएस की धारा 20(卐卐)/22 एक्ट के तहत दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी अरबिंद कुमार कर रहे थे।

सोनारी में अपराध की योजना बना रहे पांच गिरफ्तार

जमशेदपुर। सोनारी पुलिस ने दो मुहानी में अप्रिय घटना की योजना बना रहे हेते गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू सिंह उर्फ सियाल, सुमित गोराई उर्फ विक्की, संतोष स्वामी उर्फ खट्टा, रूपेश महतो और आकाश दीप उर्फ पगला शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में एक देसी पिस्टल, 3 जिंदा गोली, 2 तलवार और 5 मोबाइल बरामद किया है। मामले में गिरफ्तार सुमित गोराई 15 जुलाई की रात सुमित यादव पर फायरिंग का आरोपी भी रह चुका है। जानकारी देते हुए प्रभारी डीएसपी हेडक्वार्टर-2 अनिमेष गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों सुमित यादव पर फायरिंग की गई थी। सूचना मिली थी कि दो मुहानी में कुछ आपराधिक तत्व लूट की घटना की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने छापेमारी कर उन्हें दबोच लिया।

कल्याण संस्थान के कैंपस में जबरन सड़क बनाने पहुंची जुस्को

जमशेदपुर। कदमा केडी फ्लैट के पास स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान की बाउंड्री के अंदर सड़क निर्माण कार्य करने के लिए टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम बाउंसर लेकर सुबह पहुंची। संस्थान के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं महिलाओं को जैसे ही खबर मिली वे वहां पहुंच गए और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। संस्थान के सदस्यों ने आरोप लगाया कि विरोध को दबाने के लिए सुरक्षा अधिकारी बाउंसरों से उन पर हमला करवा दिया। इस दौरान बाउंसरों ने संस्थान के लोगों के साथ गाली-गलौज भी की। ब्रम्हर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह आनन-फानन में पहुंचे और चेतावनी दी कि बिना किसी सूचना के संस्थान की बाउंड्री से सटी सड़क और बाउंड्री के बड़े हिस्से पर कब्जा करने के प्रयास का विरोध होगा। स्थिति बिगड़ी देख कंपनी के सुरक्षाकर्मी वहां से हट गये। बाद में विकास सिंह की अगुवाई में संस्थान के पदाधिकारी कदमा थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज करायी। थानेदार ने लोगों को आश्वस्त किया कि इस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। संस्थान के सदस्यों का कहना है कि केडी फ्लैट के अंदर सड़क है, वहां सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिरिक्त जमीन है,फिर भी संस्थान के सामने वाली सड़क के साथ-साथ चाहरदिवारी के अंदर आकर नयी सड़क बनाना चाहती है।

एसकेएमयू में यूजी में नामांकन के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में मंगलवार को बैठक आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और ई-समर्थ में विश्वविद्यालय की स्थिति की समीक्षा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की यूजी सेमेस्टर-1, सत्र- 2023-2027 में नामांकन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन का छायाप्रति कॉलेज में नामांकन के समय अन्य दस्तावेज के साथ जमा करना होगा। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में बिना रजिस्ट्रेशन किए किसी भी छात्र-छात्राओं को नामांकन कराने की अनुमति नहीं होगी। यहाँ बता दें कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एक वर्चुअल स्टोर-हाउस जैसा है। यह बैंकों की तर्ज पर कार्य करेगी। जिस प्रकार एक बैंक में खता खोलकर व्यक्ति अपनी कमाई को जमा करता है। उसी प्रकार से एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में स्टूडेंट्स के द्वारा अर्जित कोर्स क्रेडिट जमा होगा। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र-छात्राओं को एबीसी के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर खुद का रजिस्ट्रेशन करना होगा। यह बिलकुल फ्री और सुरक्षित है। बैठक में कुलपति डॉ सिंह ने परीक्षा नियंत्रक को जल्दी से जल्दी उतीर्ण हो चुके छात्र-छात्रओं का सर्टिफिकेट डिजीलॉकर पर अपलोड करने का निर्देश दिए। ज्ञात हो वर्तमान में एसकेएमयू प्रशासन ने उतीर्ण हो चुके छात्र-छात्राओं का लगभग 67 हजार सर्टिफिकेट को डिजीलॉकर पर अपलोड किया जा चुका है। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार सिन्हा, प्रॉक्टर डॉ. काशीनाथ झा, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ निलेश कुमार, प्रवक्ता दीपक कुमार, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ बिनोद मुर्मू, सूरज पाठक, असलम आदि शामिल थे।

पूर्वी सिंहभूम जिला रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह हुए अवार्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

Annual General Meeting
Indian Red Cross Society
Smt. Droupadi Murmu

जमशेदपुर। पीड़ित मानवता की सेवा के क्षेत्र मे रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से किये गये कार्यों के लिए रेड क्रॉस के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी के एजीएम (आमसभा) एवं सम्मान समारोह के दौरान भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह चेयरमैन रेड क्रॉस डॉ. मनसुख मांडविया, झारखंड के महामहिम राज्यपाल सह अध्यक्ष रेड क्रॉस राज्यशाखा सी. पी. राधाकृष्णन एवं बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने वर्ष 2021-22 के लिए अवार्ड ऑफ मेरिट सम्मान से सम्मानित किया। जिस समय सिंह का सम्मान हो रहा था, उस समय 13 राज्यों के राज्यपाल मंचासीन थें। सी. पी. राधाकृष्णन ने रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम के मानवसेवी कार्यों की सराहना की तथा बिजय कुमार सिंह को इसका प्रेरक बताया। उन्होने राज्य में प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में बिजय कुमार सिंह तथा उनके संयोजन में झारखंड की पहली नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से राज्य भर के रेड क्रॉस इकाइयों में चलने वाली योजना में पारदर्शिता के साथ सराहनी योगदान दिया है।

परीक्षा पर चर्चा में भाग लेने से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा : नितेश

G.S. PUBLIC SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. upto (10+2), New Delhi

डोमचांच (कोडरमा)। नगर स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित परीक्षा पे चर्चा-2023 में भाग लिए बच्चों को प्रशस्ति-पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए आने वाले परीक्षा में सफल होने की बात कही व कहा बच्चे प्रधानमंत्री को सुनते हुए उनकी बातों पर भी अमल करें। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने प्रधानमंत्री के इस सफल पहल को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना धन्यवाद दिया व कहा कि प्रशस्ति-पत्र में लिखे हुए संदेश को पढ़कर बच्चे और भी ऊजार्वान हुए। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चे अगर प्रधानमंत्री की कही गई बातों को ध्यान में रखें तो हमारा भारत एक समृद्ध भारत बन जायेगा। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को बधाई दी।

अवैध लोहा लदे टेंपो को किया जब्त, पांच को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

बाघमारा। बाघमारा अनुमंडल में अवैध लोहे कारोबार के बारे में हिंदी दैनिक खबर मंत्र द्वारा कई बार प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई। जिसके बाद बाघमारा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर लालबांग्ला स्थित बीसीसीएल के वर्क शॉप के सामने झाड़ियों में एक टेंपो संख्या जेएच 09 एके 0209 में लोहा लोड करके लूती पहाड़ी की तरफ लेकर जा रहे अवैध कारोबारियों को टेम्पो के साथ पकड़ा। उपरोक्त टेंपो में लगभग ढाई क्विंटल अवैध लोहा का स्क्रैप लोड था। टेंपो पर सवार सवारियों से उनका नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम ललन कुमार सिंह उम्र 42 वर्ष पिता स्वर्गीय बजरंग सिंह ग्राम लाल बंगला थाना बाघमारा जिला धनबाद टेंपो के चालक 2 संजय कुमार साव उम्र 25 वर्ष पिता ओम प्रकाश साहू ग्राम कतरास बाजार शिक्षक कॉलोनी 3 पूजा देवी उम्र 32 वर्ष पति चुन्नू खाती ग्राम कतरास टांडा बस्ती दोनों थाना कतरास 4 सलमा खातून उम्र 25 वर्ष पति नूर मोहम्मद 5 मंजू देवी उम्र 19 वर्ष पति रवि भुईयां दोनों ग्राम गोधर फाटक के पास थाना केंदुआडीह सभी जिला धनबाद बताएं।

बेरमो : विस्थापित महिला मोर्चा ने किया चक्का जाम

ट्रकों की इंट्री से नाराज महिलाओं ने प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/कथारा। सीसीएल कथारा स्लरी रोड सेल में विस्थापित महिला मोर्चा का एक दिवसीय चक्का जाम आंदोलन किया गया, लेकिन जब तक आंदोलनकारी कांटा घर पहुंचते इसके पहले ही 50 ट्रकों की इंट्री करा दी गई थीण जिसके कारण मोर्चा के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रही महिला नेत्री कांति सिंह और संघ के अध्यक्ष राजेश्वर रविदास ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन ने संघ व मोर्चा के साथ वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसकी लिखित जानकारी सीसीएल सीएमडी सहित संबंधित जांच एजेंसी को दी जाएगी।

आंदोलन में थीं शामिल

आंदोलन में बबलू यादव, शमसेर आलम, तारा देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, गुंजा देवी, रमनी देवी, कलवातिया देवी, शैरुन निशा, दौलती देवी, बेबी देवी, सुमित्रा देवी, अनवर अंसारी, नरेश यादव, रघु गिरी, दिनेश रविदास, अनिल यादव, मनोज गिरी, राजेंद्र रविदास, ऋषि साव, प्रकाश रविदास, फरीद अंसारी, सुभद्रा देवी, छाया देवी, सुदामा देवी आदि शामिल थे।

प्रशासनिक भवन घेराव के बाद नरम पड़ा एफसीआई प्रबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन द्वारा दिए गए नोटिस के बाद पीपी एक्ट कोर्ट के पहले दिन मंगलवार को एफसीआईएल सिंदरी प्रशासनिक भवन द्वार को जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह के आव्हान पर सिंदरी के सैंकड़ों निवासी व दुकानदारों ने उपस्थित होकर घेराव किया। भीषण गर्मी के बाद भी सभी फैसले का इंतजार कर रहे थे। प्रबंधन पहले तैयार नहीं हुआ लेकिन द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि कोर्ट की प्रक्रिया जारी रहेगी, समय लिया जा सकता है।

कोर्ट की प्रक्रिया जारी रहेगी: डी अधिकारी

सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद जनता को एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नोटिस बँट जाने के बाद पीपी एक्ट कोर्ट की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता है। कोर्ट की प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी। केस नंबर देकर कोर्ट से समय माँगा जा सकता है। केन्द्रीय कार्यालय को भी धरना की जानकारी दी गई है। बसाने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने जनता से सर्वे में सहयोग करने की बात कही।

होमगार्ड जवानों पर पैसे लेने का आरोप

घेराव में नोटिस पाए सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने माइक पर जोरदार आवाज में कहा कि हमलोगों के आवास और दुकानों को बनाने के लिए एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन के होमगार्ड जवानों ने पैसे लिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर पैसे लेकर बसाइएगा आप तो उजाड़ने आपको नहीं देंगे। इस शांतिपूर्ण घेराव को लेकर सुबह से ही सिंदरी शहरपुरा बाजार, हटिया बाजार सहित सभी स्कूलों को बंद कराया गया और घेराव में उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया गया। हालांकि पीपी एक्ट कोर्ट खुला रहा। घेराव के दो घंटे बाद एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने कहा कि कोर्ट को निरस्त नहीं किया जा सकता है लेकिन लोगों को बसाने की दिशा में प्रबंधन काम कर रही है। इससे असंतुष्ट लोगों ने विरोध किया और प्रबंधन दिल्ली मुख्यालय से वार्ता कर द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हुई। द्विपक्षीय वार्ता में जश्रसं संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पवन शर्मा, अरविंद पाठक, राकेश तिवारी, शशि सिंह, चंद्रावती देवी सहित एफसीआईएल सिंदरी के अधिकारी शामिल थे।

पेज 1 का शेष

एकजुट होकर एनडीए को...

पीएम की खामोशी चौंकाने वाली और अभूतपूर्व है। **सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का विरोध :** हम संविधान और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों के संवैधानिक अधिकारों पर जारी हमले का मुकाबला करने के लिए दृढ़ हैं। हमारी राजनीति संघीय ढांचे को जानबूझकर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। गैर-भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों और उपराज्यपालों की भूमिका संवैधानिक मानदंडों से अधिक रही है। विपक्षी दलों के सामूहिक संकल्प पत्र में कहा गया है,भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एजेंसियों का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग हमारे लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। गैर-भाजपा शासित राज्यों की वैध जरूरतों, आवश्यकताओं और अधिकारों को केंद्र द्वारा सक्रिय रूप से अस्वीकार किया जा रहा है। हम आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों और रिकॉर्ड बेरोजगारी के गंभीर आर्थिक संकट का सामना करने के अपने संकल्प को मजबूत करते हैं। विमुद्रीकरण अपने साथ एमएसएमई और असंगठित क्षेत्रों में अनकही दुर्दशा लेकर आया, जिसके परिणामस्वरूप हमारे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर बेरोजगारी आई। हम पसंदीदा मित्रों को देश की संपत्ति की लापरवाही से बिक्री का विरोध करते हैं। हमें एक मजबूत और रणनीतिक सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ एक प्रतिस्पर्धी और फलते-फूलते निजी क्षेत्र के साथ एक निष्पक्ष अर्थव्यवस्था का निर्माण करना चाहिए, जिसमें उद्यम की भावना को बढ़ावा दिया जाए और विस्तार करने का हर अवसर दिया जाए। किसान और खेत मजदूर के कल्याण को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। **अगली बैठक मुंबई में :** बैठक में शामिल नये गठबंधन के नेताओं ने इसके संचालन के लिए एक समन्वय समिति बनाने और अगली बैठक मुम्बई में करने का फैसला लिया है। दो दिन चली बैठक के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, हमने 11 लोगों की एक समन्वय समिति बनाने का फैसला किया है। इसके लिए सह-संयोजक बनाये जायेंगे और अगली बैठक में होगी। इसका सचिवालय दिल ली में होगा। बैठक के बाद श्री खड़गे समेत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने वाले सभी नेताओं ने मोदी सरकार को जम कर कोसा। प्रेस कांफ्रेस को ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे राहुल गांधी ने भी संबोधित किया। प्रेस कांफ्रेस को सोंबोधित करने का मौका इसके अगुआ नीतीश कुमार के साथ-साथ लालू प्रसाद को भी नहीं मिल सका। नेताओं ने एनडीए को चुनौती दी कि अब इंडिया का विरोध करके दिखाओ।

समय की कसौटी पर...

मोदी ने कहा कि हम जब विपक्ष में थे तब भी हमने सकारात्मक राजनीति की, हमने कभी नकारात्मक राजनीति नहीं की। हमने विपक्ष में रहकर सरकारों का विरोध किया, उनके घोटालों को सामने लाये लेकिन जनादेश का अपमान नहीं किया और न ही विदेशी ताकतों की मदद मांगी। एनडीए के गठन के 25 साल पूरे हुए हैं, ये 25 वर्ष देश की प्रगति को गति देने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के रहे हैं। अशोका होटल में आयोजित एनडीए की बैठक में जेपी नड्डा, एकनाथ शिंदे, के पलानीस्वामी, नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो, झारखंड से आजसू प्रमुख सुदेश महतो, चिराग पासवान, समेत 38 दलों के नेता मौजूद थे।

चार करोड़ निवेशकों को...

इस मामले में कहीं गड़बड़ी नहीं होने दी जायेगी और पारदर्शी तरीके से लोगों का भुगतान होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निवेशकों के साथ पूरा न्याय होगा। **सबसे अधिक निवेशक झारखंड बिहार के :** पोर्टल के जरिये सहारा के निवेशक अपना पैसा क्लेम कर सकते हैं। पैसा रिफंड पाने के लिए सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशक आवेदन कर सकते हैं। इन सोसाइटी में करीब 10 करोड़ निवेशकों के पैसे फंसे हुए हैं। इसमें सबसे ज्यादा निवेशक बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के हैं। लंबे समय तक पैसा वापस नहीं मिलने पर निवेशकों के द्वारा केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील की गयी थी। सहारा समूह के चार को-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशकों को ही पैसा वापस मिलेगा। पोर्टल के माध्यम से केवल वो निवेशक पैसा वापसी के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में अपना निवेश किया है। सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में जमाकर्ता के वही पैसे वापस होंगे जो 22 मार्च 2022 से पहले जमा हुए थे। वहीं जबकि, स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड हैदराबाद के 29 मार्च 2023 से पहले के निवेशक आवेदन कर सकते हैं।

आपराधिक गिरोहों पर नकेल...

गैंग्स बन गये हैं बड़ी चुनौती : डीजीपी की ओर से बुधवार को बुलायी गयी इस अहम बैठक का मुख्य एजेंडा संगठित आपराधिक गिरोह है। डीजीपी ने पूर्व अपनी दो पूर्व बैठकों में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिया था कि वह हर हाल में संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल कसें। नकेल कसने के लिए एटीएस और सीआईडी को भी खुला छोड़ दिया गया था, लेकिन हुआ ठीक इसका उल्टा। झारखंड के आपराधिक गिरोह लगातार अलग-अलग शहरों में आतंक मचा रहे हैं। पतरातू इलाके में अपराधियों की ओर से डीएसपी और सब इंस्पेक्टर पर गोलीबारी की घटना को पुलिस मुक्यालय ने गंभीरता से लिया है। जिन जिलों में संगठित आपराधिक गिरोहों ने आतंक मचा रखा है उन जिलों के पुलिस कप्तानों की क्लास भी लगनी तय है।

जबतक खुद तैयार नहीं होते...

वहीं पूर्व विधायक देवकुमार धान ने राज्यपाल के सुझाव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज भी आदिवासी समाज असमान्य हालत में है। इसी वजह से अदिवासी समाज को अलग से आरक्षण मिलता है। अगर हमे सामान्य की नजर से जोड़ दिया जायेगा तो हमलोग पिछड़ जायेंगे। सबसे पहले समान रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक व्यवस्था में आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर ऐसा हो जाता है तो जरूर यूसीसी पर विचार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए भी यूसीसी पर आपत्ति है क्योंकि इसकी वजह से सीएनटी, एसपीटी, पेसा समेत सामाजिक तानाबाना प्रभावित हो जायेगा। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि राज्यपाल ने जो कहा है वह उनका व्यक्तिगत बयान है, उनकी भावना का सम्मान करते हैं। **क्या है समान नागरिक संहिता :** यह एक देश, एक कानून की विचारधारा पर आधारित है। इसके तहत सभी धर्म और समुदाय के लिए एक ही कानून होना चाहिए। हालाकि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहां संविधान के मुताबिक सभी धर्म और संप्रदाय मानने वालों को अपने धर्म के हिसाब से कानून बनाने का अधिकार है। इसी आधार पर हिन्दू मैरिज एक्ट 1956 है, लेकिन कहा जाता है कि मुस्लिमों के लिए बना मुस्लिम पर्सन लॉ बिल्कुल अलग है। इसलिए मुस्लिम धर्म को भी समान कानून के दायरे में लाने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने नौ जिलों के डीसी...

झारखंड में 99 प्रतिशत से अधिक काम पूरा : झारखंड के इन नौ जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक राइट ऑफ रिकॉर्ड जिसमें सेल डीड, खतियान और अन्य भूमि संबंधित दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है। जानकारी के अनुसार डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएल आरएमपी) के तहत देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 766 जिले में भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इनमें बेहतर तरीके से भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने वाले 75 जिले के उपायुक्त और अपर समाहर्ता को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति के हाथों झारखंड के इन 9 जिलों को सम्मान मिलने पर वहां के लोगों ने खुशी जतायी है। इसके साथ ही जिला प्रशासन को बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

सिंध प्रांत में मंदिरों की सुरक्षा को पुलिस अलर्ट

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में इस सप्ताह डकैतों के गिरोह द्वारा एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट से हमला करने के बाद अधिकारियों ने प्रांत के मंदिरों में उच्च सुरक्षा अलर्ट का आदेश दिया है और 400 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। हमलावरों ने रविवार को सिंध प्रांत के काशमोर इलाके में मंदिर और आसपास के हिंदुओं के घरों पर हमला किया। सिंध पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने पूरे प्रांत के मंदिरों की सुरक्षा के लिए हाई अलर्ट का आदेश दिया है।

भारतवंशी उद्यमी सूद बनीं टूबी की सीइओ

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल की उद्यमी अंजलि सूद टूबी की नई मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगी। वह इस पद पर कंपनी के संस्थापक एवं वर्तमान सीईओ फरहाद मसूदी की जगह लेंगी। टूबी फॉक्स कॉरपोरेशन की स्ट्रीमिंग टेलीविजन सेवा है, जिसपर उपलब्ध सामग्री को लोग नि:शुल्क देख सकते हैं, लेकिन इसपर विज्ञापन आते हैं।

अमेरिका ने भारत को 105 प्राचीन वस्तुएं सौंपी

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के कुछ दिन बाद दूसरी-तीसरी शताब्दी ईस्वी से लेकर 18वीं-19वीं शताब्दी ईस्वी तक की कुल 105 प्राचीन वस्तुओं को अमेरिकी अधिकारियों की ओर से भारत को वापस भेजा जा रहा है।अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू, महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल और मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अमेरिका द्वारा कुछ मूल्यवान भारतीय प्राचीन वस्तुएं सौंपी गईं।

पोंजी में कोलकाता के कारोबारी गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिनकॉन चिटफंड घोटाला मामले में कथित संलिप्तता के लिए शहर के एक व्यवसायी को मंगलवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी ने कौस्तव रॉय को सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसी के शहर कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी ने अपराह्न एक बजे रॉय को गिरफ्तार किया।

7 कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी 21 अगस्त को

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) गैरकानूनी तरीके से निवेशकों से जुटाई गई राशि की वसूली के लिए 21 अगस्त को सनहैवेन एग्रो इंडिया और रविकिरण रियल्टी इंडिया समेत सात कंपनियों की 15 संपत्तियों की नीलामी करेगा। सेबी ने मंगलवार को जारी एक सार्वजनिक नोटिस में यह जानकारी दी।

बडगाम में लश्कर के चार सहयोगी धराये

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले से सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा गुट के आतंकवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन चारों को जिले के बीरवाह क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों की पहचान गोंडीपोरा बीरवाह के मुश्ताक अहमद लोन, चेवदारा बीरवाह के अजहर अहमद मीर और अरवाह बीरवाह निवासी इरफान अहमद सोफी तथा अबरार अहमद मलिक के रूप में हुई है।

भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण से आयेगी पारदर्शिता

नौ राज्यों के सचिवों और 68 जिलाधिकारियों को राष्ट्रपति ने दिया भूमि सम्मान

भूमि सम्मान
BHOOMI SAMMAN

▸▸ कहा- एक ही पोर्टल से योग्य लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन से जुड़े विवादों में एक बड़ी आबादी के उलझे रहने और अदालतों में इन मामलों में अधिक समय लगने का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण तथा सूचना सम्पर्क स्थापित करने की पहल से देश एवं संस्थानों की ऊर्जा अब विकास कार्य में लगेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित भूमि सम्मान 2023 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आज भूमि सम्मान प्राप्त करने वाले सभी राज्यों और जिलों के अधिकारियों और उनके दल को मैं बधाई देती हूं। मैं आशा करती हूं कि इस सम्मान समारोह से, अन्य राजस्व अधिकारियों को और अधिक लगन के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी तथा राजस्व प्रशासन के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम लागू करने में उपलब्धियों के लिए नौ राज्यों के सचिवों और 68 जिलाधिकारियों को भूमि सम्मान प्रदान किये। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे गांव की अधिकांश आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों से जुड़ी हुई है, ऐसे में एक व्यापक एवं एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली देश के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण को अपनाने से पारदर्शिता बढ़ती है और संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि इससे अनैतिक एवं गैर कानूनी गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा तथा भूमि रिकार्ड का एक ही पोर्टल उपलब्ध होने से विभिन्न संगठनों और एजेंसियों को जानकारी साझा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भूमि रिकार्ड की विश्वसनीयता बढ़ने से लोग अधिक भरोसे के साथ क्रय-विक्रय की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। मुर्मू ने कहा कि भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मुर्मू ने कहा क डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम से जुड़े सभी लोग देश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस अभियान का शत-प्रतिशत वित्त पोषण बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है। इस कार्यक्रम के सभी आयामों में प्रभावशाली प्रगति हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूमि रिकार्ड से संबंधित जानकारी को निःशुल्क और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराने के बहुत से फायदे होंगे, उदाहरण के लिए भूमि के स्वामित्व और उपयोग से जुड़े विवादों का समाधान करने में सहायता मिलेगी।उन्होंने कहा कि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि जमीन से जुड़े विवादों में हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी उलझी रहती है तथा प्रशासन एवं न्यायपालिका का बहुत अधिक समय इन मामलों में लग जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था बहुत विस्तृत हुई है। विश्व के कुल डिजिटल लेनदेन का 46 प्रतिशत भारत में होता है। आज देश के सभी हिस्सों में लोग कारोबार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मनोरंजन के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर पा रहे हैं।

मानसून सत्र कल से सर्वदलीय बैठक आज

नयी दिल्ली। संसद के गुरुवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र से एक दिन पहले 19 जुलाई को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, संसद के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुधवार को अपराह्न 3 बजे संसदीय ग्रंथालय भवन में बुलाई गई है। संसद के सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा रही है, जिसमें विभिन्न दल अपने मुद्दों को रखते हैं। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री शामिल होते हैं। ऐसी कई बैठकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिस्सा लिया है। उधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को टाल दिया गया, क्योंकि कई दलों के नेता उपलब्ध नहीं थे।

लेबल कुछ लगाया है, माल कुछ और...

विपक्ष की बैठक पर मोदी ने कसा तंज बोले- कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन

▸▸ कहा- इनका सिर्फ एक ही एजेंडा है- परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार बढ़ाओ

▸▸ इनका उत्पाद है 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी

एजेंसी

पोर्ट ब्लेयर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए बेंगलुरू में हो रही उनकी बैठक को कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन करार दिया और दावा किया कि देश के लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर एक बार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को वापस लाने का मन बना चुके हैं।

वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये एकीकृत टर्मिनल का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि एकजुट हो रहे विपक्षी दलों के लिए देश के गरीबों के बच्चों का विकास नहीं, बल्कि अपने बच्चों व भाई-भतीजों का विकास मायने रखता है और अपना परिवार बचाओ, परिवार के लिए भ्रष्टाचार बढ़ाओ ही इनकी एकमात्र विचारधारा है बेंगलुरु की बैठक पर मोदी ने कहा कि आप देखिए, यह लोग कितने चेहरे लगा कर बैठे हैं। जब यह लोग कैमरे के सामने एक फ्रेम में आ जाते हैं तो पहला विचार देश के सामने यही आता है। पूरा फ्रेम देख करके देशवासी यही बोल उठता है। लाखों करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार। यह तो कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। लेबल कुछ और लगाया है, माल कुछ और है। इनका उत्पाद है 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले की गारंटी। उन्होंने कहा कि इनके लिए देश के गरीबों के बच्चों का विकास नहीं, बल्कि अपने बच्चों और भाई-भतीजों का विकास मायने रखता है। इनकी एक ही विचारधारा और एजेंडा है- अपना परिवार बचाओ, परिवार के लिए भ्रष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की इस बैठक पर तंज कसते हुए अवधी भाषा की एक कविता की कुछ पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि गाइत कुछ है, हाल कुछ है, लेबल कुछ है, माल कुछ है। 2024 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों पर ये बिल्कुल सटीक बैठता है। मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियों के नेता देश के लोकतंत्र और संविधान को अपना बंधक बनाना चाहते हैं।

यह लड़ाई एनडीए और इंडिया के बीच है : राहुल

कहा- यह बताने की जरूरत नहीं है, जीत किसकी होगी

बेंगलुरु। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन के नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि अब लड़ाई इंडिया और नरेन्द्र मोदी के बीच है और यह बताने की जरूरत नहीं है कि जीत किसकी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी कोई हिंदुस्तान के सामने खड़ा होता है, तो जीत किसकी होती है यह बताने की जरूरत नहीं है। विपक्ष के 26 दलों की बैठक के बाद राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जब हम चर्चा कर रहे थे, तो हमने खुद से ये सवाल पूछा कि लड़ाई किसके बीच है। यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को दबाया और कुचला जा रहा है। यह देश की आवाज के लिए लड़ाई है। इसीलिए यह इंडिया नाम चुना गया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई एनडीए और इंडिया के बीच है। नरेंद्र मोदी जी और इंडिया के बीच लड़ाई है, उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच है। जब कोई हिंदुस्तान के सामने खड़ा होता है, तो जीत किसकी होती है यह बताने की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि एक कार्य योजना तैयार करेंगे, जहां हम अपनी विचारधारा और देश के लिए जो करने जा रहे हैं, उसके बारे में बताया जाएगा।

गोवंश के वध प्रतिबंध पर विधायिका करे फैसला : कोर्ट

अपीलकर्ता संबंधित राज्य सरकारों के समक्ष दे सकते हैं अभ्यावेदन : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गोवंश का वध करने पर पाबंदी लगाने का निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया और कहा कि सक्षम विधायिका इस पर निर्णय ले। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अदालत उन्हें कोई विशेष कानून बनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। एक अर्जी का निपटारा करते हुए न्यायालय ने कहा कि जहां तक पशुओं की गंभीर रूप से विलुप्तप्राय स्वदेशी नस्लों को बचाने और उनकी संरक्षा के लिए की गई याचना का संबंध है, तो अपीलकर्ता संबंधित राज्य सरकारों के समक्ष अभ्यावेदन दे सकते हैं। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने अगस्त, 2018 के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। इस दौरान पीठ ने स्वदेशी नस्ल की गायों की रक्षा के संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अख्तियार किये गये साझा रुख पर विचार किया। एनजीटी ने उस आवेदन पर यह आदेश पारित किया था जिसमें कई दिशा-निर्देश मांगे गए थे। इसमें गंभीर रूप से लुप्तप्राय स्वदेशी प्रजातियों को बचाने, उन्हें संरक्षित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और यह भी सुनिश्चित करने की बात शामिल थी कि स्वदेशी नस्ल के दुधारू मवेशियों का वध ना किया जाए।शीर्ष अदालत ने पाया कि एनजीटी ने राष्ट्रीय पशुधन नीति-2013 का उल्लेख किया था और यह भी दर्ज किया था कि कुछ राज्यों के पास अपने स्वयं के पशुवध-विरोधी कानून हैं और उनमें से कोई भी देशी गायों की रक्षा के विचार का विरोध नहीं कर रहा है।

यौन उत्पीड़न में बृज भूषण सिंह को अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को दो दिन की अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह ने सिंह को 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी।

नये शिखर पर सेंसेक्स

शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी जारी, सेंसेक्स 66,795 पर पहुंचा निफ्टी 19749 अंक पर हुआ बंद

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 205 अंक से अधिक चढ़कर एक बार फिर नये शिखर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने और अमेरिका तथा यूरोपीय बाजारों के सकारात्मक रुख के साथ बाजार में तेजी रही। न्फोसिस में अच्छी लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स 205.21 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 66,795.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 417.09 अंक उछलकर 67,007.02 अंक तक चला गया था। यह पहला मौका है जब कारोबार के दौरान सेंसेक्स 67,000 अंक के पार गया है। निफ्टी भी 37.80 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 19,749.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 108 अंक की बढ़त के साथ नई ऊंचाई 19,819.45 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस सबसे ज्यादा 3.67 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 को आयेंगे भारत

नयी दिल्ली। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं जिसमें दोनों देश सम्पर्क बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में आपसी लाभ आधारित सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। वर्तमान दायित्व संभालने के बाद राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की यह पहली भारत यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करेंगे और आपसी हितों से जुड़े विविध विषयों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ चर्चा करेंगे।

जापान में निकाली गयी कांवर यात्रा

▸▸ बिहार के सुल्तानगंज से लाया गया गंगाजल

▸▸ टोक्यो के सीतामा स्थित शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

एजेंसी

टोक्यो। दुनिया के तमाम देशों में होली, दीवाली और छठ जैसे आयोजन होते रहते हैं, किन्तु इस बार कांवर यात्रा भी सात समंदर पार जापान तक पहुंच गयी है। जापान की राजधानी टोक्यो से कांवर यात्रा निकाली गयी है। टोक्यो से सीतामा तक कांवरियों का उल्लास छाया रहा। बिहार से लाए गए गंगाजल से सीतामा के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। जानकारी के मुताबिक कांवर यात्रा का उत्साह इस बार जापान तक पहुंच गया है। पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक करने के लिए जापान की राजधानी टोक्यो से कांवर यात्रा शुरू हुई। बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ जापान और बिहार फाउंडेशन की पहल पर भारी संख्या में कावंरिये कांवर यात्रा के साथ बम भोले का उद्घोष करते हुए निकले। जापान में भारत के राजदूत सीबी जॉर्ज ने कावंरियों को विदा किया। जापान में बिहार-झारखंड एसोसिएशन और बिहार फाउंडेशन के प्रमुख आनंद विजय सिंह ने बताया कि कांवर यात्रा के लिए बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लाया गया है। टोक्यो के फुनाबोरी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से कांवर यात्रा शुरू हुई। यात्री सीतामा के शिव मंदिर तक कांधे पर पवित्र गंगाजल की कांवर लेकर सीतामा स्थित शिव मंदिर तक पहुंचे। वहां गंगा जल से भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। रास्ते में जगह-जगह भारतवंशियों ने इन कांवर यात्रियों का स्वागत किया। कांवरिये भी शिव के जयघोष में डूब कर भक्ति के गीत गाते चल रहे थे।

'प्रोजेक्ट के' में दीपिका पादुकोण का नया लुक रिलीज

मुंबई। 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रोजेक्ट के इस समय स्टार कास्ट के लुक को लेकर सुर्खियों में है। पैन इंडिया का सितारे प्रभास और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसी बीच फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म से दीपिका का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पादुकोण ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक काम किया है। अब वह साउथ स्टार प्रभास के साथ काम करती नजर आएंगी। दीपिका एक ऐसी स्टार हैं जो लाखों फैंस के दिलों पर राज करती हैं। दीपिका पादुकोण और प्रभास की आने वाली फिल्म प्रोजेक्ट के का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रोजेक्ट के की टीम ने फिल्म से दीपिका का फर्स्ट लुक शेयर किया है। इससे पहले दीपिका के जन्मदिन के मौके पर भी एक पोस्ट शेयर किया गया था, लेकिन उस पोस्टर में एक्ट्रेस का चेहरा नजर नहीं आ रहा था। यह पोस्टर बेहद आकर्षक लग रहा है, पोस्टर में दीपिका का चेहरा नजर आ रहा है। पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया है कि बेहतर भविष्य की उम्मीद जगी है। फैंस को एक्ट्रेस का ये लुक काफी पसंद आ रहा है।

फिल्म चाची नंबर 1 का फर्स्ट लुक आउट

बॉलीवुड के मशहूर एक्टर कमल हासन की फिल्म चाची 420 और गोविंदा की आंटी नंबर 1 के बाद अब भोजपुरी में यश कुमार चाची नंबर 1 लेकर आ रहे हैं, जिसका फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है। फर्स्ट लुक से यह मालूम होता है कि यश कुमार ठीक उसी तरह फिल्म में नजर आने वाले हैं, जैसा इससे पहले बॉलीवुड में कमल हसन और गोविंदा नजर आ चुके हैं।संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ह्यचाची नंबर 1ह्न का फर्स्ट लुक बेहद आकर्षक है, जिसमें यश कुमार झाड़ू बाल्टी व अन्य बर्तनों के साथ सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। यह अपने आप में अनोखा प्रोजेक्ट होने वाला है जिसकी वजह से लोगों ने यश कुमार की तुलना फिल्म के फर्स्ट लुक को देखकर कमल हसन और गोविंदा से कर दी है। फिल्म चाची नंबर 1 का निर्माण यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा के बैनर से हुआ है, जिसका ट्रेलर बेहद जल्द ही रिलीज कर दिया जाएगा। यश कुमार ने बताया कि फिल्म की पटकथा बेहद अनोखी और मनोरंजक है, जो हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आने वाली है। इस फिल्म में मेरा लुक और किरदार बेहद चैलेंजिंग था, लेकिन एक कलाकार के नाते मैंने खूब मेहनत की और तब जाकर फिल्म बन सकी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !